

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

# समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 68 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 17 दिसम्बर 2025 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया

# प्रधानमंत्री मोदी अदीस अबाबा पहुंचे
## एयरपोर्ट पर इथियोपिया के प्रधानमंत्री ने किया स्वागत

**समाज जागरण**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को जॉर्डन की यात्रा पूरी करने के बाद इथियोपिया पहुंचे, जहां उन्होंने अपने तीन देशों के दौरे के दूसरे चरण की शुरूआत की। यह उनकी इथियोपिया की पहली राजकीय यात्रा है। विशेष सम्मान स्वरूप इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली ने स्वयं एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री मोदी का गर्मजोशी से स्वागत किया।



**प्रधानमंत्री अबी अहमद अली स्वयं प्रधानमंत्री मोदी को गाड़ी चलाकर होटल तक ले गए**

यह स्वागत कई मायनों में खास रहा। प्रधानमंत्री अबी अहमद अली स्वयं प्रधानमंत्री मोदी को गाड़ी चलाकर होटल तक ले गए। इस दौरान उन्होंने मार्ग में साइंस म्यूजियम और फ्रेंडशिप पार्क भी दिखाए। यह भ्रमण आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम (इटिनरेरी) का हिस्सा नहीं था, बल्कि प्रधानमंत्री अबी अहमद की व्यक्तिगत पहल पर कराया गया।

**इथियोपिया महान इतिहास और जीवंत संस्कृति वाला राष्ट्र**

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच ह्यएक्सह्न पर लिखा, ह्लकुछ समय पहले अदीस अबाबा पहुंचा। एयरपोर्ट पर प्रधानमंत्री अबी अहमद अली द्वारा किए गए आत्मीय स्वागत के लिए स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इथियोपिया महान इतिहास और जीवंत संस्कृति वाला राष्ट्र है। भारत और इथियोपिया के बीच गहरे सभ्यतागत संबंध रहे हैं। मैं इथियोपियाई नेतृत्व के साथ विभिन्न क्षेत्रों में हमारी साझेदारी को और मजबूत करने के लिए संवाद को लेकर उत्सुक हूं।"

**प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के बीच द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर होगी व्यापक चर्चा**

यह यात्रा प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के निमंत्रण पर हो रही है और भारत-इथियोपिया संबंधों के बढ़ते रणनीतिक महत्व को दशार्ती है। दौरे के दौरान प्रधानमंत्री मोदी और प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के बीच द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं पर व्यापक चर्चा होगी। इनमें राजनीतिक सहयोग, विकासात्मक साझेदारी, व्यापार, निवेश और लोगों से लोगों के बीच संपर्क शामिल हैं। ग्लोबल साउथ के साझेदार होने के नाते, दोनों नेताओं से आपसी हितों के लिए मित्रता को और मजबूत करने तथा सहयोग के विस्तार की साझा प्रतिबद्धता दोहराने की उम्मीद है।

**प्रधानमंत्री मोदी इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को करेंगे संबोधित**

मोदी इथियोपिया में भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात करेंगे और इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। उल्लेखनीय है कि यह वर्ष 2011 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की इथियोपिया की पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान में अदीस अबाबा को स्वागत होर्डिंग्स, पोस्टरों और भारतीय झंडों से सजाया गया है।

**प्रधानमंत्री मोदी इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने को लेकर उत्सुक**

सोमवार को जारी अपने प्रस्थान वक्तव्य में प्रधानमंत्री मोदी ने अदीस अबाबा के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह अफ्रीकी संघ का मुख्यालय है। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि भारत की G20 अध्यक्षता के दौरान वर्ष 2023 में अफ्रीकी संघ को G20 का स्थायी सदस्य बनाया गया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह प्रधानमंत्री अबी अहमद अली के साथ विस्तृत चर्चा, भारतीय समुदाय से मुलाकात और इथियोपियाई संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित करने को लेकर उत्सुक हैं।

**मोदी ग्लोबल साउथ के लिए भारत-इथियोपिया साझेदारी के महत्व पर अपने विचार साझा करने के लिए उत्साहित**

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, "मैं 'मदर ऑफ डेमोक्रेसी' के रूप में भारत की यात्रा और ग्लोबल साउथ के लिए भारत-इथियोपिया साझेदारी के महत्व पर अपने विचार साझा करने के लिए उत्सुक हूं।"

**यह यात्रा अफ्रीका के साथ भारत की साझेदारी को मजबूत करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती है**

प्रधानमंत्री अबी अहमद अली इससे पहले 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' के विभिन्न संस्करणों में प्रमुख भागीदारी निभा चुके हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार, यह यात्रा दक्षिण-दक्षिण सहयोग को गहरा करने और अफ्रीका के साथ भारत की साझेदारी को मजबूत करने की निरंतर प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

**प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन का दो दिवसीय दौरा किया पूरा**

इथियोपिया पहुंचने से पहले प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन का दो दिवसीय दौरा पूरा किया, जहां उन्होंने किंग अब्दुल्ला द्वितीय और क्राउन प्रिंस अल-हुसैन बिन अब्दुल्ला द्वितीय से मुलाकात की, इंडिया-जॉर्डन बिजनेस फोरम को संबोधित किया और जॉर्डन संग्रहालय का दौरा किया। अम्मान पहुंचने पर उनका स्वागत जॉर्डन के प्रधानमंत्री जाफर हसन ने किया था।

**जॉर्डन यात्रा "अत्यंत फलदायी"**

प्रधानमंत्री मोदी ने जॉर्डन यात्रा को "अत्यंत फलदायी" बताते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के लोगों के लिए प्रगति और समृद्धि के नए रास्ते खुलेंगे।

**इथियोपिया को अफ्रीका और ग्लोबल साउथ में भारत का एक महत्वपूर्ण और भरोसेमंद साझेदार माना जाता है**

इथियोपिया को अफ्रीका और ग्लोबल साउथ में भारत का एक महत्वपूर्ण और भरोसेमंद साझेदार माना जाता है। इस यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उम्मीद है।

## क्रिप्टोकरेंसी में करोड़ों की कमाई! इंस्टाग्राम-टेलीग्राम से बिकता था लोगों का डाटा
## बिहार में हाई-प्रोफाइल ठगी का खुलासा

पूर्णिया. बिहार के पूर्णिया जिले में साइबर क्राइम के एक बड़े



और हाई-प्रोफाइल रैकेट का पुलिस ने खुलासा किया है. साइबर ठगी के जरिए महज एक साल में करीब 2 लाख अमेरिकी डॉलर (लगभग 1.60 करोड़ रुपये) की कमाई करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है. यह पूरा लेनदेन क्रिप्टोकरेंसी के जरिए किया जा रहा था.

पूर्णिया के अपर पुलिस अधीक्षक आलोक कुमार ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बिहार पुलिस मुख्यालय को सर्ट इन द्वारा के माध्यम से सूचना मिली थी कि मुफस्सिल थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव में बड़े पैमाने पर साइबर अपराध का संचालन किया जा रहा है. इसके बाद बिहार एसटीएफ, ईओयू और पूर्णिया साइबर थाना की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर राकेश मंडल, उसके भाई हरिश्चंद्र मंडल और पिता दीपक मंडल को हिरासत में लिया.

## दूध, पनीर और खोया में मिलावट रोकने के लिए एफएसएसएआई का देशव्यापी अभियान

**समाज जागरण**

खाद्य सुरक्षा और उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य को लेकर बढ़ती चिंताओं के मद्देनजर भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को दूध और दुग्ध उत्पादों- जिसमें पनीर और खोया भी शामिल हैं- में मिलावट और गलत लेबलिंग के खिलाफ एक विशेष देशव्यापी अभियान शुरू करने के निर्देश दिए हैं। एफएसएसएआई सूत्रों के अनुसार, यह निर्देश खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 की धारा 16(5) के तहत जारी किया गया है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य के हित में त्वरित कार्रवाई का अधिकार देता है।

*मिलावटी या एनालॉग उत्पादों को असली दुग्ध उत्पाद के रूप में प्रस्तुत करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम और उससे जुड़े नियमों का स्पष्ट उल्लंघन*

एफएसएसएआई अधिकारियों ने बताया कि हाल के दिनों में देश के विभिन्न हिस्सों से दुग्ध उत्पादों में मिलावट और गलत ब्रांडिंग के कई मामले सामने आए हैं। नियामक के अनुसार, ऐसे उत्पाद अक्सर अवैध और बिना लाइसेंस वाली इकाइयों द्वारा तैयार किए जाते हैं, जो उपभोक्ताओं के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। एफएसएसएआई ने स्पष्ट किया है कि मिलावटी या एनालॉग उत्पादों को असली दुग्ध उत्पाद के रूप में प्रस्तुत करना खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम और उससे जुड़े नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

## सीबीआई-एफबीआई की संयुक्त कार्रवाई, अंतरराष्ट्रीय साइबर क्राइम नेटवर्क का भंडाफोड़

केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिका की फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) के साथ मिलकर एक बड़े ट्रांसनेशनल साइबर क्राइम नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है।




**नोएडा में संचालित एक अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क का पदार्फाश**

सीबीआई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर जानकारी दी कि जांच एजेंसी ने नोएडा में संचालित एक अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराध नेटवर्क का पदार्फाश किया है। इस नेटवर्क से जुड़े धोखेबाजों ने अमेरिकी नागरिकों से 8.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की ठगी की थी। मामले में सीबीआई ने 6 मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 1.88 करोड़ रुपए नकद तथा 34 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए हैं।

**भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने इसे यूएस-इंडिया साझेदारी का एक शानदार उदाहरण बताया**

भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने भी सीबीआई की इस पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए इसे यूएस-इंडिया साझेदारी का एक शानदार उदाहरण बताया। दूतावास ने कहा कि एफबीआई के साथ मिलकर भारत की सीबीआई ने एक ऐसे ट्रांसनेशनल साइबर क्राइम नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है, जिसने टेक-सपोर्ट स्कैम के जरिए अमेरिकी नागरिकों से 8.5 मिलियन डॉलर की धोखाधड़ी की थी। इस कार्रवाई में नेटवर्क से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी और अवैध कमाई की बड़ी बरामदगी हुई है। मजबूत कानून प्रवर्तन सहयोग के कारण दोनों देश अपने नागरिकों को सुरक्षित रखने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।

शेष पृष्ठ 3 पर

## आईपीएल नीलामी में खूब बरसा पैसा !

**समाज जागरण**

साल 2026 में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लिए खिलाड़ियों की नीलामी आज 16 दिसंबर को पूरी हो गई. आज के ऑक्शन में कोलकाता नाइड राइडर्स यानी केकेआर ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी कैमरन ग्रीन को सबसे महंगी बोली लगाकर खरीदा और उन्हें 25.20 करोड़ रुपये का ऑफर दिया. ग्रीन अब सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी बन चुके हैं. पिछले साल लखनऊ सुपर जायंट ने ऋषभ पंत को 27 करोड़ में खरीदकर इतिहास ही रच दिया था. इतनी मोटी कीमत पर बिकने वाले खिलाड़ियों को असल में कितना पैसा मिलता है और उन्हें कितने रुपये का टैक्स चुकाना पड़ता है.



आईपीएल खिलाड़ियों पर नीलामी में मिलने वाली मोटी रकम पूरी की पूरी उनके खाते में नहीं जाती, बल्कि आपकी सैलरी की तरह ही टैक्स काटकर मिलती है. इसके अलावा उनकी कमाई पर स्लैब के हिसाब से इनकम टैक्स भी चुकाना पड़ता है. इस तरह, आईपीएल खिलाड़ियों की वास्तविक कमाई उन्हें मिलने वाली रकम से कहीं कम हो जाती है. एक बात और जाननी चाहिए कि इनकम टैक्स का नियम देसी और विदेशी खिलाड़ियों पर अलग-अलग लागू होता है.

## कंगाल पाकिस्तान पर पानी की दोहरी मार, भारत के बाद अब 'धोएगा' तालिबान

इस्लामाबादः कंगाल पाकिस्तान अब दोहरी मार झेलने वाला है. भारत ने पहले ही शहबाज के देश का नलका बंद कर दिया था और अब तालिबान भी पाकिस्तान को तगड़ा झटका देने वाला है. पहलगाम आतंकी हमले के बाद पीएम मोदी ने ऐलान किया था कि खून और पानी दोनों एक साथ नहीं बह सकते और ये कहते हुए पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि निलंबित कर दी गई थी. इस वार के दर्द से पाकिस्तान पहले ही उछला-उछला फिर रहा है, इस बीच अफगानिस्तान ने भी शहबाज के देश में पानी संकट की मार को दोगुना करने का ऐलान कर दिया है.



तालिबान ने फैसला कर लिया है कि अब कुनार नदी पर बांध बनाया जाएगा. भारत ने पाकिस्तान के साथ IWT (Indus Water Treaty) पहले ही निलंबित कर दी थी. वहीं अब अफगानिस्तान ने शहबाज की नींद उड़ा दी है. कुनार नदी पर बांध बनने के बाद पाकिस्तान में पानी का संकट बढ़ जाएगा क्योंकि ये नदी पाकिस्तान की वॉटर सप्लाई का एक महत्वपूर्ण सोर्स है. तालिबान शासन ने कुनार के पानी को मोड़ने की योजना को मंजूरी दी है.

इस परियोजना के तहत नदी के पानी को गंबीरी रेगिस्तान से नंगारहार प्रांत में दुरंती बांध तक पहुंचाया जाएगा. सूत्रों के अनुसार, जल के इस रणनीतिक मोड़ से चित्राल और निचले इलाकों में सिंचाई, पेयजल और पनबिजली के लिए पानी की भयंकर कमी हो जाएगी.

## यूपी सरकार की रोडमैप 'रफ्तार': शहरों में विश्वस्तरीय कनेक्टिविटी, हर मंजिल तक पहुंच होगी आसान

**समाज जागरण**

उत्तर प्रदेश को 'उत्तम प्रदेश' बनाने के लिए प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार विजन-2047 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में प्रदेश की परिवहन अवसंरचना को सशक्त और आधुनिक बनाने पर लगातार काम कर रही है।

सरकार का मुख्य फोकस क्षेत्रीय आवागमन कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ-साथ अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर है

'विकसित उत्तर प्रदेश' की परिकल्पना के तहत सरकार का मुख्य फोकस क्षेत्रीय आवागमन कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ-साथ अंतिम मील कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने पर है, ताकि प्रदेश के शहरों, कस्बों और औद्योगिक क्षेत्रों को तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप परिवहन सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

**हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विकास पर विशेष ध्यान**

प्रदेश सरकार हाई-स्पीड परिवहन नेटवर्क के जरिए शहरी क्षेत्रों के बीच आवागमन को तेज और सुगम बनाने का व्यापक खाका तैयार कर रही है। इसके तहत प्रमुख शहरों और आर्थिक केंद्रों को जोड़ने के लिए हाई-स्पीड रेल नेटवर्क के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। भविष्य की जरूरतों को देखते हुए प्रदेश में एक हजार किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में इस नेटवर्क को व्यवस्थित रूप से विकसित करने की कार्ययोजना तैयार की जा रही है। इसके साकार होने से न केवल यात्रा का समय घटेगा, बल्कि लोगों की आवाजाही आसान होने के साथ आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी।

**रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ करने पर भी काम**

प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों के विस्तार और व्यापक कायाकल्प को ध्यान में रखते हुए रीजनल ट्रांसपोर्ट सिस्टम को सुदृढ़ करने पर भी काम किया जा रहा है। योजना के अनुसार, प्रदेश में लगभग 1,500 किलोमीटर क्षेत्र में विस्तारित रीजनल परिवहन नेटवर्क के विकास की कार्ययोजना पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही विभिन्न ऑर्बिटल कॉरिडोर के निर्माण को लेकर भी योजनाएं बनाई जा रही हैं, जिससे शहरों के बीच कनेक्टिविटी बढ़ेगी और नगरीय क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा। ये कॉरिडोर औद्योगिक क्षेत्रों, लॉजिस्टिक्स हब और शहरी केंद्रों को बेहतर ढंग से जोड़कर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेंगे।

**प्रदेश के प्रमुख शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के संचालन और विस्तार पर भी फोकस**

इसी क्रम में इंटरसिटी हाइपरलूप, प्रदेश के प्रमुख शहरों में मेट्रो रेल परियोजनाओं के संचालन और विस्तार तथा वॉटर मेट्रो नेटवर्क के विकास पर भी फोकस किया जा रहा है।

**सशक्त परिवहन अवसंरचना आर्थिक विकास की रीढ़**

बेहतर रीजनल कनेक्टिविटी से प्रदेश में व्यापार और उद्योग को नई दिशा मिलने की उम्मीद है। विभिन्न कॉरिडोर और परिवहन नेटवर्क के विकास से उद्योगों को कच्चे माल, बाजार और श्रमशक्ति तक आसान पहुंच मिलेगी। इससे न केवल निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

योगी आदित्यनाथ सरकार का मानना है कि सशक्त परिवहन अवसंरचना आर्थिक विकास की रीढ़ होती है, इसलिए इन योजनाओं को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाने के लिए व्यापक कार्ययोजना पर काम किया जा रहा है।

# आखिर महात्मा गांधी से कर ही लिया राम- राम




हमारी सरकार ने मनरेगा को ही नहीं बल्कि महात्मा गांधी और उसके फौरन बाद पूज्य बापू को आखिर राम - राम कर ही ली. मैने उसी दिन कहा था कि सरकार को मनरेगा से ज्यादा महात्मा और गांधी शब्द से ऐतराज है. मेरी आशंका सौ फीसदी साबित हुई. आप इस दुस्साहस के लिए हमारी सरकार और सरकार को महात्मा गांधी का सफाया करने का हौसला देने वाले स्वयं सेवी संगठन को चाहें तो बधाई दे सकते हैं.

आपको याद होगा कि मनरेगा दुनिया में ग्रामीण क्षेत्र के लिए बनाई गई सबसे बडी योजना थी और इसके पीछे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की सोच थी. ये योजना 2005 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने लागू की थी.मनरेगा में मजदूरी राज्य के हिसाब से अलग-अलग तय होती है। मौजूदा सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (MGNREGA) को खत्म कर नया ग्रामीण रोजगार कानून बनाने का मन बना लिया है। इसे मौजूदा शीतकालीन सत्र में चर्चा के लिए सूचीबद्ध भी किया गया है।और भाजपा सांसदै को इसीलिए व्हिप भी जारी किया गया है.नये कानून का मसौदा सोमवार को लोकसभा सांसदों के बीच वितरित किया गया। मनरेगा के स्थान पर आने वाली योजना का नाम 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (VB-G RAM G) बिल, 2025' रखा गया है।

मौजूदा सरकार को ग्रामीण रोजगार योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाने का साहस जुटाने में पूरे 11 साल लगे. पहले सरकार ने महात्मा गांधी को पूज्य बापू बनाया और जब देखा कि कहीं से कोई विरोध का कोई पहाड नहीं टूटा तो तीन दिन बाद ही पूज्य बापू से भी हमेशा के लिए नमस्ते करते हुए जी राम जी ले आए.

सवाल योजना को नया रूप देने का नहीं है. सवाल महात्मा गांधी इलियास पूज्य बापू के मान मर्दन का है. मनरेगा के स्थान पर ग्रामीण जनता को रोजगार देने से पहले जी राम जी कहलवाने की सोच ही उस सोच का विस्तार है जिसने 1948 में महात्मा गांधी की नृशंस हत्या की थी.यानि पहले महात्मा गांधी की हत्या की गई और अब उनके नाम की हत्या की जा रही है. अब ये मामला प्रशासनिक नहीं बल्कि विषाक्त राजनीतिक विचारधारा का बन गया है.

मनरेगा के जी राम जी हो जाने से हमें कोई फर्क नहीं पडने वाला क्योंकि इस योजना से शहर में रहने वाले लोगों को रोजगार की गारंटी नही मिलती, लेकिन उन असंख्य भारतीय ग्रामीणों पर इसका असर जरूर पडेगा. सरकार इस योजना का नाम बदलकर जहाँ गांधी से पिंड छुडा रही है वहीं लोगों से जबरन जी राम जी कहलवाना चाहती है. अब यदि सरकार अपने मकसद में कामयाब हो रही है तो ये गांधीवादियों के लिए डूब मरने की बात है.

मैं भविष्य वक्ता नहीं हूँ किंतु भविष्यवाणी कर सकता हूँ कि यदि मनरेगा से महात्मा गांधी आसानी से विलग कर लिए जाते हैं तो 2029 तक भारतीय मुद्रा से भी महात्मा गांधी की विदाई हो जाएगी और गांधी का स्थान श्रीराम जी ले लेंगे. गांधी कुछ संगठनों और राझनीतिक दलों की आंख की किरकिरी आज से नहीं बल्कि भारत के आजाद होने के पहले से हैं. इसीलिए आजादी मिलने के फौरन बाद गांधी की हत्या कर दी गई. हत्यारों के समर्थक गांधी की हत्या को वध कहकर महिमा मंडित तक करते हैं.

ग्रामीण रोजगार के लिए बनाए गये महात्मा गांधी विहीन विधेयक में कहा गया है कि इसका उद्देश्य 'विकसित भारत 2047' के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप ग्रामीण विकास का नया ढांचा तैयार करना है। काम के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी जाएगी। सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए लिए गये इस गांधी विरोधी विधेयक में लिखे हुए उद्देश्य के मुताबिक, पिछले 20 वर्षों में मनरेगा ने ग्रामीण परिवारों को रोजगार दिया, लेकिन गांवों में हुए सामाजिक-आर्थिक बदलावों को देखते हुए इसे और मजबूत करना जरूरी है।

नए कानून के तहत हर ग्रामीण परिवार को, जो बिना कौशल वाला काम करने को तैयार हो, हर साल 125 दिन का वेतनयुक्त रोजगार मिलेगा। इसका मकसद विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप गांवों का समग्र विकास करना है

नये विधेयक के कानून बनते ही मनरेगा पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा। नया विधेयक साफ तौर पर 2005 के मनरेगा कानून को रद्द करने की बात करता है। यानी नया कानून लागू होने के बाद सिर्फ विबी जी रामजी (VB-G RAM G) ही लागू रहेगा। नया कानून संसद से पास होने और राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद लागू होगा। इसके लिए राष्ट्रपति महोदया अपनी कलम खोलकर बैठीं हैं क्योंकि उन्हे भी महात्मा गांधी का नाम हटाने से कोई आपत्ति नहीं है.

विधेयक के मुताबिक, कानून लागू होने के 6 महीने के भीतर राज्यों को अपनी नई योजना बनानी होगी। राज्यों को नए सिस्टम के तहत नया पंजीकरण/पहचान व्यवस्था लागू करनी होगी, जो डिजिटल और बायोमेट्रिक आधारित होगी.विधेयक में मजदूरी की तय राशि का साफ उल्लेख नहीं है। इसका मतलब है कि मजदूरी दरें केंद्र और राज्य सरकारें अलग-अलग तय करेंगी, जैसे अभी मनरेगा में होता है। फिलहाल यह नहीं कहा जा सकता कि मजदूरी बढ़ेगी या नहीं।

विधेयक में 100 के स्थान पर 125 दिन का रोजगार गारंटी के रूप में देने की बात कही गई है लेकिन कुछ शर्तों के साथ। जैसे परिवार ग्रामीण क्षेत्र का होना चाहिए, वयस्क सदस्य बिना कौशल वाला श्रम करने को तैयार हों और काम सरकार द्वारा तय सार्वजनिक कार्यों में ही मिलेगा। यानी यह अपने-आप नहीं, बल्कि काम मांगने पर मिलेगा। नया कानून जी रामजी इस स्थिति को ध्यान में रखकर लाया गया है। राज्य सरकारों को अधिकार होगा कि वे बोवाई और कटाई के समय कुछ अवधि के लिए इन कामों को अस्थायी रूप से रोक सकें, ताकि खेतों में मजदूरों की कमी न हो, किसान और मजदूर दोनों को नुकसान न पहुंचे। इसका मतलब है कि उस समय मजदूर खेती में काम कर सकेंगे, और सरकारी काम बाद में दिए जाएंगे।

महात्मा गांधी ही नहीं दूसरे नेहरू और गांधियों के नाम से घृणा के चलते पिछले 11 साल में करीब 32 योजनाओं के नाम बदले जा चुके हैं. सरकार को गांधी नेहर से ही नही अल्लाह से औरंगजेब से, हबीब से कासिम से भी नफरत है इसलिए जिन शहरों, सरायों, टेशनों के नाम इन विजातीयों के नाम पर थे उन्हे भी बदल दिया गया. काम करने के बजाय नाम बदलना ज्यादा आसान होता है.

@राकेश अचल

# वीआईपी दर्शन पर सुप्रिम आदेश, निर्णय केंद्र करे

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मंदिरों में 'वीआईपी दर्शन' सुविधा को चुनौती देने वाली याचिका भले ही खारिज कर दी, किंतु इस याचिका पर कोर्ट द्वारा कही गई बातों की गूंज दूर तक जाएगी। यह गूंज केंद्र सरकार को विवश करेगी कि वह मंदिरों में हाने वाले वीवीआईपी दर्शन पर रोक लगाने वाला निर्णय लें । कार्ट की ये गूंज आने वाले समय में मंदिरों के वीवीआईपी दर्शन कर रोक लगाने का रास्ता प्रशस्त करेगी।

मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है। यह याचिका मंदिरों की तरफ से वसूले जाने वाले वीआईपी दर्शन शुल्क को समाप्त करने की मांग कर रही थी। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, 'हालांकि हमारी राय है कि मंदिरों में प्रवेश के संबंध में कोई विशेष व्यवहार नहीं किया जाना चाहिए, लेकिन हमें नहीं लगता कि यह अनुच्छेद 32 के तहत अधिकार क्षेत्र का प्रयोग करने का उपयुक्त मामला है।' यह आदेश में दर्ज किया गया लेकिन मामला सरकार के विचार के लिए छोड़ दिया गया।मुख्य न्यायधीश खन्ना ने कहा कि यह मामला कानून-व्यवस्था का प्रतीत होता है और याचिका इस पहलू पर होनी चाहिए थी। बेंच ने कहा, 'हम स्पष्ट करते हैं कि याचिका खारिज होने से संबंधित अधिकारियों को जरूरत के हिसाब से कार्रवाई करने से नहीं रोका जाएगा।

याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, 'आज 12 ज्योतिर्लिंग और शक्तिपीठ इस प्रैक्टिस को फॉलो करते हैं। ये मनमाना और भेदभाव वाला है। यहां तक कि गृह मंत्रालय ने भी आंध्र प्रदेश से इसकी समीक्षा करने को कहा है। चूंकि, भारत में 60 प्रतिशत पर्यटन धार्मिक है, इसलिए ये भगदड़ की प्रमुख वजह भी है।' सुप्रीम कोर्ट में ये याचिका विजय किशोर गोस्वामी ने डाली थी। उन्होंने मंदिरों में अतिरिक्त शुल्क लेकर 'वीआईपी दर्शन' के चलन को आर्टिकल 14 के तहत समानता के अधिकार और आर्टिकल 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का उल्लंघन बताया। उन्होंने दलील दी कि जो लोग इस तरह का शुल्क अदा करने में असमर्थ हैं, ये उनके खिलाफ भेदभाव है। याचिका में जोर देकर कहा गया था कि कई मंदिर 400 से 500 रुपये में लोगों के लिए विशेष दर्शन की व्यवस्था करते हैं। इससे आम श्रद्धालु और खासकर महिलाएं, स्पेशली एबल्ड लोग और सीनियर सिटिजंस को दर्शन में चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह मामला देश भर के मंदिरों में आम लोगों और वीआईपी के बीच भेदभाव के मुद्दे को उठाता है। वीआईपी दर्शन की सुविधा से आम लोगों को लंबी कतारों में इंतजार करना पड़ता है, जबकि वीआईपी आसानी से दर्शन कर लेते हैं।

ये एकजगह नही है,श्रद्धालू को इस समस्या से सभी जगह रूबरू होना पड़ता है। जगह झजगह मंदिरों में इस समस्या का सामना करना पड़ा है। लगभग 40 साल पहले हम कोलकत्ता गए। कालिका जी मंदिर में हम श्रद्धालुओं की लाइन में लगे थे कि हमारे एक साथी ने देखा और हमें इशारा कर अपने पास बुला लिया। यहां पुजारी पांच रूपया प्रति व्यक्ति लेकर सीधे दर्शन करा रहे थे। अभी वेट द्वारिका जाना हुआ। हम परिवार के छह सदस्य थे। एक पंडित जी ने हमसे पांच सौ रुपए लिए।अलग लाइन से हमें आराम से दर्शन कराए। भीड़ भाड़ भी बची।वैसे दर्शन में दो से तीन घंटे लगते पांच सौ रुपए में आधा घंटा में दर्शन कर मंदिर से बाहर आ गए। करीब दस साल पहले हम गुजरात में अम्बा जी गए थे। दर्शन की लाइन में लगे थे कि कर्मचारियों ने यह कह कर हमके रोक दिया कि दर्शन का समय समाप्त हो गया, जबकि कुछ अन्य को लगातार प्रदेश दिया जा रहा। किसी तरह हम अन्यों वाली पंक्ति में शामिल हुए। तब दर्शन हुए। दर्शन भी बड़े आराम से हुए। काफी समय हम मंदिर में रूके , जबकि ऐसा पहले संभव नही था। इस तरह का भेदभाव हमें कई जगह देखने को मिला। उज्जैन में तो आप पंडित को पांच सौ के आसपास रुपए दीजिए।वह मंदिर के गर्भ गृह में ले जाकर पूजन अर्चन कराते हैं। जो ये रकम नही देते वे गर्भगृह के बाहर ही दूर से दर्शन कर तृप्त हो जाते हैं।ओंकारेश्वर में तो पंडित जी पूजा भी आराम से और श्रद्धालुओं की पंक्ति से अलग लेकर कराते हैं। मथुरा जी के बांके बिहारी मंदिर में सुपरिम आदेश से यह व्यवस्था रूकी है, अन्यथा लगभग सभी मंदिरों की हालत ऐसी ही है।

सुपरिम कोर्ट ने याचिका तो खारिज कर दी, किंतु इस वीआईपी दर्शन पर रोक वाली गेंद केंद्र सरकार के पाले में यह कह कर डाल दी । बेंच ने कहाकि बेंच इस मुद्दे से सहमत है, लेकिन अनुच्छेद 32 के तहत निर्देश जारी नहीं कर सकती। मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि यह एक नीतिगत मामला है। इस पर केंद्र सरकार को विचार करना होगा। बेंच ने यह भी कहा कि वीआईपी के लिए ऐसा विशेष व्यवहार मनमाना है।

सुपरिम कोर्ट का यह निर्देश अब केंद्र सरकार को विवश करेगा कि मंदिरों में आम आदमी के साथ हो रहे भेदभाव को रोके और बांके बिहारी मंदिर की तरह पैसा लेकर कराए जा रहे वीआईपी दर्शन की व्यवस्था खत्म करे। व्यवस्था अयोध्या जी के श्रीराम मंदिर जैसी हो, जहां श्रद्धालू बिना भेदभाव आराम से 2530 मिनट में दर्शन कर बाहर आ सके।



अशोक मधुप
(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# मनरेगा था कांग्रेस की कामयाबी का ब्रांड, इसलिये बदल दिया गया नाम

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम को संक्षेप में मनरेगा कहा जाता है। इसे पिछली कांग्रेस सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में गिना जाता रहा है। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगार परिवारों को हर साल कम से कम सौ दिन का गारंटी वाला रोजगार देने वाली यह योजना लाखों लोगों की जिंदगी में बदलाव लाई। चुनावी मंचों पर कांग्रेस के नेता इसकी सफलता का बखान करते हुए वोट हासिल करते रहे। लेकिन 2014 में नई सरकार के सत्ता में आने के बाद हालात बदल गए। कई पुरानी योजनाओं को समाप्त कर दिया गया या उनकी शक्ल बदल दी गई, पर मनरेगा को छुआ तक नहीं गया। यह योजना आज भी जारी है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा बनी हुई है।

मनरेगा की शुरूआत 2005 में हुई थी। इसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी कम करना और रोजगार के अवसर पैदा करना था। योजना के तहत हर वयस्क को साल में सौ दिन का काम मिलना सुनिश्चित होता है। मजदूरी समय पर भुगतान की गारंटी दी जाती है। इससे न सिर्फ आय बढ़ी, बल्कि गांवों में सड़कें, तालाब, चेकडैम जैसी सुविधाएं भी बनीं। आंकड़े बताते हैं कि योजना शुरू होने के बाद करोड़ों परिवारों को लाभ मिला। खासकर सूखा प्रभावित इलाकों और पिछड़े राज्यों में इसका असर दिखा। कांग्रेस इसे अपनी विरासत मानती रही और विपक्ष में बैठकर भी इसका श्रेय लेने से नहीं चूकी।

लेकिन नई सरकार ने इसे जारी रखा। इसका कारण साफ था। ग्रामीण मतदाता इस योजना पर निर्भर हो चुके थे। इसे अचानक बंद करना राजनीतिक जोखिम भरा कदम होता। इसके बजाय सरकार ने इसमें बदलाव किए। बजट बढ़ाया गया, तकनीकी सुधार लाए गए। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा दिया ताकि पारदर्शिता आए। फिर भी कांग्रेस इसे अपनी सफलता बताती रही। वह कहती है कि मनरेगा के बिना ग्रामीण भारत की हालत खराब हो जाती। यह बहस जारी रही। सरकार ने मौन रहना बेहतर समझा।अब हाल ही में बड़ा बदलाव आया। सरकार ने मनरेगा का नाम बदल दिया। नया नाम विकसित भारत के लिए रोजगार और जीविका मिशन रखा गया। इसे संक्षेप में बीवीजीआरजेएलएम कहा जा रहा है। यह नाम बदलाव महज शब्दों का खेल नहीं लगता। इसके पीछे गहरी रणनीति नजर आती है। पुराना नाम महात्मा गांधी से जुड़ा था, जो कांग्रेस की छवि से मिलता था। नया नाम देश के विकास के लक्ष्य से जोड़ता है। इससे योजना को नई सरकार की पहल के रूप में पेश किया जा सकता है। कांग्रेस को यह कदम नागवार गुजरा। उन्होंने विरोध जताया और नाम बदलाव को राजनीतिक चाल बताया।

इस बदलाव का राजनीतिक महत्व बहुत बड़ा है। मनरेगा ग्रामीण वोट बैंक का आधार बनी हुई है। उत्तर प्रदेश, बिहार जैसे राज्यों में लाखों परिवार इससे जुड़े हैं। चुनाव नजदीक आते ही यह मुद्दा गरमाता जाता है। कांग्रेस इसे अपनी उपलब्धि बताकर सत्ता पर सवार होने की कोशिश करती है। नई सरकार इसे अपनाकर ग्रामीण असंतोष से बच रही है। नाम बदलाव से पुरानी सरकार का ठप्पा हट जाता है। योजना अब विकास के नए दौर से जुड़ जाती है। लेकिन क्या नाम बदलने से हकीकत बदल जाएगी? आलोचक कहते हैं कि यह महज ब्रांडिंग है। योजना की कमियां वही रहेंगी। भ्रष्टाचार, देरी से भुगतान, काम की गुणवत्ता जैसे सवाल बरकरार हैं।देखें तो मनरेगा की सफलता आधी-अधूरी रही। एक ओर जहां रोजगार मिला, वहीं दूसरी ओर फंड की कमी बनी रही। कई राज्यों में काम के आवेदन लंबित पड़े रहते हैं। कोविड महामारी के दौरान योजना की मांग बढ़ी। लाखों प्रवासी मजदूरों ने गांव लौटकर इसमें शरण ली। सरकार ने तब बजट बढ़ाया। लेकिन सामान्य दिनों में चुनौतियां लौट आईं। नया नाम बदलाव इन्हीं चुनौतियों से निपटने का प्रयास हो सकता है। मिशन के रूप में इसे मजबूत बनाया जा सकता है। ग्रामीणों को कौशल प्रशिक्षण देकर स्थायी रोजगार की ओर ले जाया जा सकता है।

कांग्रेस का विरोध स्वाभाविक है। वे इसे अपनी विरासत पर हमला मानते हैं। विपक्षी नेता सभाओं में पुराने नाम का जाप करते हैं। सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। समर्थक कहते हैं कि नाम बदलाव विकास का प्रतीक है। विरोधी इसे सियासी चाल बताते हैं। हकीकत में यह दोनों का खेल है। योजना को जीवित रखना दोनों पक्षों के हित में है। ग्रामीण मतदाता इसका फायदा उठाते रहेंगे। आने वाले चुनावों में यह मुद्दा फिर उभरेगा। कौन इसका श्रेय लेगा, यह समय बताएगा।बहरहाल, मनरेगा या इसका नया रूप ग्रामीण भारत की रीढ़ है। नाम कुछ भी हो, इसका असर जमीनी स्तर पर दिखना चाहिए। अगर मिशन के तहत सुधार होते हैं, तो यह वाकई विकसित भारत का आधार बनेगा। अन्यथा बहस जारी रहेगी। सरकार को पारदर्शिता बढ़ानी होगी। ग्रामीणों को समय पर काम और मजदूरी मिले। तभी योजना की सार्थकता सिद्ध होगी। राजनीतिक दलों को इसे सियासत से ऊपर उठाना चाहिए। ग्रामीण कल्याण ही असली लक्ष्य होना चाहिए।



संजय सक्सेना,लखनऊ

## व्योम में भटकता मानव।

अब एकांत भी परछाईं के साथ
कदम से कदम
मिलाकर नहीं चलता,परछाई थमी
किसी कोने में दुबकी, शांत,
किसी ने आवाज से पहले
मौन रख दिया हो।

कोई छाया प्रतिछाया नहीं,
मंदिर की घंटियों की ध्वनि
शमशान में सूखी लकड़ियों के
चटखने से जा मिलती ,
और दोनों के बीचएक ही अर्थ
धीरे-धीरे खुलता वैराग्य।

अग्नि में गलता शव
प्रार्थना में झुका मस्तक
एक-दूसरे को पहचान लेते ,
जैसे जीवन
अपने सबसे सच्चे वाक्य में
खुद को पढ़ रहा हो।

व्योम में भटकता मानव थककर
अपने नीड़ में लौट आया है,
विचारों की चादर ओढ़े
दुबका हुआ,
दोनों हाथों से ढाल बनाकर
नन्हों की चिंता को
सीने से लगाए।

जीवन के रेशों के
छोर खोजता हुआ मन
समझने लगा कि धन,
बाहुबल, सामंती रौब, दम्भ
सब मिथ्या ज्ञान, विज्ञान,
तंतुजाल तक एक क्षण में
शरणागत हो जाते।

उस अदृश्य महाशक्ति के सामने
सबने घुटने टेक दिए ,
जो किसी महल में नहीं,
किसी सिंहासन पर नहीं, बल्कि
एक विपन्न, दरिद्र हृदय में
शाश्वत सत्य की
मानिंद स्थापित है।

यहीं आत्म-मंथन पूरा होता है,
यहीं मनुष्य अपने भार उतारकर
थोड़ा हल्का और हल्का होकर
मानवीय हो जाता
निर्विकार अबोध नन्हे की मानिंद।

संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़,

# ग्रामीण रोजगार के नए मॉडल से राज्यों पर बढ़ेगी जिम्मेदारी

नई ग्रामीण रोजगार योजना में मनरेगा के ढांचे को बदला गया है जिसमें रोजगार दिनों की संख्या बढ़ाई गई है और राज्यों की हिस्सेदारी बढ़ाकर क्रियान्वयन बदलाव किए गए हैं

केंद्र सरकार ने मंगलवार को विकसित भारत- गारंटी फॉर रोजगार ऐंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) या वीबी- जी राम जी, विधेयक संसद में पेश किया। यह महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम यानी मनरेगा के तहत चल रहे ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम में ही संशोधन है। कहा जा रहा है कि दो दशक पहले मनरेगा के आने के बाद से ग्रामीण अर्थव्यवस्था में काफी बदलाव आया है और नया कानून ग्रामीण भारत की बदलती हकीकत और जरूरत को ध्यान में रखता है। यह रोजगार मुहैया कराने के तरीकों में अहम बदलाव का प्रस्ताव रखता है जिनमें से कुछ पर कई राज्य सरकारें आपत्ति भी जता रही हैं।

विधेयक में प्रत्येक परिवार के लिए रोजगार गारंटी के दिनों की तादाद बढ़ाकर 125 करने का प्रस्ताव है। इससे ग्रामीण भारत के काम तलाशने वाले लोगों को लाभ होना चाहिए। हालांकि ध्यान देने योग्य बात यह है कि बीते दो दशकों में मनरेगा के माध्यम से सालाना औसतन 50 दिनों का ही रोजगार मिला है जबकि इसके अंतर्गत 100 दिनों के रोजगार का प्रावधान है। इसलिए दिनों की संख्या बढ़ाना तभी मददगार हो सकता है जब रोजगार के पर्याप्त



अवसर बनें और उपलब्ध कराए जाएं।

रिपोर्ट यह भी बताती हैं कि मनरेगा के तहत काम तलाशने वाले श्रमिकों को हमेशा रोजगार नहीं मिला। इस बारे में यह उल्लेखनीय है कि नई योजना मनरेगा की तरह मांग आधारित नहीं होगी। इसमें भारत सरकार की अधिकांश योजनाओं की तरह मानक फंडिंग होगी। इससे बेहतर योजना बनाने और पूवार्नुमान में मदद मिलेगी। यह एक केंद्र प्रायोजित योजना होगी और अन्य केंद्रीय योजनाओं की तरह वित्तीय बोझ राज्यों के द्वारा साझा किया जाएगा।

मनरेगा के तहत राज्यों ने सामग्री की लागत का 25 फीसदी और प्रशासनिक लागत का 50 फीसदी वहन किया। अब, अधिकांश राज्यों द्वारा कुल लागत का 40 फीसदी साझा करना उनके वित्तीय व्यय को बढ़ा सकता है। यह तर्क दिया जा सकता है कि इससे योजना की निगरानी और क्रियान्वयन में सुधार होगा क्योंकि अब राज्यों की हिस्सेदारी अधिक होगी। लेकिन संभव है कि कुछ राज्य अतिरिक्त व्यय करने की स्थिति में न हों या ऐसा करने के इच्छुक न हों। वास्तव में, यह सामान्य रूप से केंद्र प्रायोजित योजनाओं पर बड़े प्रश्न उठाता है।

जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक की राज्य वित्त रिपोर्ट (2024) ने सही रूप से उल्लेख किया है, बहुत अधिक केंद्रीय योजनाएं राज्यों के खर्च करने के लचीलापन को प्रभावित करती हैं। केंद्रीय योजनाओं को युक्तिसंगत बनाने का मामला बनता है। संघवाद की भावना में, राज्यों को खर्च करने की अधिक स्वतंत्रता होनी चाहिए। यह देखना दिलचस्प होगा कि सोलहवें वित्त आयोग ने इस मुद्दे को कैसे संबोधित किया है।

वीबी-जी राम जी का अहम पहलू यह है कि यह कृषि क्षेत्र में श्रमिकों की जरूरत पर ध्यान देती है। राज्य बोआई या कटाई के दौरान कुल मिलाकर 60 दिनों तक की अवधि अधिसूचित कर सकते हैं, जब योजना के तहत कार्य स्थगित रहेगा, ताकि कृषि कार्य के लिए उचित मजदूरी पर श्रम उपलब्ध हो सके। इसके अतिरिक्त, नया कानून ग्रामीण रोजगार प्रदान करने और टिकाऊ बुनियादी ढांचा बनाने का लक्ष्य रखता है, जिसमें जल सुरक्षा, मौसम की अतिरंजित घटनाओं को कम करने के लिए कार्य, और मुख्य ग्रामीण बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। यह काम के लिए स्थानीय योजना की परिकल्पना करता है जो राष्ट्रीय स्थानिक प्रणालियों के साथ एकीकृत हो। व्यापक रूप से देखें तो प्रस्तावित कानून में सुधार और विवादास्पद प्रावधान दोनों शामिल हैं। परंतु इसे देश की रोजगार चुनौतियों का हल नहीं माना जाना चाहिए। कोविड महामारी के दौरान मनरेगा काफी मददगार साबित हुई थी। इसके तहत काम की मांग में अब कमी देखने को मिली है जो एक सकारात्मक संकेत है। रोजगार गारंटी योजना का नाम चाहे जो भी हो नीति का ध्यान बेहतर वेतन वाली नौकरियां निर्मित करने पर होना चाहिए ताकि ऐसी योजनाओं पर निर्भरता धीरे-धीरे कम हो सके। यह बात अवश्य बहसतलब है कि क्या गारंटीकृत ग्रामीण रोजगार देने वाले कानून से महात्मा गांधी का नाम हटाना जरूरी था?

# कब्र खोदने तुले हैं...!

जाने किस-किसकी कब्र
खोदने पर तुले हैं,
सत्ता के लिए ही तो सब
एक साथ मिले हैं।
सबको टोपियां पहनाकर
हाथ हिला रहे हैं,
साथी को गिराने जल में
डुबकी लगा रहे हैं।

अपशब्दों की इनके पास
भरीपूरी खदान है,
लोग कह रहे थे यह तो
सबसे बड़े नादान है।
सफेद शांति के रंग में
सबका ही परिधान है,
ये देश के अच्छे कामों में
डालते व्यवधान है।

कभी-कभी जन इनके
चक्कर में आ जाते हैं,
जब होते हैं सावधान! तब
टक्कर दे जाते हैं।
यह बोलते हैं तब 'बज' भी
जाती हैं तालियां,
लोग पूछते हैं सवाल खड़े
करते हैं ये बवाल।



संजय एम तराणेकर
(कवि, लेखक व समीक्षक)

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# अमेरिकी अधिकारियों की फर्जी पहचान का इस्तेमाल

**प्रथम पृष्ठ के शेष**

जांच के अनुसार, वर्ष 2022 से 2025 के बीच आरोपी ड्रग एन्फोर्समेंट एजेंसी (डीईए), फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) और सोशल सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन (एसएसए) के अमेरिकी अधिकारियों की फर्जी पहचान का इस्तेमाल कर रहे थे। आरोपी अमेरिकी नागरिकों को यह धमकी देते थे कि उनके सोशल सिक्योरिटी नंबर का उपयोग मनी लॉन्ड्रिंग और ड्रग डिलीवरी में किया गया है और उनकी संपत्तियां फ्रीज कर दी जाएंगी। उन्हें यह भी कहा जाता था कि उनके फंड जोखिम में हैं। इस तरह आरोपियों ने पीड़ितों को डराकर और गुमराह कर 8.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर अपने नियंत्रण वाले क्रिप्टोकरेंसी वॉलेट और विदेशी बैंक खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

**दिल्ली, नोएडा और कोलकाता में आरोपियों से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी**

सीबीआई ने इस मामले में 9 दिसंबर को प्राथमिकी दर्ज की थी। इसके बाद दिल्ली, नोएडा और कोलकाता में आरोपियों से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की गई, जहां महत्वपूर्ण आपत्तिजनक साक्ष्य बरामद हुए। नोएडा, उत्तर प्रदेश में संचालित एक अवैध कॉल सेंटर से सीबीआई ने आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त छह लोगों को रंगेहाथों गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान 1.88 करोड़ रुपए नकद, मोबाइल फोन, लैपटॉप सहित 34 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त

जांच में सामने आया है कि यह अंतरराष्ट्रीय साइबर-सक्षम वित्तीय अपराध नेटवर्क अपराध से अर्जित धन को वर्चुअल एसेट्स और बैंक ट्रांसफर के जरिए इधर-उधर भेज रहा था। तलाशी के दौरान 1.88 करोड़ रुपए नकद, मोबाइल फोन, लैपटॉप, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क सहित 34 इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अपराध से जुड़े महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए हैं।

**अपराध से अर्जित धन की पहचान के लिए आगे की कार्रवाई जारी**

अपराध से अर्जित धन की पहचान के लिए आगे की कार्रवाई जारी है। नेटवर्क के अंतरराष्ट्रीय लिंक और अन्य सुरागों की भी गहन जांच की जा रही है। सीबीआई इंटरपोल और अन्य विदेशी कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सहयोग से संगठित टेक्नोलॉजी आधारित अपराध नेटवर्क की पहचान कर उनके खिलाफ त्वरित कार्रवाई कर रही है।

# विषैले प्रदूषण के विरोध में भाकियू (अनाज) का शंखनाद
## (चार दिन में प्रभावी कार्रवाई नहीं होने पर सड़कों पर उतरेगा संगठन)

**समाज जागरण**

लोनी, 16 दिसंबरः क्षेत्र में खतरनाक स्थिति में बढ़ते प्रदूषण के खिलाफ भारतीय किसान यूनियन (अनाज) ने निर्णायक संघर्ष का चेतावनी भरा शंखनाद फूंक दिया हैं. संगठन का आरोप है कि जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते लोनी व आसपास क्षेत्र में प्रदूषण इकाइयो धड़ल्ले के साथ संचालन हो रहा है. नतीजन जहरीली हवा और अनियंत्रित औद्योगिक गतिविधियों के कारण क्षेत्रीय नागरिकों का जीना दुबर हो गया है।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सचिन शर्मा का आरोप है कि प्रदूषण विभाग, तहसील और बिजली विभाग के कुछ अधिकारी कथित रूप से रिश्वत लेकर पहले से बंद कराई गई प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों को पुनः संचालित करा रहे है. यही नहीं उन्हें बिजली कनेक्शन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। नाईपुरा, आर्य नगर, ट्रोनिका सिटी व कृष्णा विहार सहित विभिन्न इलाकों में एनजीटी के स्पष्ट निर्देशों की खुलेआम खिल्ली उड़ाई जा रही है। उन्होंने बताया कि बैहटा नहर से सहारनपुर और भोपुरा मार्ग तक खुले में बिल्डिंग मैटेरियल- रेत, बजरी व



डेस्ट आदि की खुले तौर पर अनियमित बिक्री हो रही है. जिससे प्रदूषण व धूल की स्थिति खतरनाक बनी है. बावजूद नगर पालिका, तहसील और प्रदूषण विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा रही है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है कि क्षेत्र में प्रदूषण की स्थिति इतनी खतरनाक स्थिति में पहुंच चुकी है कि नागरिकों को सांस लेना भी मुश्किल हो गया है, जबकि खास तौर पर बच्चे और बुजुर्ग गंभीर बीमारियों की चपेट में आते जा रहे हैं।

शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जिम्मेदारों द्वारा चार दिनों के भीतर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो भारतीय किसान यूनियन (अनाज) लोनी व गाजियाबाद के लाखों नागरिकों के साथ सड़कों पर उतरेगी और इस दौरान प्रदूषण विभाग और लोनी तहसील का घेराव करने के साथ-साथ पर्यावरण मंत्री का पुतला दहन किया जाएगा।

# गौ अस्पताल ना होने से निराश्रित पशुओं के इलाज में लापरवाही: गौ रक्षा महासंघ

**समाज जागरण**

लोनी, 16 दिसंबरः मंगलवार सुबह करीब 7 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक गोमाता गंभीर रूप से घायल हो गई। लोनी रेलवे स्टेशन के निकट हुई इस दर्दनाक घटना की सूचना मिलते ही अखिल भारतीय गो रक्षा महासंघ की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल हरियाणा के झज्जर से एंबुलेंस मंगाकर गोमाता को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया।

घटना की सूचना पाकर अखिल भारतीय गो रक्षा महासंघ के जिला अध्यक्ष परवेज चौधरी, जिला उपाध्यक्ष इजराइल मोहम्मद, जिला महामंत्री रजनीश गुप्ता, भाजपा नेता शिवम, रवि धामा, चेतन पंडित (हिंदू रक्षा दल) सहित अन्य सामाजिक कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे और सभी ने मिलकर गोमाता का उपचार कराने का प्रयास किया। जिनका है कि गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा में गोवंश के इलाज के लिए कोई बड़ा और समुचित गो अस्पताल नहीं है। ऐसी स्थिति में घायल गोवंश को गाजियाबाद से हरियाणा के झज्जर या दिल्ली भेजना पड़ता है, जिससे समय पर इलाज नहीं मिल पाता।

वही स्थानीय कॉलोनीवासियों ने बताया कि लोनी और ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में बड़ी संख्या में निराश्रित गायें सड़कों पर घूम रही हैं। उनके रखरखाव की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है, जिस कारण वे कूड़ा-कचरा खाकर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। यह स्थिति न केवल गोवंश के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी गंभीर समस्या बन चुकी है।

अखिल भारतीय गो रक्षा महासंघ के जिला अध्यक्ष परवेज चौधरी के अनुसार जैसे-जैसे सर्दी बढ़ेगी, वैसे-वैसे गोमाताओं की मृत्यु संख्या में भी इजाफा होगा। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों से अपील करते हुए जहां गोमाता की सुरक्षा के लिए कहां है वही उन्होंने यह भी मांग की है कि गौशालाओं में एक गाय के चारे के लिए दी जाने वाली अनुदान राशि 50 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये की जाए, ताकि गोवंश को कूड़ा-कचरा खाने के लिए मजबूर न होना पड़े। साथ ही एक विशेष प्रशासनिक टीम का गठन किया जाए, जो समय-समय पर गौशालाओं का निरीक्षण कर यह सुनिश्चित करे कि शासन द्वारा की गई व्यवस्थाएं सही ढंग से लागू हो रही हैं। यदि कहीं लापरवाही पाई जाए तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

गौरतलब है कि जनपद में पशुओं के इलाज के लिए कोई बड़ा अस्पताल नहीं है। प्रतिदिन नालों में गिरने, सड़क हादसों और रेल दुर्घटनाओं में निराश्रित पशुओं के घायल होने या मरने की खबरें सामने आती रहती है. मगर प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्यवाही नहीं की जाती है, जिससे पशु प्रेमियों और सामाजिक संगठनों के बीच भी भारी रोष है। अब देखना आगे इतना सब कुछ होने के बावजूद सिस्टम में क्या परिवर्तन आता है!

दैनिक समाज जागरण
नेशनल अख़बार मे
विज्ञापन देने के लिए
संपर्क करें।

# ट्रिपल मर्डर की घटना से हड़कंप, फैली सनसनी, मां व दो बच्चियों की लाश बरामद

**समाज जागरण**

कांधला।(फुरकान जंग) थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत से एक सप्ताह पूर्व लापता हुई एक महिला व उसकी दो मासूम बच्चियों के शव घर के अंदर दफन मिले मौके पर पहुंची पुलिस ने गड्ढा खुदवा कर लाशों को बाहर निकाला और मामले में महिला के पति व मासूम बच्चियों के पिता फारूक नाम के व्यक्ति को हिरासत में लिया है। थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारुख की पत्नी ताहिरा 35 वर्ष वह दो बच्ची बहरीन 14 वर्ष आफरिन 6 वर्ष एक सप्ताह पूर्व लापता हो गई थी। मंगलवार को ग्राम प्रधान थाने पहुंचे और गुमशुदगी की सूचना दर्ज कराई। शक के आधार पर पुलिस ने महिला के पति वह मासूम बच्चियों के पिता



फारुख को हिरासत में ले लिया और शक्ति से पूछताछ की तो आरोपी ने, बताया कि उसने हत्या कर शव को घर में बने सेफ्टी टैंक में दफन रखा है। मौके पर पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह सहित भारी पुलिस पहुंची और गड्ढे की खुदाई कर तीनों लाशों को बाहर निकाला,शव बरामद होते हुए हंगामा का माहौल बन गया। घटनास्थल पर पहुंची फोरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम



के लिए भेज दिए हैं। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गांव में ट्रिपल हत्याकांड से सनसनी फैली हुई हैं, आरोपी ने अपनी पत्नी में दो मासूम बच्चों को गोली मार कर मौत के घाट उतारा है। पुलिस हत्या आरोपी के कब्जे से तमंचा व कारतूस भी बरामद किए हैं।प्रथम दृश्य हत्याकांड घरेलू विवाद का सामने आए और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# आईएमएस में विश्वविद्यालय परीक्षा की तैयारी पर कार्यशाला

**समाज जागरण**

नोएडा। इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (आईएमएस) नोएडा में यूनिवर्सिटी एग्जाम रेडीनेस वर्कशॉप का आयोजन हुआ। सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय परीक्षाओं के लिए प्रभावी रूप से तैयार करने के उद्देश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान छात्र-छात्राओं के साथ परीक्षा की प्रभावी तैयारी, समय प्रबंधन, मानसिक स्वास्थ्य और रणनीतिक अध्ययन पद्धतियों पर विस्तृत चर्चा की गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता आईएमएस नोएडा के महानिदेशक प्रोफेसर डॉ. विकास धवन ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि परीक्षा केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि आत्म-प्रबंधन और अनुशासन की भी होती है।



संस्थान विद्यार्थियों को केवल अकादमिक बल्कि मानसिक रूप से भी तैयार करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के दौरान विषय विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। साथ ही पाठ्यक्रम का विभाजन कर योजनाबद्ध अध्ययन, नियमित रिवीजन और मॉक टेस्ट के अभ्यास पर विशेष जोर दिया । कार्यशाला में विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को अधिक अंक प्राप्त करने के लिए प्रश्नों को हल करने की सर्वोत्तम रणनीतियों की जानकारी दी। साथ ही उत्तर लेखन में इन्फोग्राफिक्स के प्रभावी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया, जिससे उत्तरों को अधिक स्पष्ट, आकर्षक और अंक प्राप्ति के अनुकूल बनाया जा सके।

कार्यशाला के दौरान बीबीए के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार ने छात्रों से टेस्ट पेपर का अभ्यास, सोशल मीडिया से दूरी, पर्याप्त नींद और संतुलित आहार लेने की सलाह दी। वहीं कार्यक्रम के दौरान डॉ. आरके मिथारिया ने छात्रों से परीक्षा के दौरान समय प्रबंधन की रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की। उन्होंने छात्रों से सीमित समय में प्रश्न पत्र को कैसे पढ़ें, उत्तरों की योजना कैसे बनाएं और पूरे प्रश्न पत्र को संतुलित ढंग से हल करने पर जोर दिया।

# कोहरे में सुरक्षित यात्रा के लिए जिला प्रशासन ने जारी की विस्तृत सावधानियां

**समाज जागरण**

गौतमबुद्धनगर 16 दिसंबर, 2025 जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मेधा रूपम के निदेर्शानुसार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉ. उदित नारायण पांडेय ने शीतकाल में कोहरे के दौरान वाहन चालकों के लिए सुरक्षा संबंधी आवश्यक सावधानियां जारी की हैं।





सहायक एआरटीओ ने बताया कि सर्दियों में कोहरा गंभीर समस्या बन जाता है, जिससे दृश्यता कम हो जाती है और सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है। उन्होंने अपील की कि यदि अत्यंत आवश्यक न हो तो कोहरे में यात्रा से बचें, क्योंकि जीवन समय से अनमोल है।

कोहरे में यात्रा के दौरान वाहन चालकों के लिए कुछ महत्वपूर्ण निर्देश इस प्रकार हैंः

वाहन को धीमी गति से चलाएं और पूरी सतर्कता बनाए रखें।

एसी का उपयोग न करें; हल्का हीटर चलाकर हवा विंडस्क्रीन की ओर रखें। डिफॉगर को हल्के तापमान पर चालू रखें।

खिड़की का शीशा हल्का सा खुला रखें ताकि वाष्प बाहर निकलती रहे।

वाहन के कांच को साफ करते समय सूती या माइक्रोफाइबर कपड़ा ही उपयोग करें।

हेडलाइट को लो बीम पर रखें और दिन में भी कोहरे में जलाकर रखें।

हैजार्ड लाइट चालू रखें और स्टीरियो/एफएम बंद रखें।

नेविगेशन एप की मदद से लोकेशन का पता रखें।

आगे और पीछे चल रहे वाहनों से सुरक्षित दूरी बनाए रखें; ब्रेक धीरे से लगाएं।

ओवरटेक न करें और सड़क के बीच वाहन न चलाएं; दो लेन की सड़क पर बाएं किनारे के सहारे चलें।

फोर लेन और डिवाइडर वाली सड़कों पर डिवाइडर का सहारा लें।

निजी वाहनों के पीछे लाल रेट्रोरिफ्लेक्टिव टेप लगाएं; व्यवसायिक वाहनों में कानून के अनुसार आगे सफेद और पीछे लाल टेप अनिवार्य है। जिला प्रशासन ने सभी वाहन चालकों से इन निदेर्शों का पालन कर स्वयं और अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की है। सौजन्यः सूचना विभाग, गौतम बुद्ध नगर

# कृषकों की समस्याओं के समाधान हेतु 17 दिसंबर को होगा किसान दिवस का आयोजन

**समाज जागरण**

गौतम बुद्ध नगर` 16 दिसंबर, 2025 : उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर श्री राजीव कुमार ने जिले के सभी कृषकों को सूचित किया है कि उनके मुद्दों और समस्याओं के समाधान के लिए माह के तृतीय बुधवार, 17 दिसंबर 2025 को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम जिलाधिकारी की अध्यक्षता में प्रातः 11 बजे विकास भवन स्थित सभागार में होगा। उप कृषि निदेशक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थित होकर किसानों की समस्याओं का समयबद्ध और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करें।

जिला प्रशासन ने सभी कृषकों से अपील की है कि वे इस अवसर पर अपनी समस्याओं और सुझावों के साथ उपस्थित हों ताकि उन्हें शीघ्र और संतोषजनक समाधान मिल सके।

# डीएम को शिकायती पत्र देकर
## डीलर पर लगाया 1 लाख 74 हजार रु.हड़पने का आरोप

**समाज जागरण**

लोनी, 16 दिसंबरः लगता है लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर द्वारा क्षेत्र में भूमाफियाओं पर नकेल डालने के लगातार प्रयासो का उनपर कोई असर नहीं हो रहा है. और कोतवाली क्षेत्र के बागराणप में एक बार फिर ऐसा मामला प्रकाश में आया है. जहां एक व्यक्ति ने डीलर पर प्लॉट दिलाने के नाम पर 1 लाख 74 हजार रुपए हड़पने का आरोप लगाया है। पीड़ित व्यक्ति ने मामले में जिलाधिकारी एवं एस.एस.पी. को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई हैं।



गौरतलब हो कि सीधे-साधे लोगों की भूमि पर कब्जा करने का प्रयास करने मामले में हस्तक्षेप करते हुए लोनी विधायक कई भूमाफियाओं को जेल की सलाखों के पीछे भेज चुके हैं. लेकिन इसके बावजूद लोनी में प्लॉट दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले भू माफिया अपनी हरकत से बात नहीं आ रहे है. जिनका ऐसा ही एक और मामला उजागर हुआ है. जो

**थाना लोनी के अन्तर्गत बाग राणप गाँव का है।**

पीड़ित शाकिर का कहना है कि राणप में स्थित मुखिया गेट में रहने वाले राजेश नामक डीलर से 15 महीने की किस्तो में 25 वर्ग गज का प्लाट लिया था. जिसकी बाबत पीड़ित एक लाख चौहत्तर हजार रुपये डीलर को दे चुका है। और अब प्लाट की रजिस्ट्री करने के लिए कहने पर राजेश नामक यह डीलर पीड़ित को आज-कल कहते हुए पिछले कई माह से गुमराह करता आ रहा है।

***पीड़ित का कहना है कि आखिर तंग आकर उसने इस संदर्भ में एसीपी लोनी व जिलाधिरकारी गाजियाबाद कोशिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।***

# टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग में एयरवे अवेंजर्स के सिर सजा ताज

*तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग- टीएमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट के कुल 14 मुकाबलों में भिड़ी पांच टीमें, डॉ. स्नेहिल देवडिया 35 बॉल्स पर 42 रन बनाकर मैन ऑफ दी मैच*



**समाज जागरण**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद में टीएमयू मेडिकल प्रीमियर लीग- टीएमपीएल टेनिस बॉल क्रिकेट पहली बार आईपीएल की तर्ज पर हुआ। बोलियां लगी और खिलाड़ी बिके, लेकिन खास बात यह रही कि टीएमपीएल का यह ऑक्शन वर्चुअली रहा। इस नीलामी में ऑलराउंडर शिवा सोलंकी और शान्तनु तोमर सर्वाधिक मंहगे बिके। इन मुकाबलों में मेडिकल स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टीज ने भी अपना हुनर दिखाया। नौ दिनी इस लीग में पांच टीमों के बीच कुल 14 मैच हुए। टीएमयू के क्रिकेट मैदान पर हुए अंतिम मुकाबले में टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने टीएमयू टॉक्सिन को आठ विकेट से एकतरफा मात दी। समापन समारोह में तीर्थंकर मेडिकल कॉलेज में पैथोलॉजी की एचओडी प्रो. सीमा अवस्थी ने बतौर मुख्य अतिथि विजेता टीम को ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रो. आरके कौल, डॉ. आरिफ वकार, डॉ. शाहबाज आलम, डॉ. अरसद, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. आकाश गांधी आदि मौजूद रहे।

टॉस जीतकर एयरवे अवेंजर्स के कप्तान डॉ. अंकुर सिंह ने बॉलिंग चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टॉक्सिन की टीम निर्धारित 20 ओवर में 167 रनों पर ढेर हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए टीएमयू एयरवे अवेंजर्स की टीम ने 18 ओवर में ही 02 विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य को प्राप्त कर लिया। एयरवे अवेंजर्स के ऑलराउंडर डॉ. स्नेहिल देवडिया ने 35 बॉल्स पर 42 रन ठोककर 05 विकेट भी चटकाए। इस शानदार प्रदर्शन के बूते डॉ. स्नेहिल को मैन ऑफ दी मैच के संग-संग प्लेयर ऑफ द टूनामेंट भी चुना गया। बल्लेबाज डॉ. रजत जून ने सर्वाधिक 48 गेंदों में 82 रनों की जबर्दस्त पारी खेली। डॉ. जून ने अपनी पारी में 06 छक्के और 04 चौके भी जड़े। टीएमयू टॉक्सिन की ओर से डॉ. आमिर शेख की कप्तानी में डॉ. सिमरन सिंह का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा। डॉ. सिमरन ने 06 मुकाबलों में 180 रन बनाए और 09 विकेट भी चटकाए। एम्पायर की भूमिका श्री चंद्रशेखर आदि ने निभाई।

# टीएमयू में आईएसटीडी मुरादाबाद चैप्टर खुला

**खास बातें**

**राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल शाह ने किया विधिवत उदघाटन**

**मुरादाबाद चैप्टर के अध्यक्ष बने टीएमयू वीसी प्रो. वीके जैन**

**टिमिट के डीन प्रो. विपिन जैन को सेक्रेट्री की जिम्मेदारी**

**टीएमयू में प्रशिक्षण एवम् विकास पर हुई राष्ट्रीय संगोष्ठी**

**समाज जागरण**

इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट- आईएसटीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल शाह ने तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के ऑडी में संगठनात्मक प्रभावशीलता के लिए प्रशिक्षण एवम् विकास पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में आईएसटीडी के मुरादाबाद चैप्टर का विधिवत उद्घाटन किया। अंत में नई कार्यकारिणी को आईएसटीडी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अतुल शाह ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने वर्तमान परिवेश में प्रशिक्षण एवम् विकास की बढ़ती भूमिका पर विस्तार से विचार प्रस्तुत किए। उल्लेखनीय है, आईएसटीडी के मुरादाबाद चैप्टर की सदस्यता से टीएमयू स्टुडेंट्स के संग-संग फैकल्टी को प्रशिक्षण, मानव संसाधन विकास, नेतृत्व विकास और संगठनात्मक प्रभावशीलता से जुड़े नवीनतम ज्ञान, शोध पत्र, जर्नल, सेमिनार, कार्यशालाएं और राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञों से जुड़ने का अवसर मिलता है। उल्लेखनीय है, मानव संसाधन विकास-एचआरडी के क्षेत्र में इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डवलपमेंट- आईएसटीडी 1970 में स्थापित एक पेशेवर, गैर-लाभकारी संस्था है। इसका मकसद शिक्षा, उद्योग, कृषि और सेवाओं जैसे क्षेत्रों के लिए कार्य करती है। संगोष्ठी में वीसी प्रो. वीके जैन, मैनेजमेंट के डीन प्रो. विपिन जैन के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन प्रो. आरके द्विवेदी, डॉ. करूणा जैन आदि की भी उल्लेखनीय मौजूदगी रही।

आईएसटीडी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री योगेश उपाध्याय ने नेतृत्व विकास और संगठनात्मक परिवर्तन पर अपने अनुभव साझा किए। आईएसटीडी की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुश्री अंकिता शर्मा ने स्टुडेंट्स और पेशेवरों को आईएसटीडी से जुड़कर निरंतर विकास की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आईएसटीडी देहरादून के श्री अनुप कुमार, श्री एसी जोशी एवम् श्रीमती जोशी, सुश्री करुणा जैन, उद्यमी एवम् टीएमयू एल्युमिनाई श्री सुधीर अवस्थी, आईसीआईसीआई बैंक के प्रबंधक एवम् एल्युमिनाई श्री अर्पित वर्मा आदि ने भी प्रशिक्षण, नेतृत्व और करियर विकास पर अपने विचार साझा किए। इससे पूर्व मेहमानों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों, उद्योग विशेषज्ञों, प्रशिक्षण पेशेवरों, संकाय सदस्यों और स्टुडेंट्स ने सहभागिता की।

वीसी प्रो. वीके जैन ने बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में निरंतर सीखने, कौशल विकास और उद्योग-शिक्षा समन्वय के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, प्रशिक्षण एवम् विकास संगठनात्मक प्रभावशीलता और पेशेवर उत्कृष्टता के प्रमुख आधार हैं। दूसरी ओर नवगठित आईएसटीडी मुरादाबाद के पदाधिकारियों में वीसी प्रो. वीके जैन को अध्यक्ष, डीन, फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एंड मैनेजमेंट प्रो. विपिन जैन को सचिव, प्रो. अमित कंसल को उपाध्यक्ष, प्रो. मनोज अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, प्रो. चंचल चावला को सदस्य नियुक्त किया गया।

इनके अलावा आईसीआईसीआई बैंक के श्री अर्पित वर्मा, आसापियन होटल्स के सीईओ डॉ. सुधीर अवस्थी, श्री निति मिश्रा, श्री पंकज सिंह, डॉ. चारुल वर्मा आदि को भी सदस्य नामित किया गया। संगोष्ठी में डेंटल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रदीप तांगडे, नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन, सीटीएलडी के डायरेक्अर प्रो. पंकज कुमार सिंह, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ. जेसलीन एम., फामेर्सी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशु मित्तल, फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार जैन, फिजियोथैरेपी की एचओडी डॉ. शिवानी एम. कौल, फाइन आर्ट्स के प्राचार्य श्री रविन्द्र देव आदि मौजूद रहे। संचालन एमबीए के स्टुडेंट पर्व जैन ने किया।

# जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने ग्राम भवन में शिकायतों पर किया स्थलीय निरीक्षण, एसआईआर कार्यों की भी समीक्षा

**समाज जागरण**

बहजोई। जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए विकासखंड बहजोई के ग्राम भवन में स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शिकायतकर्ता द्वारा अपनी भूमि पर अवैध कब्जा तथा ग्राम सभा की भूमि पर दुकानों एवं अन्य निर्माण किए जाने संबंधी शिकायत की जांच की गई। मौके पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया ने विकासखंड सम्भल के ग्राम सलारपुर कलां स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने एएसडी की सूची, लॉजिकल एरर्स एवं मतदाताओं की मैपिंग से संबंधित जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी ने मतदाताओं की गलत मैपिंग की शिकायतों को देखते हुए स्वयं मतदाताओं के घर जाकर सत्यापन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक सुधार के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि एसआईआर के अंतर्गत मतदाता सूची का मैपिंग कार्य पूरी पारदर्शिता एवं सावधानी से किया जाए, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि न रहे।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सम्भल रामानुज, डिप्टी कलेक्टर निधि पटेल, तहसीलदार, खंड विकास अधिकारी सम्भल प्रेमपाल सिंह सहित संबंधित बीएलओ, राशन डीलर, ग्राम प्रधान एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भाकियू ने किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक परिसर संभल में दिया धरना

**समाज जागरण**

संभल। भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) भारत राष्ट्रीय सेवक संघ द्वारा युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा के नेतृत्व में ब्लॉक परिसर संभल में किसान पंचायत का आयोजन किया गया ! पंचायत की अध्यक्षता जिला सलाहकार सरदार गुरुवचन सिंह एवं संचालन प्रवेन्द्र यादव ने किया !





पंचायत में बोलते हुए जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार किसान व आवाम के हित में अच्छा कार्य कर रही है ! परंतु प्रशासनिक स्तर पर फैले भ्रष्टाचार के कारण पात्रों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है, जिससे आवाम नाखुश है ! किसानो की खतौनी में उनके हिस्सों को दर्ज करने में की गई कमियां दूर होनी चाहिए ! संगठन एक एकमुश्त योजना का स्वागत करता है लेकिन आधे से ज्यादा मीटर गलत बिल निकाल कर जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं ! जिसमें अति शीघ्र सुधार आवश्यक है ! अन्य योजनाओं जैसे आवास योजना रही हो, राशन कार्ड का मामला रहा हो, वृद्धा पेंशन से लेकर विधवा पेंशन तक पलीता लगाने का काम किया जा रहा है ! प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ग्राम - चमरौआ पर दवाइयां उपलब्ध न होने के कारण आम जनमानस को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है ! वहीं जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी ने भ्रष्टाचार पर निशाना साधते हुए कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की ओर से महिलाओं के विकास और उनके उत्थान के लिए तमाम योजनाएं चलाई जा रही है, परंतु भ्रष्टाचार के कारण ये योजनाएं सीधे-सीधे पात्रों तक नहीं पहुंच पा रही है ! संगठन के युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ! समय रहते किसानों की समस्याओं का निस्तारण नहीं होता है तो आंदोलन और किसान महापंचायत को तेज किया जाएगा ! संगठन किसानों के हित में लड़ाई लड़ने के लिए हमेशा प्रयासरत है !

पंचायत में पहुंचे विभाग के अधिकारियों द्वारा कुछ समस्याओं का मौके पर निस्तारण कर दिया गया एवं अन्य समस्याओं के जल्द निस्तारण की बात कही ! पंचायत में आपूर्ति निरीक्षक अंकित अवस्थी, नायब तहसीलदार बबलू कुमार, एपीओ कुलदीप सिंह, कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को संबोधित 7 सूत्रीय मांगपत्र नायब तहसीलदार संभल बबलू कुमार को सोपा !

युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलदीप शर्मा, जिला अध्यक्ष संभल कामेन्द्र चौधरी, जिला उपाध्यक्ष मिंकू चौधरी, जिला सलाहकार सरदार गुरु वचन सिंह, संगठन मंत्री चौ. ऋषिपाल सिंह, जिला मंत्री खेमपाल यादव, युवा मंडल उपाध्यक्ष अरुण चौधरी, इस्माइल खां जिला महामंत्री (अ. मो.), युवा जिला मीडिया प्रभारी निर्देश कुमार, तहसील प्रभारी प्रवेन्द्र यादव, युवा तहसील महासचिव राजीव कुमार, तहसील संरक्षक सेवक सैनी, तहसील अध्यक्ष (अ. मो.) मेहंदी हसन, तहसील संगठन मंत्री जितेंद्र सैनी, युवा ब्लॉक अध्यक्ष पवांसा नितिन कुमार, कनिक चौधरी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मो. हसन, युवा ब्लॉक उपाध्यक्ष सुफियान पाशा, युवा तहसील प्रभारी अमानत अली, ब्लाक महासचिव पवांसा श्रीपाल यादव, मनीराम खारी, अनवार अली, राजपाल कश्यप, सुखपाल गूर्जर एवं महिला मोर्चा से ब्लॉक महासचिव ननिहा देवी, ब्लॉक सचिव निशा देवी, ब्लॉक प्रभारी प्रदेव देवी, भूरी देवी, अतलेश देवी, सोनावती देवी, लक्ष्मी देवी, रामकली देवी आदि सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# मुरलीवाला में हाथियों का तांडव, दो किसानों की गन्ना-गेहूं की फसल तबाह, पांच बीघा में भारी नुकसान

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर अफजलगढ़। थाना क्षेत्र के गांव मुरलीवाला में जंगली हाथियों के आतंक ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। देर रात जंगल से निकलकर खेतों में घुसे हाथियों के झुंड ने गांव के दो किसानों की गन्ना व गेहूं की खड़ी फसलों को बुरी तरह रौंद डाला। इस दौरान करीब तीन से चार बीघा क्षेत्र में फसल पूरी तरह नष्ट हो गई, जिससे किसानों को लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मुरलीवाला निवासी किसान बलराम राठी व किसान विजय यादव ने जानकारी दी। बीती रात किसान बलराम राठी के गन्ने की चार बीघा फसल व किसान विजय यादव के गेहूं की एक बीघा फसल को खेतों में पहुंचे हाथियों ने काफी देर तक उत्पात मचाया। ग्रामीणों ने शोर मचाकर और मशाल जलाकर हाथियों को भगाने का प्रयास किया, लेकिन हाथी काफी समय तक खेतों में डटे रहे। हाथियों के चले जाने के बाद जब किसान खेतों में पहुंचे तो फसलें पूरी तरह बर्बाद पड़ी थीं। घटना के बाद गांव व आसपास के क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। किसान रातभर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं। ग्रामीण बलराम राठी,विजय यादव,मदन सिंह, परवीन सिंह, सुनील कुमार आदि ने बताया कि क्षेत्र में हाथियों की आवाजाही लगातार बढ़ रही है, लेकिन इसके बावजूद वन विभाग की ओर से कोई ठोस व्यवस्था नहीं की गई है।सूचना मिलने पर किसानों ने वन विभाग को मामले से अवगत कराया और फसल नुकसान का शीघ्र सर्वे कर मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। साथ ही हाथियों को आबादी वाले इलाकों से दूर रखने और स्थायी समाधान की मांग भी उठाई गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते हाथियों के आतंक पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले दिनों में किसानों को और अधिक नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसानों ने प्रशासन से जल्द कार्रवाई की मांग की है। उधर रेंजर नगीना प्रदीप शर्मा का कहना है कि किसानों की समस्या का शीघ्र ही समाधान कराने का प्रयास किया जायेगा।

# तमंचे लिए का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस प्रशासन आया हरकत मे

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर नगीना। दो युवकों के हाथों में अवैध सशस्त्र (तमंचे) लिए का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने से पुलिस प्रशासन हरकत में आने से दोनों युवक पुलिस से छुपे अपनी जान बचाए घूम रहे हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम हुर्रांगला निवासी रोबिन कुमार व अश्वनी कुमार दोनों युवक जो अपने हाथों में अवैध रूप से सशस्त्र तमंचा लिए हुए हैं। जिनका फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। क्या यह दोनों युवक स्कूल के छात्र है या नहीं यह तो उनके विषय में कहना सही नहीं है। यदि छात्र भी है तो उनके हाथों में अवैध सशस्त्र तमंचा कहां से आया और क्या उनकी मनसा रही है। कही यह दोनों युवक हाथों में तमंचा लेकर अपने आपको दबंग बनने के लिए सुर्खियों बटोरना चाहते हैं या फिर वास्तव में ही अपराध की दुनिया में कदम रखना चाहते हैं। बरहाल दोनों यूको के हाथों में अवैध तमंचा होने का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस हरकत में आई है और दोनों की तलाश में जुट गई है।

नगीना बॉक्स पत्रकारों की टीम ने यह वायरल फोटो को देखते ही रॉबिन और अश्वनी कुमार के गांव पहुंची जहां जाकर उपरोक्त दोनों युवकों के हाथों में अवैध रूप से सशस्त्र तमंचा होने की जानकारी की तो कुछ ग्रामीणों ने इस फोटो को पुराना होना बताया। यहां यह भी चर्चा है कि 3-4- तथाकथित युवक जो अपने आप को मीडिया से जुड़े होना बता रहे थे ने सोदा बाजी रहे थे। बात नहीं बनने पर उन्होंने जानबूझकर यह वीडियो वायरल की है। जो जांच होने पर दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

# लखीमपुर खेल महोत्सव (सीजन-2) के दूसरे दिन खेल प्रतिभाओं का शानदार प्रदर्शन

**समाज जागरण लखीमपुर खीरी**





शहर के विलोबी मैदान में नगर पालिका परिषद एवं क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में आयोजित लखीमपुर खेल महोत्सव (सीजन-2) के दूसरे दिन विभिन्न खेल प्रतियोगिताएँ उत्साह और खेल भावना के साथ संपन्न हुईं। कार्यक्रम का मंच संचालन राम मोहन गुप्ता द्वारा किया गया।

**क्रिकेट प्रतियोगिता**

क्रिकेट मुकाबलों में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

द्वारिकापुरी थंडर बनाम घोसियाना 11 के मुकाबले में घोसियाना 11 ने 2 विकेट से जीत दर्ज की। इसराज को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, विश्वजीत को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, तुषार को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा अतुल कुमार को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

जेसीआई 11 बनाम अनस वॉरियर्स मैच में जेसीआई 11 ने 7 विकेट से विजय प्राप्त की। सौरभ सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, तुषार सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, हर्ष सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और वीर सिंह मैन ऑफ द मैच रहे।

नगर पालिका बनाम जलकल 11 के मुकाबले में नगर पालिका टीम ने 41 रन से जीत हासिल की। अनिरुद्ध त्रिपाठी को सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, मुनेंद्र को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, अभिषेक को सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक तथा देवाशीष मुखर्जी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।

फायरबोल्ट बनाम हंटर 11 मैच में हंटर 11 ने 4 विकेट से जीत दर्ज की। राहुल अवस्थी सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज, साहिल सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज, विपिन सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षक और मोहित मैन ऑफ द मैच रहे।

**कबड्डी प्रतियोगिता**

कबड्डी के बालिका वर्ग में 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले में चौहान क्लब ने नगर पंचायत निघासन को पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बालक वर्ग में 22 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिनमें से 8 टीमों ने अगले चरण में प्रवेश किया।

**मुख्य अतिथि एवं गणमान्य उपस्थिति**

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, जिला प्रचारक अविनाश, क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव, अनस (ला मटीना), शिव सिंह (केनरा बैंक), अभय सिंह (इंडियन बैंक), प्रमोद अग्रवाल (दिव्य प्लाई), खेल महोत्सव संयोजक आशीष सिंह चौहान सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। साथ ही कनिष्क बरनवाल, इंजीनियर दुर्गेश वर्मा, आशीष श्रीवास्तव, जितेंद्र अवस्थी, जेई समरा सईद, सभासदगण, खेल प्रभारी एवं नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**हॉकी टूनार्मेंट का आयोजन**

गुरु नानक स्पोर्ट्स अकादमी में कोऑर्डिनेटर तृप्ति अवस्थी के नेतृत्व में हॉकी टूनार्मेंट आयोजित किया गया। खेल संयोजक कपिल श्रीवास्तव ने अतिथियों का स्वागत किया।

अजमानी गर्ल्स इंटर कॉलेज बनाम गुरु नानक विद्यक सभा के मुकाबले में गुरु नानक विद्यक सभा की बालिकाओं ने 2-0 से जीत दर्ज की। नन्ही टीम ए बनाम नन्ही टीम बी में नन्ही टीम बी ने 4-0 से विजय प्राप्त की। आश्रम पद्धति बनाम अजमानी इंटरनेशनल स्कूल (अंडर-13) के मैच में अजमानी इंटरनेशनल स्कूल ने 5-2 से जीत हासिल की।

इस अवसर पर गुरु नानक इंटर कॉलेज के उप-प्रधानाचार्य इंद्रजीत सिंह, क्रीड़ा भारती जिला अध्यक्ष कपिल श्रीवास्तव, कनिष्क बरनवाल, इंजीनियर अर्जुन वर्मा, नगर पालिका आरआई फैज खान, काजी, सभासद पारस मौर्य, दीपक रस्तोगी, संदीप वर्मा सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# घने कोहरे में NH-74 पर भीषण हादसा, ट्रैक्टर-टिपलर को टूरिस्ट बस ने मारी टक्कर

## सड़क दुघर्टना में ट्रैक्टर टिपलर चालक घायल।

**समाज जागरण मुस्कान खान**



जनपद बिजनौर अफजलगढ़। राष्ट्रीयराजमार्ग-74 पर गांव आलमपुर गांवड़ी के समीप घने कोहरे के कारण मंगलवार तड़के एक भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। तेज रफ़्तार से आ रही एक टूरिस्ट प्राइवेट बस ने आगे चल रहे ट्रैक्टर-टिपलर को पीछे से जबरदस्त टक्कर मार दी। सड़क हादसे में ट्रैक्टर चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय पुलिस व लोगों की मदद से तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मनोहरवाली निवासी किसान इश्तियाक पुत्र भूरे मंगलवार की सुबह तड़के अपने ट्रैक्टर टिपलर में गन्ना भर शुगर मिल अफजलगढ़ में गन्ना डालने गया हुआ था। शुगर मिल अफजलगढ़ में ट्रैक्टर टिपलर में भरे गन्ने को खाली कर वापस अपने गांव आ रहा था। जैसे ही उसका ट्रैक्टर टिपलर हाइवे पर स्थित गांव आलमपुर गांवड़ी के नजदीक पहुंचा तो आगे चल रहे ट्रैक्टर टिपलर को पीछे से तेज रफ़्तार में आ रही एक टूरिस्ट प्राइवेट बस के चालक ने लापरवाही बरतते हुए ट्रैक्टर-टिपलर में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्रैक्टर-टिपलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सड़क दुर्घटना में ट्रैक्टर टिपलर चालक किसान इश्तियाक अहमद गंभीर रूप से घायल हो गया। सड़क हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई वहीं सड़क हादसे के बाद बस चालक बस को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिस व 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे हल्का इंचार्ज कमरूल इस्लाम ने किसान से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने बस को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो तीन दिनों से इस मार्ग पर कोहरे के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद तेज रफ़्तार वाहनों पर कोई ठोस नियंत्रण नहीं है। लोगों ने हाईवे पर अतिरिक्त सुरक्षा इंतजाम और चेतावनी संकेत लगाए जाने की मांग की है। उधर थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# हाइवे मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस का सख्त अभियान, 55 वाहन चालकों के कटे चालान

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर अफजलगढ़। राष्ट्रीय राजमार्ग-74 पर स्थित अफजलगढ़ मोड़ पर ट्रैफिक पुलिस ने यातायात नियमों के पालन को लेकर विशेष संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी कर



वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 55 वाहन चालकों के चालान किए। अचानक चली इस कार्रवाई से हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई। चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चलाने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट न लगाने, ओवरस्पीड, गलत दिशा में वाहन चलाने, बिना वैध कागजात और ट्रिपल राइडिंग जैसे मामलों में पुलिस ने कार्रवाई की। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने वाहन चालकों को मौके पर ही रोककर नियमों की जानकारी दी और भविष्य में नियमों का पालन न करने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी। मंगलवार को एसपी अभिषेक झा के निर्देश पर ट्रैफिक पुलिस उप निरीक्षक नितिन कुमार मलिक के नेतृत्व में यातायात पुलिस ने संघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी कर वाहन चलाने वालों पर पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए 55 वाहन चालकों के चालान किए। वही ट्रैफिक पुलिस उप निरीक्षक नितिन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 74 पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए यह अभियान चलाया गया है। नियमों का उल्लंघन न केवल चालक के लिए बल्कि अन्य राहगीरों की जान के लिए भी खतरा बन सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए ट्रैफिक पुलिस लगातार हाईवे पर निगरानी रख रही है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल चालान काटने तक सीमित नहीं है। बल्कि आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करना भी इसका मुख्य उद्देश्य है। पुलिस ने अपील की कि वाहन चालक हेलमेट और सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से प्रयोग करें, निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाएं और सभी जरूरी कागजात साथ रखें। पुलिस ने संकेत दिए हैं कि आने वाले दिनों में भी इस तरह के अचानक चेकिंग अभियान जारी रहेंगे। वहीं, नियमों का पालन करने वाले वाहन चालकों ने ट्रैफिक पुलिस की इस कार्रवाई को सड़क सुरक्षा की दिशा में सराहनीय कदम बताया। इस अवसर पर ट्रैफिक पुलिस उप निरीक्षक नितिन कुमार के आलावा कांस्टेबल अर्जुन कुमार तथा कांस्टेबल अजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

# पटाखा फैक्ट्री में तेज धमाका, मची भगदड़

## बारूद छान रहे एक मजदूर की दर्दनाक मौत, जांच में जुटा प्रशासन

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**



जनपद बिजनौर नजीबाबाद। जलालाबाद क्षेत्र में एक पटाखा फैक्ट्री के अंदर तेज धमका हुआ, फैक्ट्री में काम कर रहे मजदूर मजदूरों में भगदड़ मच गई, घटना के दौरान एक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। वहीं एसपी बिजनौर अभिषेक झा ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया। इसी के साथ प्रशासन की कई टीमें जांच में जुट गई जानकारी के अनुसार नजीबाबाद के कोतवाली मार्ग जलालाबाद क्षेत्र स्थित नहर पटरी बाईपास मार्ग पर इमरान निवासी झालू और नगर के मौहल्ला मुनीरगंज निवासी हमराज व काशिफ की शिफा फायर वर्कर्स के नाम से पटाखा फैक्ट्री है, जहा मंगलवार की सुबह अचानक फैक्ट्री में भीषण विस्फोट हो गया। बताया जाता है कि फैक्ट्री में आम के पेड़ के नीचे गंधक-पोटाश छानते समय मजदूर सुधीर पुत्र राजपाल उम्र 35 वर्ष निवासी गांव पाडला थाना किरतपुर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। धमाका इतना जबरदस्त था कि मजदूर का सिर और ऊपरी धड़ शरीर से अलग होकर दूर जा गिरा, दांत और शरीर के हिस्से घटनास्थल पर दूर-दूर तक बिखर गए। हादसे के समय फैक्ट्री में कुछ दूरी पर मृतक का भतीजा अभिषेक और करीब 40 से 50 मजदूर, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, काम कर रहे थे, विस्फोट होते ही फैक्ट्री परिसर में अफरा-तफरी और भगदड़ मच गई। घटना की सूचना मिलते ही थाना नजीबाबाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए बिजनौर भेज दिया। वहीं बिजनौर पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, नजीबाबाद एसडीएम शैलेंद्र कुमार सिंह, सीओ नितेश प्रताप सिंह और थाना प्रभारी राहुल सिंह, अग्निशमन प्रभारी कन्ही सिंह जादौन आदि मौके पर पहुंचे। प्रशासन ने फैक्ट्री में सुरक्षा इंतजामों की जांच शुरू कर दी, विस्फोट के कारणों को लेकर भी अग्निशमन विभाग और फॉरेंसिंग टीम जांच में जुट गई इस संबंध में एसपी बिजनौर अभिषेक झा ने मीडिया को बताया कि पटाखा फैक्ट्री में हुए धमाके के दौरान एक मजदूर की मृत्यु हुई है, इसके अलावा कोई भी घायल नहीं है, फैक्ट्री का लाइसेंस वैध है, पूरे मामले की कई बिंदुओं पर जांच की जा रही है, अगर कोई गड़बड़ी मिलती है तो लाइसेंस निरस्तीकरण की कार्यवाही की जाएगी और इसमें अभियोग भी दर्ज किया जाएगा

# एमसीडी की तोड़फोड़ कार्रवाई के विरोध में श्रद्धालुओं का शांतिपूर्ण प्रदर्शन

**समाज जागरण लखीमपुर-खीरी**

नई दिल्ली स्थित मंदिर दरगाह बाबा पीर रतननाथ जी झंडेवाला पर एमसीडी द्वारा की गई तोड़फोड़ की कार्रवाई के विरोध में शनिवार को श्रद्धालुओं ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। श्रद्धालुओं ने अम्बेडकर पार्क से कलेक्ट्रेट तक




पदयात्रा निकाली, जिसमें भजन-कीर्तन करते हुए सादगी के साथ अपनी आस्था और विरोध दर्ज कराया।

पदयात्रा के समापन पर श्रद्धालुओं ने जिलाधिकारी दुर्गा नागपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में धार्मिक आस्था से जुड़े स्थल पर की गई कार्रवाई पर आपत्ति जताते हुए न्यायपूर्ण समाधान की मांग की गई।

इस अवसर पर चंद्र भूषण साहनी, कुलदीप पाहवा, रवि भूषण साहनी, जितेंद्र साहनी, राकेश भसीन, दिनेश आनंद, संजीव चोपड़ा, अमित तलवार, अमनोल अरोरा, सन्नी सलूजा, रितेश भसीन, बादल साहनी, अंजू साहनी, सीमा साहनी, मधु राबड़ा, प्रतिमा भसीन, शिवानी भसीन, मधु आनंद, सीमा आनंद, प्रियंका साहनी सहित बड़ी संख्या में सेवक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने लोक सभा में पेश किया "विकसित भारत- जी राम जी बिल"

**समाज जागरण**

केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने आज लोक सभा में विकसित भारतझ जी राम जी विधेयक- 2025 पेश किया। इसके तहत हर वर्ष में 125 दिनों के मजदूरी रोजगार की वैधानिक गारंटी प्रदान की जाएगी। संसद में शिवराज सिंह ने कहा कि हमारा संकल्प है गरीबों का कल्याण और इसमें उसी संकल्प को पूरा करने का हमने प्रयत्न किया है। न केवल गरीबों का कल्याण बल्कि उसके साथ गांवों का संपूर्ण विकास, जो महात्मा गांधी भी कहते थे- एक संपूर्ण गांव, एक स्वावलंबी गांव, एक विकसित गांव का निर्माण। इसका प्रावधान इसमें किया गया है और केवल प्रावधान ही नहीं, केंद्र सरकार इस पर 95 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि अभी खर्च करने का काम करेगी, यह हमने तय किया है।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि इसके पहले रोजगार की कई योजनाएं आई। एक योजना का नाम था- जवाहर रोजगार योजना। बाद में कांग्रेस ने ही जवाहर रोजगार योजना का नाम बदल दिया तो क्या पंडित जवाहरलाल नेहरू जी का अपमान हो गया? शिवराज सिंह ने कहा कि गरीबों के कल्याण के लिए कई बार बजट का असमान वितरण होता है, कई पंचायतें विकास में पीछे रह जाती है, इसलिए इसमें पंचायत का ग्रेडेशन करके, जो अविकसित पंचायत है, कम विकसित पंचायत है, उन्हें ज्यादा काम देने का प्रावधान भी किया है।

श्री शिवराज सिंह बोले- महात्मा गांधी हमारे दिलों में बसते हैं और महात्मा गांधी जी का, पंडित दीनदयाल जी का ये संकल्प था कि जो सबसे पीछे हैं, जो सबसे नीचे हैं, उनका कल्याण सबसे पहले किया जाए और हम महात्मा गांधी जी की भी मानते हैं और उन्हीं के विचारों पर आधारित, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों पर आधारित गरीब कल्याण की कई योजनाएं ये सरकार प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में चला रही है।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि जहां तक मनरेगा का सवाल है कांग्रेस और यूपीए तो केवल मनरेगा लेकर आई थी, 2 लाख 13 हजार 220 करोड़ रु. यूपीए सरकार ने मनरेगा पर खर्च किए थे, जबकि हमने 8 लाख 53 हजार 810 करोड़ रु. गरीब कल्याण पर खर्च किए और इस योजना को और मजबूत करने की कोशिश की है, आज भी तकलीफ क्या है, 100 दिन की गारंटी की बजाय हम 125 दिन की गारंटी दे रहे हैं, ये गारंटी कोरी नहीं है, बल्कि उसके लिए 1 लाख 51 हजार 282 करोड़ से ज्यादा रु. की राशि का प्रावधान दिया गया है।

श्री शिवराज सिंह ने कहा कि नया बिल गांवों का संपूर्ण विकास करेगा। उन्होंने कहा कि शरद पवार जी जब केंद्रीय कृषि मंत्री थे, तब उन्होंने ही कहा था कि कृषि कार्यों के लिए मजदूर नहीं मिलते। हमने तो पवार जी की उस चिंता का भी समाधान करने का प्रयास किया है। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि बापू हमारे दिलों में बसते हैं, उनका हम पूरा सम्मान करते हैं, बापू ही कहते थे राम राज्य। राम हमारे रोम-रोम में रमे हैं, राम हमारी हर सांस में बसे हैं। बिना राम के यह देश नहीं जाना जाता। पता नहीं क्यों, श्इ-ॠफ्अट-ॠनाम आ गया तो ये भड़क गए। महात्मा गांधी स्वयं राम राज्य स्थापना की बात करते थे, उनके अंतिम शब्द थे- हे राम। बापू जी का पूरा सम्मान करते राम राज की स्थापना मतलब दैहिक, दैविक, भौतिक तापा– राम राज का हू नहीं व्यापा।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि हर गरीब को भरपूर रोजगार मिले, उसकी गरिमा का सम्मान हो, दिव्यांग, बुजुर्ग और महिला, अनुसूचित जाति-जनजाति, उनको और प्रोटेक्शन दिया जाए, इसके लिए यह बिल लेकर आए हैं। गांव का संपूर्ण विकास करेंगे और कृषि व मजदूरी दोनों में संतुलन स्थापित करने का काम करेंगे। शिवराज सिंह ने कहा कि यह पूरा बिल गांधी जी की भावनाओं के अनुरूप है, राम राज्य की स्थापना के लिए है।

# कनेक्शन स्वीकृत, लाइन अब तक नहीं जुड़ी, सालो से जंग खा रहा लाखों का बिजली सामान

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

विकास खंड क्षेत्र के गांव जसाला में निजी नलकूप के लिए स्वीकृत विद्युत कनेक्शन ढाई वर्ष बीतने के बाद भी संयोजित नहीं किया जा सका है। पीड़ित किसान ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को पत्र भेजकर समस्या के निस्तारण की मांग की है।किसान सुरेशपाल पुत्र मामराज ने बताया की उसने नो जून 2023 को नाम विद्युत कनेक्शन स्वीकृत हुआ था। पीड़ित किसान का आरोप है कि JE व SDO स्तर से सभी तकनीकी औपचारिकताएं पूर्ण कर ली गईं, इसके बावजूद आज तक लाइन नहीं जोड़ी गई।मौके पर ट्रांसफार्मर, तार, इंसुलेटर सहित



लाखों रुपये का विद्युत सामान पिछले 2.5 वर्षों से खुले में पड़ा हुआ है, जो मौसम की मार झेलते हुए जंग खाकर बेकार होता जा रहा है। लाइन संयोजन न होने के कारण किसान का कृषि कार्य पूरी तरह प्रभावित हुआ है। किसान के अनुसार, अब तक उसे करीब 4.40 लाख की आर्थिक क्षति उठानी पड़ चुकी है।समस्या के समाधान के लिए किसान ने IGRS पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन विभागीय स्तर से केवल आश्वासन ही दिए गए, कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई।पीड़ित किसान ने अधिशासी अभियंता खंड-2, शामली पर जानबूझकर प्रकरण को लंबित रखने तथा मिलीभगत के गंभीर आरोप लगाए हैं। मामले को लेकर किसान ने प्रबंध निदेशक, पीवीवीएनएल मेरठ से उच्चस्तरीय जांच कराने और तत्काल विद्युत लाइन संयोजन कराने की मांग की है।

# भनेड़ा में तेंदुए की दहशत ग्रामीणों में भय का माहौल

समाज जागरण
कांधला ।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के गांव भनेड़ा में एक बार फिर तेंदुए की आहट से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का दावा है कि बीते करीब 15 दिनों से तेंदुआ गांव और आसपास के खेतों में घूम रहा है, लेकिन लगातार शिकायतों के बावजूद वन विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे ग्रामीणों में आक्रोश और भय दोनों का माहौल बना हुआ है।मंगलवार को गांव भनेड़ा निवासी गजेंद्र सिंह और विजय सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि उनके खेतों के आसपास तेंदुए की गतिविधियां लगातार देखी जा रही हैं। कई बार ग्रामीणों ने तेंदुए को प्रत्यक्ष रूप से देखने का भी दावा किया है। तेंदुए की मौजूदगी के चलते गांव के लोग खासे सहमे हुए हैं।



शाम ढलते ही लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो जाते हैं और खेतों में जाना लगभग बंद कर दिया गया है।ग्रामीणों का कहना है कि इससे पहले भी कई बार गांव में तेंदुआ देखे जाने की पुष्टि हो चुकी है। इसके बावजूद वन विभाग की टीम समय रहते मौके पर नहीं पहुंच रही, जिससे किसी बड़े हादसे की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बीते 15 दिनों से वे लगातार वन विभाग को सूचना दे रहे हैं, लेकिन कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया।ग्रामीणों की शिकायत पर वन विभाग की एक टीम गांव में पहुंची और तेंदुए को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया। हालांकि, काफी देर तक जंगल और खेतों में तलाश के बावजूद तेंदुए का कोई सुराग नहीं मिल सका। इसके बाद टीम वापस लौट गई, जिससे ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है।

# दहेज हत्या के आरोप में पुलिस ने दो को भेजा जेल

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में 25 वर्षीय विवाहिता की लगभग एक माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी,सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया धा। पुलिस ने परिजनों की तहरीर पर




मुकदमा दर्ज कर लिया था मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी पति व सास को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।बड़ौत कोतवाली क्षेत्र के गांव वाजिदपुर निवासी महिला आशा, पुत्री वेदपाल की शादी 26 फरवरी 2023 में थाना क्षेत्र के कस्बा एलम निवासी आकाश पुत्र राजेश के साथ हुई थी।महिला का शव विगत 13 नवंबर को घर में फांसी पर लटका हुआ मिला था। ससुराल पक्ष नेमामले की सूचना पुलिस को दी थी। घटना की जानकारी मिलते हैं मौके पर थाना प्रभारी सतीश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया। पुलिस ने शव को नीचे उतार और फॉरेंसिक टीम ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मामले में मृतक महिला के पिता वेदपाल ने थाने पर तहरीर देकर पति ,आकाश,सांस कमलेश,नन्द मनीषा पर आंतरिक दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया था। मंगलवार को पुलिस ने पति आकाश व सास कमलेश को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# ग्राम प्रधान प्रत्याशी के समर्थन में ऐतिहासिक जनसमर्थन

-गांव में दिखा विकास का उत्सव

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

देहात ग्राम प्रधान प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित भव्य कार्यक्रम गांव के लोकतांत्रिक इतिहास में एक यादगार पल बनकर उभरा। कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों, बुजुर्गों, युवाओं और महिलाओं की उत्साह पूर्ण सहभागिता ने यह संदेश साफ कर दिया कि प्रत्याशी गय्यूर हसन को गांव के हर वर्ग का भरपूर आशीर्वाद और समर्थन प्राप्त हो रहा है। पूरे गांव का माहौल उत्सव जैसा नजर आया और हर ओर विकास, एकता और प्रगति की बातें गूंजती रहीं। कस्बे के नई बस्ती में कार्यक्रम स्थल को फूल-मालाओं और बैनरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया था। ग्रामवासियों ने प्रत्याशी गय्यूर हसन का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फूलों की वर्षा की और विकास के नारों से वातावरण को ऊर्जावान बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि ग्राम प्रधान प्रत्याशी का व्यक्तित्व सरल, स्पष्ट और जनसेवा को समर्पित है, जो उन्हें आमजन के बीच खास बनाता है। उन्होंने हमेशा गांव की समस्याओं को प्राथमिकता दी है और हर सुख-दुख में ग्रामीणों के साथ




खड़े रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान चुनाव में सहयोग के लिए गुलजार हमीद ने 21 हजार रुपए व हुस्ने आलिम ने 31 हजार रुपए दिए। सभा को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान प्रत्याशी गय्यूर हसन ने कहा कि उनका लक्ष्य गांव का सर्वांगीण और संतुलित विकास कराना है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जीत के बाद सबसे पहले कच्ची सड़कों को पक्का कराया जाएगा, नालियों और जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी, स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा तथा पेयजल, स्ट्रीट लाइट, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने युवाओं के लिए रोजगार से जुड़े प्रयासों और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया।कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों ने प्रत्याशी के विचारों और विकास योजनाओं की जमकर सराहना की। वक्ताओं ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल समर्थन नहीं, बल्कि गांव के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव है। सभी ने एकजुट होकर ग्राम प्रधान प्रत्याशी को पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया और विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में गांव विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। कार्यक्रम का समापन उत्साह और जोश के साथ हुआ। ग्रामीणों के चेहरों पर उम्मीद और भरोसा साफ झलक रहा था, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि यह जनसमर्थन आने वाले चुनाव में निर्णायक भूमिका निभाएगा और गांव को विकास की नई दिशा देगा। इस दौरान अय्यूब चढ़ाव, आकिब, इकराम, आशु, दाऊद हसन, हाजी नफीस, अख्तर हेवा, आकिल, खुर्शीद, मसव्वर, हाजी वहिदा, सोमीन सिद्दीकी, मुबारिक हसन, अय्यूब काकड़ा, दिलशाद सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# पशु क्रूरता अधिनियम का आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)

थाना क्षेत्र के कस्बा एलम में पुलिस ने चेकिंग के दौरान आधा दर्जन से




अधिक पशुओं से भरी एक पिकअप गाड़ी को पकड़ा था, जबकि पिकअप गाड़ी का चालक मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना क्षेत्र के कस्बा एलम चौकी क्षेत्र में एक माह पूर्व पुलिस संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी बीच पुलिस को बड़ौत की ओर से एक पिकअप गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस ने पिकअप गाड़ी को रोककर तलाशी ली तो पिकअप गाड़ी में आधा दर्जन से अधिक पशुओं को क्रूरता पूर्वक भर गया था। चालक गाड़ी को छोड़कर जंगल के रास्ते फरार हो गया था। मंगलवार को पुलिस ने गाड़ी चालक जियालाल पुत्र रामलाल गांव बिसौली थाना चंदौली को कस्बे के दिल्ली बस स्टैंड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि पिकअप गाड़ी चालक को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

# स्वत पर्ची मोड़ बढ़ाए जाने को लेकर बढ़ती जा रही किसानों की नाराजगी

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) शामली चीनी मिल में स्वतः पर्ची मोड बढ़ाए जाने को लेकर किसानों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में भाकियू पदाधिकारियों ने जिला गन्ना अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मिल की विशेष परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए स्वतः पर्ची मोड बढ़ाने में छूट दिए जाने की मांग की गई है।
ज्ञापन में बताया गया है कि बीते दो-तीन दशकों से शामली चीनी मिल में मिल, विभाग और किसानों की सहमति से निर्धारित पर्ची मोड के अनुसार गन्ना आपूर्ति की जा रही है, जिससे किसानों को किसी प्रकार की समस्या नहीं होती थी। वर्तमान में स्वतः पर्ची मोड बढ़ाए जाने से किसानों के सामने गंभीर दिक्कतें उत्पन्न हो गई हैं। किसानों का कहना है कि शामली चीनी मिल की आपूर्ति व्यवस्था अन्य मिलों से अलग है। मिल में आने वाला समस्त गन्ना



शामली कस्बे के बीच से होकर गुजरता है। केन यार्ड में जगह कम होने के कारण गन्ना ट्रालियों व बुग्गियों में सीधी भराई कर लाया जाता है। यदि गन्ना आड़ी भराई में लाया गया तो शहर की यातायात व्यवस्था प्रभावित होगी और आम जनता व व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इसके साथ ही किसानों ने यह भी बताया कि केन यार्ड में सीमित स्थान होने के कारण गन्ना उतारकर पुनः लाने की व्यवस्था संभव नहीं है। इससे तौल प्रक्रिया बाधित होगी, पेराई प्रभावित होगी और चीनी मिल को नुकसान पहुंच सकता है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि शामली चीनी मिल की विशेष परिस्थितियों को नजरअंदाज करते हुए स्वतः पर्ची मोड बढ़ाया गया तो किसान उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे और मिल बंद होने की स्थिति भी बन सकती है। इस अवसर पर युवा मंडल महासचिव मोहित शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष कपिल खाटियान, जितेन्द्र, अमरपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# इनामी बदमाश की पुलिस के साथ मुठभेड़, एक घायल दूसरा फरार

समाज जागरण
कांधला।(फुरकान जंग)

चेकिंग के दौरान पुलिस की पच्चीस हजार रुपए के इनामी बदमाश से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में इनामी बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया है। बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस फरार बदमाश की तलाश कर रही है। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के कब्जे से अवैध तमंचा, खोखा व जिंदा कारतूस सहित एक मोटरसाइकिल बरामद की है।सोमवार की देर शाम को थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार खंद्रावली चौकी इंचार्ज विजेंद्र सिंह रावल के साथ फतेहपुर पुलिया के निकट संदिग्ध लोगों एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी बीच पुलिस को एक बाइक पर दो संदिग्ध युवक आते दिखाई दिए।



पुलिस ने बाइक सवार दोनों युवकों को रोकने का इशारा किया तो बदमाशों ने बाइक की स्पीड बढ़ा दी। पुलिस ने बाइक सवारों का पीछा किया तो एक बाइक सवार ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षार्थ में फायरिंग की तो एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि बदमाश का दूसरा साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम सुशील पुत्र रोहतास निवासी बधैव थाना आदर्श मंडी बताया। पुलिस ने पकड़े गए बदमाश के कब्जे से एक अवैध तमंचा खोखा व जिंदा कारतूस और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पकड़े गए बदमाश ने लगभग तीन माह पहले क्षेत्र के गांव जसाला में अपने साथियों के साथ चोरी का प्रयास किया था, जाग होने पर बदमाश ने मां बेटे के ऊपर फायरिंग की थी। जिसमें सचिन और उसकी मां घायल हो गए थे। वही पकड़ा गया बदमाश आदर्श मंडी थाना क्षेत्र से ट्रैक्टर चोरी के मामले में भी वांछित चल रहा था। जिस पर पच्चीस हजार रुपए का इनाम था। पकड़े गए बदमाश के फरार साथी की तलाश की जा रही है। शीघ्र ही फरार बदमाश को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# सड़क निर्माण से पूजा पाठ के दौरान आने जाने वाली महिलाओं को मिलेगी राहत

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) क्षेत्र के गांव टिटौली में विकास कार्यों की कड़ी में गोगा माढ़ी तक नवनिर्मित आरसीसी सड़क का उद्घाटन एमएलसी किरण पाल कश्यप ने किया। एमएलसी ने कहा कि लंबे समय से जर्जर हालत में



रहे इस मार्ग के निर्माण से ग्रामीणों, विशेषकर पूजा-पाठ के दौरान आने-जाने वाली महिलाओं को बड़ी राहत मिली है। कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मजबूत और टिकाऊ बुनियादी सुविधाएं बेहद जरूरी हैं। आरसीसी सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और बरसात के मौसम में कीचड़ व जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी। इस मौके पर गौरव कश्यप, भारत कश्यप, रूप सिंह कश्यप, इंद्रपाल कश्यप, शैलेख चंद कश्यप आदि मौजूद रहे।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की मांग को लेकर एडीएम को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) भारतीय किसान यूनियन प्रधान के पदा धिकारियों ने एडीएम को ज्ञापन देकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना करने की मांग की है। मंगलवार को दिए ज्ञापन में उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे बडा प्रदेश है। जिसकी आबादी 25 करोड से अधिक है। लेकिन इतने बडे प्रदेश के लिए केवल एक उच्च न्यायालय इलाहबाद व उसकी एक मात्र खंडपीट लखनऊ में कार्यरत है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लगभग 22 जिलों के नागरिकों को न्यायानय प्राप्ति के लिए इलाहबाद तक 500



से 700 किलोमीटर तक की यात्रा करनी पडती है। कुछ जिले के लोगो को तो लखनऊ होकर जाना पडता है। जिससे समय, धन, श्रम की भारी हानि होती है। उन्होने कहा कि उपलब्ध आंकडों के अनुसार इलाहबाद उच्च न्यायालय में लंबित मामलों में से 50 प्रतिशत से अधिक मामले पश्चिमी उत्तर प्रदेश से संबंधित है। इसके बावजूद इस क्षेत्र में हाई कोर्ट बेंच की स्थापना नही की गई। इस अवसर पर राजेन्द्र सिंह पंवार, सन्नी निर्वाल, संजीव सुन्ना, प्रदीप आदि मौजूद रहे।

# शैक्षिक प्रतियोगिताओं का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न

समाज जागरण

शामली। शहर के बीएसएम स्कूल में मंगलवार को लायंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित शैक्षिक प्रतियोगिताओं का प्रथम चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रति योगिता में विद्यालय के कक्षा एक से चार तक के 77 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कंप्यूटर, सामान्य ज्ञान, अंग्रेजी, गणित एवं विज्ञान विषयों की परीक्षाएं दीं। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने अपनी भाषा दक्षता, शब्द ज्ञान, पठन एवं समझ क्षमता का सराहनीय प्रदर्शन किया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार की ओलंपियाड परीक्षाएं विद्यार्थियों



के भाषा कौशल के साथ-साथ उनके आत्मविश्वास को भी सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य राहुल चौधरी,विद्यालय की मैनेजर छाया सिंह एवं चेयरमैन सूर्यवीर सिंह, उप प्रधानाचार्या आशु पंडित मौजूद रहे।

# डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दंपती घायल, चालक फरार

समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)

देर रात्रि डीसीएम की टक्कर से बाइक सवार दंपत्ति घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद आरोपी डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। मेरठ क्षेत्र के गांव दबथुआ निवासी विकास कुमार अपनी पत्नी पूनम के साथ बाइक पर सवार होकर रिश्तेदारी में शामली आया था। बताया जाता है कि जब वह वापस लौट रहा था तो काबडौत पुल के निकट डीसीएम चालक द्वारा बाइक में टक्कर मार दिए जाने से दंपत्ति जमीन पर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद आरोपी डीसीएम चालक मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने परिजनों को सूचना देते हुए दंपत्ति को शामली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया।

# विजय दिवस के रूप में मनाई गई शहीद कैप्टन मदनपाल चौहान की पुण्यतिथि

समाज जागरण

शामली।(फुरकान जंग) भारत-पाकिस्तान के युद्ध 1971 में शहीद हुए शहीद कैप्टन मदनपाल चौहान की पुण्यतिथि विजय दिवस के रूप में जिलेभर में मनाई गई। इस दौरान विभिन्न सामाजिक व शिक्षण संस्थाओं में शहीदों के लिए हवन पूजन, विचार गोष्ठी का आयोजन कर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला गया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का भी आहवान किया गया। मंगलवार को शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में शहीद कैप्टन मदनपाल चौहान की चित्र पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान अस्पताल के डायरेक्टर कुशांक चौहान ने कहा कि जिले के जसाला गांव के कैप्टन मदनपाल सिंह चौहान 27 वर्ष की अवस्था में शकर गढ़ मोर्चे पर पाकिस्तान के 40 टैंक तबाह कर दिए थे। दुश्मनों से मुकाबले की हिम्मत दिखाई, तो पाकिस्तानी सेना के चार टैंकों और विमान भेदी तोपों से खुद को बचा नहीं सके। दुश्मन के हमले में विमान की खिड़की के सामने से गोली लगने के कारण 16 दिसंबर 1971 को शहीद होकर वीरगति को प्राप्त हुए। इस अवसर पर डा. अक्षय, डा.



मुरली, डा. नदीम, विपिन, अजय, डा. शबनम, डा. गुंजन, राहुल, सुरेन्द्र चौहान आदि मौजूद रहे। इसके अलावा गांव जसाला स्थित शहीद कैप्टन मदनपाल चौहान जूनियर हाईस्कूल में कैप्टन मदनपाल चौहान की पुण्यतिथि पर हवन पूजन का आयोजन किया गया। पूजन के यजमान डा. जनेश्वर चौहान, मधुसूदन चौहान, नेत्रपाल चौहान रहे। इसके बाद शहीदों को याद करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। मौके पर मैनपाल चौहान, राजकुमार चौहान, अक्षय, मोनू, आजम आदि मौजूद रहे। इसके अलावा कांधला के वीपीएन जूनियर हाईस्कूल में भी श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य शर्मा प्रवीन, अध्यक्षा अलका चौहान, श्वेता चौहान, रमेश, रजत, अंकित, इकरा, स्वाति, मानसी, शबा, अनु आदि मौजूद रहे।

# गाइड कैंप के दूसरे दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

समाज जागरण

शामली। भारत स्काउट, गाइड उत्तर प्रदेश जनपद शामली के तत्वावधान में कन्या कल्याण गुरुकुल शिक्षण संस्थान, भैसवाल में आयोजित गाइड कैंप के दूसरे दिन विभिन्न गति विधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की प्रधानाचार्या कुमुद राठौर द्वारा ध्वजारोहण के साथ की गई। शिविर की संचालिका गीता रानी ने छात्राओं को स्वस्थ जीवन के महत्व को बताते हुए बीपी सिक्स अभ्यास एवं योग कराया। इसके बाद प्रशिक्षण सत्र



में छात्राओं को विषम परिस्थितियों में साहस और संयम से कार्य करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान गायत्री देवी एवं गीता रानी ने छात्राओं को घायलों को प्राथमिक उपचार देना, पट्टियां बांधना, स्ट्रेचर बनाना, विभिन्न प्रकार की गांठें लगाना, तंबू बनाना तथा बिना बर्तन के भोजन तैयार करने जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियों का अभ्यास कराया। छात्राओं ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया।इस अवसर पर सविता, मीनू, प्रतिभा, शिवानी मौजूद रहे।

# फुल्ली आटो बायोकेमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब, मरीज परेशान

समाज जागरण

शामली। शामली जिला अस्पताल में हृदय, किडनी और लीवर जांच के लिए फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानियों का सामना करना पडा। मशीन को ठीक करने के लिए बाहर से टेक्निशियन बुलाये गए थे। बुधवार को मशीन ठीक होने के साथ ही जांच



शुरू को सकेगी। गत सोमवार को शहर के जिला अस्पताल में हृदय, किडनी और लीवर जांच के लिए फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब हो गई। जिसके बाद अचानक जांच बंद हो गई। जिला अस्पताल में फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन खराब होने से मरीजों को परेशानियां का सामना करना पडा। वही मंगलवार को बाहर से टेक्निशियन को बुलाया गया और मशीन को ठीक कराया गया। अब बुधवार से फुल्ली ऑटो बायोकैमिस्ट्री एनालाइजर मशीन ठीक होने की उम्मीद है, जिसके बाद हृदय, किडनी और लीवर जांच शुरू हो सकेगी।

# जनपद स्तरीय समता प्रतियोगिता का आयोजन

समाज जागरण

शामली। शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में विजय दिवस व जनपद स्तरीय समता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जिसमें जनपद के चार विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। जिसमें सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज की बालिकाओं ने 135 में से 127 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज शामली ने 109 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल ने 100 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा लाल नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कैराना ने 82 अंक प्राप्त कर चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में जिला संघ संचालक देशपाल, अमन, अभिषेक, जगबीर शर्मा, प्रधानाचार्य



रविंद्र कुमार, प्रधानाचार्य संजय सैनी उपस्थित रहे। प्रबंधक रवि बंसल व सुमीत गुप्ता ने बालक बालिकाओं को स्वर्ण रजत व कांस्य पदक पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं की। इस अवसर पर पीटीआई नितिन कुमार, धीरज कुमार, सुमित कुमार ,रेनू रानी, राहुल कुमार, संदीप कुमार उपस्थित रहे।

# महिलाओं के आगे आने से खेलो को मिलेगा बढ़ावा : चौधरी नीरपाल

**समाज जागरण बागपत।**



रोहटा रोड साईं उद्यान में रालोद खेल प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तोमर ने ज्योति शर्मा को खेल प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव और रंजिता वर्मा को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष तथा शैलेश चौधरी को क्षेत्रीय महासचिव बनाया है। नियुक्ति पत्र सौंपते हुए उन्होंने कहा कि महिला देश की रीढ़ है और आज हमारी बेटियों ने खेलो में गोल्ड मेडल जीतकर बेटियों का सम्मान बढ़ाया है। इस अवसर पर मुख्य रूप से पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी चौधरी नीरपाल सिंह ने कहा कि खेलो में बेटियों का भविष्य सुरक्षित है, खेलो से मान सम्मान के साथ साथ सरकारी नौकरी, रोजगार मिलता है, बेटियां आत्म निर्भर बन जाती है। हमारे नेता केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी भी खेलो के माध्यम से बेटियों को प्रोत्साहित कर रहे है। इस दौरान नवनियुक्त प्रदेश सचिव ज्योति शर्मा व क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रंजिता वर्मा ने कहा कि हमें जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे ईमानदारी से निभायेंगे। अध्यक्षता चौ सतपाल सिंह संचालन एडवोकेट जयराज सिंह ने किया। इस अवसर पर विनय प्रधान, प्रदेश महासचिव भूपेंद्र सिंह, नरेश मल्हाहपुर, संगीत पंवार, संदेश फौजी, राजकुमार, विपिन राठी, पूजा राजपूत, प्रीति, विभा आदि उपस्थित रहे।

# बीज की भांति, आत्मा ही बनती है परमात्मा : आचार्य विमर्श सागर

**समाज जागरण बागपत।**




भावलिंगी संत जैन आचार्य श्री विमर्श सागर महाराज ने अजितनाथ सभागार में श्री अजितनाथ साधु सेवा समिति द्वारा बडौत द्वारा आयोजित धर्मसभा में मंगल प्रवचन देते हुए कहा कि जब तक बीज धरती में बोया नहीं जाता, तब तक वह फल प्रदान करते में समर्थ नहीं हो सकता। बीज भूमि को देखता रहे और भूमि बीज को देखती रहे, इतने मात्र से न तो भूमि फसल प्रदान कर सकती है और न ही बीज फल प्रदान कर सकता है। ठीक इसी प्रकार यदि आप भगवान की फोटो देखते रहो और अपना समर्पण न कर सको, तो भगवान को देखने मात्र से आप भगवान नहीं बन सकोगे। भगवान बनने की पहली आवश्यकता है आत्म समर्पण। अर्थात अब मैं जो कुछ भी करूंगा, वह जिनेंद्र भगवान के बतलाए हुए मार्ग के अनुसार ही करूंगा। अपनी स्वेच्छाचार प्रवृत्ति नहीं करूंगा। ऐसी आत्मसमर्पण की भावना जहां जन्म लेती है, वहीं से भगवान बनने की यात्रा प्रारंभ हो जाती है। आचार्य श्री ने कहा की बीज को उगाने के लिए भूमि ही पर्याप्त नहीं है, भूमि भी उर्वरा होनी चाहिए। बंजर भूमि में बोया गया बीज नष्ट हो जाता है। इसी प्रकार आपकी भावनाएं श्रेष्ठ है आपका आत्म समर्पण समीचीन है, किंतु जहां आपका समर्पण है वह पात्र ही श्रेष्ठ नहीं है, तब भी आपको समर्पण का फल प्राप्त नहीं हो सकता। ध्यान रखो जिन्होंने राग देश मोह से रहित वीतराग भाव प्राप्त कर लिया हो, ऐसे सच्चे देव शास्त्र गुरु ही वास्तव में आत्मसमर्पण के लिए श्रेष्ठ आश्रय करने योग्य हैं। इनकी शरण में किया गया आत्मसमर्पण ही एक दिन भक्त को भगवान बना देता है।सभा का संचालन डॉक्टर श्रेयांस जैन ने किया। सभा में मुकेश जैन, प्रदीप जैन, एडवोकेट विनोद जैन, संजय जैन, अतुल राय जैन, वरदान जैन, अखिलेश जैन, राकेश जैन भाजपा, अरुण जैन आदि उपस्थित थे।

# पुलिस की सक्रियता के बाद भी कानपुर में बेलगाम चोरी की घटनाएं, लोगों में रोष

**समाज जागरण सुनील बाजपई**

कानपुर। पुलिस की लगातार कथित सक्रियता के बाद भी जिले भर में चोरी की घटनाएं बेलगाम हो चली हैं। मतलब ऐसा कोई दिन नहीं जाता ,जिस दिन विभिन्न थाना क्षेत्रों में तकरीबन 1 दर्जन से अधिक चोरी की घटनाएं ना होती हों। इनमें सबसे ज्यादा प्रभावित नौबस्ता गोविंद नगर, चकेरी, कल्याणपुर, सचेंडी ,घाटमपुर , गुजैनी आदि थाना क्षेत्र हैं। जिससे लोगों में पुलिस के खिलाफ जबरदस्त रोष भी व्याप्त है।

याद रहे कि कई साल पहले घरों में आए दिन बड़ी संख्या में हो रही चोरी की वारदातों सेवा : परेशान पुलिस ने खाली घरों की रखवाली करने का भी निर्णय लिया था ,जिसके तहत वह गृह स्वामी के बाहर जाने की दशा में इसकी सूचना देने के बाद उसके घर की रखवाली भी करती थी। इसके लिए लोगों को चोरी की घटनाओं से बचने के लिए घर बंद कर बाहर जाने से पहले थाने में सूचना भी देनी होती थी जिसके आधार पर पेट्रोलिंग टीम उस घर पर विशेष निगरानी रखी जाती थी।

दूसरे के साथ कड़ाके की ठंड में चोरी की घटनाओं से बचाव के लिए पुलिस ने उस समय जो योजना बनाई थी,उसके मुताबिक रात में एक से सुबह सात बजे तक गश्त पुलिसकर्मी करते थी। जो कि लगभग अब भी की जाती है। जबकि पहले रात में गश्त के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर 5 पुलिस कर्मियों की विशेष टीमें बनायी गयीं थी।

कुल मिला कर लगातार हो रहीं चोरी की घटनाएं पुलिस की नींद हराम भी हराम किए है। वह चोरों की तलाश में भी लगातार जुटी हुए है, लेकिन अब तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं हो पाया है।

# निगोहां पुलिस व एंटी नारकोटिक्स की संयुक्त टीमो ने गांजा तस्कर को पकड़ा, 50 किलो गांजा बरामद

**आशीष पांडेय समाज जागरण संवाददाता निगोहा**




लखनऊ निगोहां पुलिस व एंटी नारकोटिक्स की संयुक्त टीमो ने निगोहां- नगराम मार्ग से मुखबिर की सूचना पर एक गांजा तस्कर को 50 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार किया जबकि गांजा तस्कर का एक साथी मौके से भागने में सफल रहा।

एसओ निगोहां अनुज कुमार तिवारी ने बताया कि निगोहां पुलिस और नारकोटिक्स टीम द्वारा संयुक्त रुप से कार्यवाही करते हुए गांजा तस्कर अनिकेत मौर्या उर्फ अतुल मौर्या पुत्र जयदीप मौर्या उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम जिगना पूरे देव थाना जगतपुर जनपद रायबरेली को मुखबिर खास की सूचना पर नगराम-निगोहां मार्ग से मीरकनगर जाने वाले मार्ग पर गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से कुल 49.050 किलो0 अवैध गांजा बरामद किया गया जिसकी बाजारू कीमत लगभग 07 लाख रुपये है। गांजा तस्करी में प्रयुक्त वाहन सं0- UP-33CK-6816 ह्यन्डई ओरा कार एवं दो अदद एन्ड्रोइल मोबाइल फोन को कब्जा पुलिस में लिया गया। अभियुक्त उक्त गांजा को पीजीआई लखनऊ किसी को बेचने जा रहा था। आरोपी अनिकेत ने पूंछताछ में बताया कि उसे अनोखेलाल जाय सवाल पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम हरदूसराय थाना जगतपुर जनपद रायबरेली द्वारा गांजा दिया गया था, जिसे आज पीजीआई में एक व्यक्ति को बेचने जा रहा था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी सहित गांजा देने वाले पर एनडीपीएस एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर आरोपी अनिकेत को जेल भेजा गया जबकि अनोखेलाल की तलाश की जा रही है।

# रजिस्टर्ड गौशालाओं का भुगतान अटका, गौ पालकों में खासा रोष

**आशीष पांडेय समाज जागरण संवाददाता निगोहा**

लखनऊ,मोहनलालगंज विकास खण्ड के उतरावां गांव में मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना के तहत रजिस्टर्ड गौशालाओं को मिलने वाला भुगतान लंबे समय से लंबित चल रहा है। भुगतान न मिलने से गौ पालकों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है, वहीं गौवंश के भरण-पोषण पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है।उतरावां गांव निवासी गौ पालक हरी प्रताप सिंह ने इस संबंध में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर लंबित भुगतान जल्द दिलाए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र में उन्होंने बताया कि उनका गौ आश्रम अक्टूबर 2019 में उक्त योजना के अंतर्गत विधिवत रजिस्टर्ड किया गया था। इसके बावजूद नवंबर 2024 से अब तक रजिस्टर्ड गायों का भुगतान नहीं किया गया है। हरी प्रताप सिंह का कहना है कि लगातार भुगतान न मिलने से चारे, दवाइयों, देखरेख और अन्य आवश यक व्यवस्थाओं में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि केवल उनका ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के कई अन्य गौ पालक भी वर्ष 2024 से भुगतान से वंचित हैं, जिससे सभी गौ पालकों में गहरी नाराजगी व्याप्त है।गौ पालकों का कहना है कि सरकार द्वारा गोवंश संरक्षण के लिए चलाई जा रही योजना सराहनीय है, लेकिन समय पर भुगतान न होने से योजना का उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है। यदि शीघ्र भुगतान नहीं कराया गया तो गौवंश के संरक्षण और पालन-पोषण में गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।मामले को लेकर गौ पालकों ने प्रशासन से जल्द से जल्द भुगतान कराए जाने की मांग की है, ताकि गौवंश की उचित देखभाल सुनिश्चित की जा सके और गौ पालकों को आर्थिक राहत मिल सके।

# मोदी शुगर मिल पर तत्काल कराई जाये पर्यावरणीय जांच : डॉ संदीप शर्मा

**समाज जागरण बागपत।**



जनपद बागपत के मलकपुर एवं लॉयन गांव के किसानों के लिए मोदी शुगर मिल वर्षों से आर्थिक सहारा रही है। गन्ना उत्पादक किसानों को अपने उत्पाद की बिक्री का स्थानीय आधार प्रदान करने के कारण इसे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का मजबूत स्तंभ माना जाता रहा है। किन्तु विडम्बना यह है कि यही शुगर मिल आज मलकपुर एवं लॉयन गांव के ग्रामीणों के लिए गंभीर पर्यावरणीय, स्वास्थ्य एवं मौलिक अधिकारों की समस्या का स्त्रोत बन चुकी है। फैक्ट्री से निकलने वाला असंसाधित गंदा पानी भूमिगत जल में पहुँचकर पेयजल को प्रदूषित कर रहा है, जो सीधे तौर पर जीवन, स्वास्थ्य और स्वच्छ पर्यावरण के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। विधि विशेषज्ञ एवं पूर्व सहायक प्रोफेसर डॉ संदीप कुमार शर्मा बडौत ने बताया कि जल प्रदूषण निवारण और नियंत्रण अधिनियम, 1974 बिना उचित ट्रीटमेंट गंदा पानी छोड़ना कानूनन दंडनीय है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति के बिना ऐसा करना गंभीर पर्यावरणीय अपराध है। पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 औद्योगिक इकाई का दायित्व है कि वह पर्यावरणीय मानकों का पालन करे। भूजल को प्रदूषित करना इस अधिनियम का सीधा उल्लंघन है। बताया कि राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण के सिद्धांत के अनुसार जो इकाई प्रदूषण करेगी, वही क्षति की भरपाई करेगी। मोदी शुगर मिल क्षेत्र के किसानों की आर्थिक रीढ़ है, परंतु वर्तमान परिस्थितियों में यह गांवों के स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। यह आवश्यक है कि मोदी शुगर मिल पर तत्काल पर्यावरणीय जांच कराई जाए। यह मुद्दा केवल पर्यावरण का नहीं, बल्कि जीवनझअधिकार का है। मलकपुर एवं लायन गांव के निवासियों को स्वच्छ जल और सुरक्षित पर्यावरण मिलना उनका संवैधानिक, मानवीय एवं कानूनी अधिकार है।

# बाल्मीकि समाज की जमीन को वक्फ बताकर कब्जे की कोशिश डीएम से शिकायत

**कब्रिस्तान भूमि विवाद को लेकर वाल्मीकि समाज डीएम कार्यालय पहुंचा**

**धमकी और साम्प्रदायिक तनाव के आरोप वाल्मीकि समाज ने उठाई प्रशासन से गुहार**



**समाज जागरण बागपत।**

ग्राम टांडा में वाल्मीकि समाज की वर्षों पुरानी कब्रिस्तान भूमि को वक्फ संपत्ति बताकर कब्जा करने की कोशिश और समाज को धमकाने के मामले को लेकर मंगलवार को बाल्मीकि समाज के लोग जिला धिकारी कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर मामले में निष्पक्ष जांच, अभिलेखों में सुधार और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। बाल्मीकि समाज के लोगों ने बताया कि ग्राम टांडा में स्थित खसरा संख्या 292, जिसका रकबा लगभग 3260 वर्ग मीटर है, पूर्व ग्राम सभा द्वारा उनके पूर्वजों को कब्रिस्तान के लिए दी गई थी। इसी भूमि में उनके पूर्वज दफन हैं और बाद में समाज द्वारा वहां वाल्मीकि मंदिर का निर्माण भी कराया गया। समय के साथ समाज में दाह संस्कार की परंपरा शुरू हो गई, लेकिन भूमि का उपयोग और इतिहास वही रहा। समाज के लोगों का आरोप है कि राजस्व रिकॉर्ड में त्रुटिवश उक्त भूमि को मुस्लिम वक्फ संपत्ति के रूप में दर्ज कर दिया गया, जिसका फायदा उठाकर गांव के कुछ लोग विवाद खड़ा कर रहे हैं। आरोप लगाया गया कि शमशाद उर्फ निन्ना और इजहार खान द्वारा भूमि को वक्फ बताते हुए कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है और समाज के लोगों को मंदिर हटाने की धमकियां दी जा रही हैं। बाल्मीकि समाज का कहना है कि इस तरह की धमकियों से गांव में भय का माहौल है और जानबूझकर हिंदू मुस्लिम तनाव पैदा करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित लोगों द्वारा पहले भी हरिजन समाज की जमीन पर फर्जी तरीके से कब्जा किया जा चुका है। समाज के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी से मांग की कि खसरा संख्या 292 को वाल्मीकि कब्रिस्तान के रूप में दर्ज कराया जाए और धमकी देकर माहौल खराब करने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए,

ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद और तनाव उत्पन्न न हो। इस मौके पर जयवीर, सुनील, रोहताश, सागर, जयपाल, जितेंद्र, साहिर, कुलदीप, सुरेश आदि मौजूद रहे।

# अवैध प्लाटिंग एवं बिना मानचित्र स्वीकृति निर्माण पर सख्त कार्रवाई

**समाज जागरण बागपत।**



बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण द्वारा मानचित्र स्वीकृत कराए बिना किए जा रहे निर्माण एवं अवैध कॉलोनी विकास को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सख्त रुख अपनाया गया है। स्थानीय स्तर पर कुछ कॉलोनाइजरों द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृति के प्लाटिंग एवं कॉलोनी निर्माण कराया जा रहा है। जिससे राज्य सरकार को निरंतर राजस्व क्षति हो रही है तथा अल्प सुविधाओं के साथ अव्यवस्थित बसावट विकसित हो रही है। इसके परिणामस्वरूप भविष्य में पेयजल, अशुद्ध जल निकासी एवं मार्गों से संबंधित गंभीर समस्याएं उत्पन्न होने की आशंका है। प्रकरण में यह भी संज्ञान में आया है कि रणवीर की भूमि पर कॉलोनाइजर नजाकत द्वारा सहमति के नाम पर अवैध रूप से प्लाटिंग की जा रही थी, तथा 10 रुपये के स्टांप पेपर पर धनराशि लेकर जमीन का लेनदेन किया जा रहा था। इस प्रकार का कृत्य पूर्णतः अवैध है और विकास प्राधिकरण के नियमों के साथ-साथ विधिक प्रावधानों का भी उल्लंघन है। उक्त अवैध गतिविधि को अंजाम देने वाले कॉलोना इजर नजाकत को भी कार्रवाई की श्रेणी में सम्मिलित किया गया है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल के निर्देशन में उपजिलाधिकारी बागपत अमरचंद वर्मा द्वारा प्रभावी कार्रवाई करते हुए 6 अवैध बाउंड्री वॉल एवं 2 अवैध रूप से निर्मित मकानों को ध्वस्त कराया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जनपद में कोई भी कॉलोनी बागपत-बड़ौत-खेकड़ा विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृति प्राप्त किए बिना विकसित नहीं की जाएगी। जो भी कॉलोनाइजर अवैध रूप से प्लाटिंग अथवा कटिंग कर रहे हैं, उनके विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जनसामान्य एवं बिल्डरों से अपील की गई है कि जनपद को सुव्यवस्थित, सुंदर एवं सुविधायुक्त शहर के रूप में विकसित करने हेतु विकास प्राधिकरण के नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, जिससे एक सुनियोजित और सुरक्षित शहरी विकास संभव हो सके।

# आपसी समन्वय से कार्यों में बेहतर परिणाम परिलक्षित होते हैं- कलेक्टर

**पुलिस का कार्य 24 घंटे का, साइबर व डिजिटल अपराध बड़ी चुनौती : पुलिस अधीक्षक**

**समाज जागरण**



अनूपपुर। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिले की बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान के कुशल नेतृत्व का परिणाम है। अपराधों का तत्परता से निराकरण तथा जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में अनूपपुर पुलिस की मेहनत और तत्परता सराहनीय है। आपसी समन्वय से कार्य करने पर बेहतर परिणाम सामने आते हैं। वे राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद जिला इकाई अनूपपुर द्वारा होटल गोविंदम के सभागार में आयोजित पुलिस अधीक्षक सहित 11 थानों के पुलिस अधिकारियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। कलेक्टर ने कहा कि सकारात्मक कार्यक्रमों से समाज में अच्छा संदेश जाता है।प्रशासन, पुलिस और पत्रकारों के समन्वय से कार्यों में गुणवत्ता आती है। कार्य करने वाले कर्मियों के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ता है और वे नई ऊर्जा के साथ जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पुलिसिंग का कार्य 24/7 का होता है। सड़क, कोर्ट, अस्पताल सहित हर जगह जनता की सुरक्षा और मानवीय संवेदनाओं से जुड़ा पुलिस का दायित्व है। वर्तमान समय में साइबर और डिजिटल अपराध बड़ी चुनौती बनकर उभरे हैं, जिनसे निपटने के लिए पुलिस पूरी तत्परता से कार्य कर रही है, ताकि जनता का भरोसा पुलिस के प्रति बना रहे।उन्होंने मीडिया और पुलिस के समन्वय को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे कई जटिल कार्य आसान हो जाते हैं। उन्होंने अपराध विवेचना में उत्कृष्ट कार्य कर दोषियों को सजा दिलाने के लिए अनूपपुर पुलिस अमले की सराहना की तथा मध्यप्रदेश के नक्सल-मुक्त होने को बड़ी उपलब्धि बताया। कार्यक्रम को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के उद्देश्यों पर राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद के संभागीय अध्यक्ष चैतन्या मिश्रा ने प्रकाश डाला।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान को राष्ट्रपति द्वारा प्राप्त पुलिस वीरता पदक के सम्मान में अभिनंदन पत्र का वाचन कर शाल, श्रीफल एवं अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही कोतवाली निरीक्षक अनूपपुर अरविंद जैन को अपराधों का 95.98 प्रतिशत निराकरण, प्रभावी प्रतिबंधात्मडक कार्यवाही, सीएम हेल्पनलाईन शिकायतों के त्वारित निराकरण, थाना प्रभारी जैतहरी अमर वर्मा को माईनर एक्टक में प्रभावी कार्यवाही, चचाई थाना प्रभारी सुन्द्रेश सिंह मरावी को नारकोटिक्स एक्ट में प्रभावी कार्यवाही 4 प्रकरणों में 89.923 किलोग्राम गांजा कीमत 9 लाख 77 हजार 574 रुपए, थाना प्रभारी कोतमा रत्नाम्भवर शुक्ला को स्थान वारण्टों में सर्वाधिक तामीली, थाना प्रभारी रामनगर सुमित कौशिक को गुम नाबालिग बालक, बालिकाओं की दस्त्याबी 95.45 प्रतिशत एवं कुटुंब न्यारयालय से प्राप्तल वसूली वारंटों की 69.57 प्रतिशत तामीली, थाना प्रभारी भालूमाड़ा विपुल शुक्लार को 173 (8) जा.फौ. के अपराधों का सर्वाधिक निराकरण/सर्वाधिक जिला बदर की कार्यवाही हेतु, थाना प्रभारी बिजुरी विकास सिंह को लंबित चालानों का त्वलरित निराकरण, थाना प्रभारी राजेन्द्राग्राम पी.सी. कोल को लंबित मर्ग प्रकरणों का सर्वाधिक निराकरण, थाना प्रभारी अमरकंटक लाल बहादुर तिवारी को कानून व्यावस्था नियंत्रण एवं व्ही आईपी ड्यूटी, थाना प्रभारी करनपठार वीरेन्द्रा बरकड़े को लंबित शिकायतों के त्वारित निराकरण एवं समन तामीली एवं थाना प्रभारी महिला थाना राकेश उईके को महिला संबंधी अपराधों के निकाल एवं रोकथाम हेतु जागरूकता कार्य क्रम के लिए प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। ,जिपं पीआरओ अमित श्रीवास्तव एवं सोशल मीडिया प्रभारी रजनीश त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया।

# मांगे पूरी ना होने से नाराज 28 सचिवों ने जमा किए डोंगल सरकार के प्रति जताई नाराजगी

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**




लखनऊ में ग्राम पंचायत सचिवों ने बुधवार को साइकिल भत्ते और सुविधाओं की कमी के विरोध में अनोखा प्रदर्शन किया था। उत्तर प्रदेश ग्राम विकास अधिकारी एसो सिएशन और ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर लखनऊ जनपद के सभी विकास खंडों सहित मोहनलालगंज में यह विरोध प्रदर्शन किया गया था सचिवों ने अपनी साप्ताहिक बैठकों में मोटरसाइकिल युग में दिए जा रहे मात्र ₹100-₹200 के 'साइकिल भत्ते' का विरोध जताने के लिए साइकिल चलाकर बैठक स्थल पर पहुंचकर सरकार को संदेश दिया था।सचिवों का कहना है कि जब उन्हें मोटरसाइकिल, पेट्रोल और फील्ड विजिट के अनुरूप कोई सुविधा नहीं दी जा रही है, तो वे भी सरकारी योजनाओं के फील्ड निरीक्षण और ग्राम भ्रमण अब केवल साइकिल से ही करेंगे उनके अनुसार, यह न केवल एक विरोध है, बल्कि 'साइकिल भत्ता' के हिसाब से किए जा रहे व्यवहार का यथार्थ प्रतिबिंब भी है इसी से नाराज मोहनलालगंज खंड विकास कार्यालय के 28 सचिवों ने सोमवार को अपना डोंगल खंड विकास कार्यालय में ए0 डी0 ओ0 पंचायत को जमा किया ।

**अतिरिक्त कार्य भी थोपा**

अतिरिक्त कार्य भी थोप उन्होंने सुविधाओं में असमानता पर भी प्रकाश डाला। स्वास्थ्य विभाग की आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सीयूजी नंबर और फोन उपलब्ध हैं, जबकि ग्राम पंचायत सचिव, जो ग्राम पंचायत का नोडल अधिकारी होता है, उसे आज तक न सीयूजी नंबर मिला है और न ही फोन। इसके बावजूद, अधिकारियों द्वारा उन्हें 5 मिनट में विकास खंड कार्यालय और आधे घंटे में जिला मुख्यालय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए जाते हैं। साथ ही, उन पर अक्सर अन्य विभागों के अतिरिक्त कार्य भी थोप दिए जाते हैं।एडीओ पंचायत को 28 सचिवों ने एक साथ जमा किया सचिवों ने चेतावनी दी पूर्व में दी हुई चेतावनी के अनुसार सुविधाओं के अभाव और ₹100 के भत्ते के साथ काम करना अब संभव नहीं है। यदि उनकी मांगों पर शासन स्तर से अभी तक सुनवाई नहीं हुई है, इसलिए 15 दिसंबर सोमवार को मोहनलालगंज खंड विकास कार्यालय के 28 सचिवों ने सामूहिक रूप से एक साथ अपने-अपने डोंगल (डिजिटल सिग्नेचर/डीएससी) एडीओ पंचायत को एक साथ जमा कर दिया । इससे पंचायत की ऑनलाइन कार्यप्रणाली ठप हो सकती है। जिला अध्यक्ष ललित कुमार गौतम और ग्राम पंचायत अधिकारी संघ उत्तर प्रदेश के नागेंद्र प्रताप कुशवाहा ने स्पष्ट किया कि था कि सचिव सम्मान जनक सुविधाओं के साथ कार्य करना चाहते हैं। उन्होंने कहा था कि"अनुचित आदेशों और असंगत भत्तों" के कारण वे मजबूर होकर विरोध की राह पर चले हैं।

# कन्नौज: सर्वर न आने के चलते राशन वितरण में आई दिक्कतों की डीएसओ ने कराया दूर

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**




कन्नौज। पिछले तीन दिनों से सर्वर बाधित रहने के कारण उचित दर दुकानों पर राशन वितरण प्रभावित होने, ई-पॉश मशीन पर अंगूठा सत्यापन न हो पाने तथा कार्डधारकों की दुकानों पर अनावश्यक भीड़ की स्थिति उत्पन्न होने की सूचना प्राप्त होने पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल संज्ञान लिया गया। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव कुमार मिश्रा ने वर्तमान माह में राशन वितरण के दौरान सर्वर एवं जिओ-लोकेशन से संबंधित आ रही समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए विकास खण्ड कन्नौज की ग्राम पंचायत जसौली, सैयदपुर सकरी, मेंहदीगंज एवं महमूदपुर बीजा का पूर्ति निरीक्षक तथा सिस्टम इंटीग्रेटर के जनपद स्तरीय समन्वयक के साथ स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाई गई तकनीकी समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया गया। साथ ही कार्यदाई संस्था के राज्य स्तरीय समन्वयक से वार्ता कर जिओ-लोकेशन से संबंधित समस्या का शीघ्र एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में वर्तमान में राशन वितरण कार्य सुचारु एवं सुगमता के साथ संचालित किया जा रहा है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# देश के युवाओ को नशे जैसी बुराई को छोड़कर राष्ट्र सेवा में आगे आना चाहिए निदेशक

- देश की सेना के सामने पाकिस्तान के 93000 सैनिकों ने किया था आत्मसमर्पण भारद्वाज
- विजय दिवस पर सड़क सुरक्षा के लिए भी किया जागरूक




**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

भिवानी। हर वर्ष की भांति आज नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति व सदाचारी शिक्षा समिति के द्वारा विजय दिवस राष्ट्र ध्वज तिरंगा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विवेकानंद हाई स्कूल के विद्यार्थियों ने राष्ट्र ध्वज तिरंगा लहरा कर उन सैनिकों को याद किया गया ,जिन्होंने देश को महफूज रखते हुए अपना बलिदान दिया और और देश के ध्वज को सर्वोपरि रखा। जो देश को सुरक्षित रखते हुए हजारों घायल हो गए थे,जिनके शरीर पर आज भी उस समय के युद्ध के घाव हैं। इस अवसर भारत सरकार से राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता एवं हिट एंड रन कानून समिति के सदस्य अशोक कुमार भारद्वाज व निदेशक सावित्री यादव ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस युवा जागृत सेवा समिति व सदाचारी शिक्षा समिति द्वारा हर वर्ष देशभक्तों को याद करने के लिए इस प्रकार के देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि देशभक्तों की प्रेरणा आने वाली पीढ़ियों को मिलती रहे । उन्होंने कहा कि जब भी देश पर संकट आया है तो देश के जांबाज सिपाहियों ने देश को महफूज रखा है। आज देश के अंदर नशे जैसी बीमारी युवाओं को जकड़ते जा रही है, जाती, पाती धर्म का बोलबाला बढ़ रहा है ,यह देश के लिए सबसे बड़ा संकट है । इस प्रकार के संकट से निपटने के लिए देश के युवाओं व प्रबुद्ध व्यक्तियों को आगे आना होगा । उन्हें नशे जैसी बीमारी से दूर रहकर राष्ट्र को मजबूत करना होगा । तभी देश दुनिया में एक शक्तिशाली देश के रूप में उभर सकता है।

राष्ट्रपति पुरस्कार अवॉर्डी अशोक कुमार ने कहा कि विजय दिवस16 दिसम्बर को 1971 के युद्ध में पाकिस्तान पर भारत की जीत के कारण मनाया जाता है। इस युद्ध के अंत के बाद 93,000 पाकिस्तानी सेना ने आत्मसमर्पण कर दिया था। साल 1971 के युद्ध में भारत ने पाकिस्तान को करारी शिकस्त दी, जिसके बाद पूर्वी पाकिस्तान आजाद हो गया, जो आज बांग्लादेश के नाम से जाना जाता है। यह युद्ध भारत के लिए ऐतिहासिक और हर देशवासी के दिल में उमंग पैदा करने वाला साबित हुआ ।भारद्वाज ने कहा कि इतिहास के मुताबिक वर्ष 1971 के युद्ध में करीब 3,900 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे, जबकि 9,851 घायल हो गए थे।

इस अवसर पर देश की एकता व अखंडता सद्भावना के साथ सड़क सुरक्षा का भी संदेश दिया, कि युवाओं को अपनी गाड़ी की रफ्तार सही रखनी चाहिए, नशे में वाहन नहीं चलाना चाहिए।

# दिल्ली में कबूतरों को दाना डालने पर लगा 500 रुपये का जुमार्ना

**समाज जागरण बादल हुसैन**



नई दिल्लीः दिल्ली में कबूतरों की बढ़ती आबादी चिंता बढ़ा रही है, इसके चलते कई स्वास्थ्य संबंधी बीमारियां जन्म ले रही हैं, इस कारण दिल्ली नगर निगम टउऊकबूतरों को दाना डालने वाले जगहों पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद लोग बाज नहीं आ रहे हैं। और बेफिक्र होकर कबूतरों को दाना डाल रहे हैं।लोगों का मानना है कि धार्मिक आस्था वास्तु शास्त्र के अनुसार शुभ है और पुराने रिवाजों से जुड़ा है, जबकि टउऊ ने स्वास्थ्य और स्वच्छता के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए हैं। लोग मानते हैं कि यह पुण्य का काम है और वे इसे छोड़ना नहीं चाहते हैं। जब कबूतरों को दाना डालने आए लोगों से बातचीत की तों उनका कहना था कि ये गलत है वो लोग कई साल से कबूतरों को दाना डाल रहे हैं और उन्हें किसी तरह की कोई बीमारी नहीं हुई, प्रदूषण पर सरकार के रुख का विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार प्रदूषण के मामले में कुछ नहीं कर रही और इन बेजुबानों का खाना डालने पर रोक लगा रखा है। इस फैसले से दाना बेचने वाले काफी नाराज हैं,उनका कहना है कि उनके पेशे बंद हो गया है, और घर चलाना मुश्किल हो रहा है। हालांकि की दिल्ली के विभिन्न चौक चौराहा पर लोग अभी भी कबूतरों को दाना डाल रहे हैं, जहां यह एक बड़ी समस्या बन गई है।इस कड़ी में एमसीडी ने सख्त कार्रवाई करते हुए पांच लोग पर जुमार्ना भी लगाया है। कश्मीरी गेट, तिब्बत मार्केट,और ईदगाह गोलचक्कर पर कबूतरों को दाना डालने पर 200 से 500 रुपए तक का चलन शुरू कर दिया है।अब तक पांच लोगों को चलान भेजा जा चुका है। संबंधित अधिकारी ने बताया कि सड़क पर गंदगी फैलाने से शहर की धवि खराब होती है और कबूतरों के मल से बीमारियां भी फैलती है। उन्होंने बताया कि अभी तक पांच चलान लोगों के घर भेजे गए हैं। यह व लोग हैं जो अपने वाहन से आते हैं और जहां मौका लगता है वहीं पर पक्षियों को दाना डाल देते हैं।इन वाहनों के नंबर वहां मौजूद निगम कर्मचारी फोटो समेत अपने पास रख लेता है और फिर वाहन संख्या के आधार पर ट्रैफिक पुलिस की मदद से वाहन मालिक का पता लगाकर चालान घर भेजा जा रहा है।उनको तय तारीख पर निगम कार्यालय में आकर चलान का भुगतान करना होगा।

# सोनीपत में सीएम गुड गवर्नेंस एसोसिएट्स 2025 के दूसरे चरण का शुभारंभ, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बोले—सुशासन एक संकल्प

**समाज जागरण**



सोनीपत हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज सोनीपत में सीएम गुड गवर्नेंस एसोसिएट्स (CMGGA) 2025 के दूसरे चरण का विधिवत शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक उद्घाटन नहीं है, बल्कि हरियाणा में सुशासन की नई और मजबूत परंपरा को आगे बढ़ाने का एक दृढ़ संकल्प है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि शासन केवल कानून और आदेश तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि यह लोगों के दिलों को छूने और समाज की नब्ज को समझने की कला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सुशासन तब ही स्थापित होता है जब हर नागरिक—चाहे वह किसान हो, मजदूर हो, युवा हो या मातृशक्ति—यह महसूस करे कि सरकार उनकी अपनी है और उनके हितों के लिए काम कर रही है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सीएम गुड गवर्नेंस एसोसिएट्स कार्यक्रम के माध्यम से प्रशासन में नवाचार, पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूत किया जाएगा। यह पहल युवाओं को प्रशासनिक प्रक्रिया से जोड़ने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

उन्होंने विश्वास जताया कि CMGGA 2025 का यह दूसरा चरण राज्य में सुशासन को नई दिशा देगा और हरियाणा को विकास एवं जनकल्याण के क्षेत्र में एक आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करने में सहायक सिद्ध होगा।

# दिल्ली सरकार ने 27 वर्षों से लंबित समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए शुरू किया मिशन मोड कामः नालों की डी-सिल्टिंग युद्धस्तर पर

**समाज जागरण**




नई दिल्ली दिल्ली सरकार ने 27 वर्षों से लंबित शहर की बुनियादी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए मिशन मोड में काम शुरू किया है। मुख्यमंत्री या वरिष्ठ मंत्री Rekha Gupta ने ट्वीट के माध्यम से बताया कि नालों की डी-सिल्टिंग का कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है।

उन्होंने कहा कि इस प्रयास से दिल्ली को सुरक्षित और स्वच्छ बनाने में महत्वपूर्ण राहत मिलेगी। सरकार का उद्देश्य है कि यह प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से पूरी हो और शहरवासियों को स्थायी समाधान मिले।

Rekha Gupta ने कहा कि सरकार इस काम में पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ जुटी हुई है और आने वाले समय में इसका लाभ आम जनता को प्रत्यक्ष रूप से महसूस होगा।

# बारापूला ब्रिज फेज-3 का निरीक्षण, निर्माण कार्य को समय पर पूरा करने के निर्देश

**समाज जागरण**



नई दिल्ली आज दिल्ली में बारापूला ब्रिज फेज-3 के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया और प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों से निर्माण की स्थिति और कार्य की गति के बारे में जानकारी ली गई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि परियोजना को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। इस परियोजना के पूरा होने से दिल्ली की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार होगा और आम जनता का समय बचेगा। निरीक्षण के दौरान दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री श्री प्रवेश साहिब सिंह तथा संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

निर्माण कार्य के सफल समापन के बाद बारापूला ब्रिज पर यातायात सुगम होगा और शहरवासियों को बेहतर सुविधा प्राप्त होगी।

# सेवा सहयोग फाउंडेशन ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओबरा को भेंट किया आरओ वाटर कूलर

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**


राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओबरा में वाटर आरो सेट दिखाते हुए पर आचार्य प्रहलाद सिंह

बहल, 16 दिसंबर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ओबरा के विद्यार्थियों के लिए सेवा सहयोग फाऊंडेशन मुंबई महाराष्ट्र के द्वारा प्रदत्त 400 लीटर पानी आरओ प्लांट व ऑटोमेटिक वोल्टेज रेगुलेटर भेंट किया है। जिस पर करीब 1 लाख रुपए की लागत से खरीदे गया। वाटर कूलर स्थापित होने के बाद विद्यालय के विद्यार्थियों की पीने की पानी की समस्या का निदान हो गया है। विद्यालय के प्राचार्य प्रहलाद सिंह ने बताया कि एसएमसी मंडल, सरपंच ग्राम पंचायत द्वारा इस भेंट के लिए सेवा सहयोग ट्रस्ट का आभार व्यक्त किया है। विदित रहे की पिछले शैक्षिक स्तर के दौरान भी फाउंडेशन ने विद्यार्थियों की विज्ञान कार्य कुशलता को देखते हुए सेवा सहयोग फाउंडेशन ने एक लाख रुपए से अधिक विज्ञान प्रयोगशाला के उपकरण स्वरूप भेंट किए थे। इसी कड़ी में वर्तमान में बच्चों की समस्या को देखते हुए वाटर कूलर आरओ भेंट किया है। विद्यालय के प्राचार्य ने फाउंडेशन के इस पुण्य कार्य के लिए आभार व्यक्त किया है। इस पुणे और नेक कार्य के लिए विद्यालय के स्टाफ व विद्यार्थी, एसएमसी के सदस्य ने फाउंडेशन का आभार व्यक्त किया है।

# 10 तोले सोने के आभूषण चोरी के मामलें में चार साल से वांछित, भगौड़े आया पुलिस गिरफ्त में।

**समाज जागरण**

सिरसा/कालांवाली पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देशानुसार जिला भर में विभिन्न मामलों मे वांछित भगौड़ो के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुऐ जिला की डिंग थाना पुलिस ने महत्वपूर्ण सुचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए वर्ष 2021 में गांव कोटली में स्थित एक घर से लाखों रुपए का 10 तोले सोने के आभूषण चारी की वारदात को अंजाम देने वाले चार साल से वांछित आरोपी को डिंग थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है । इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए डिंग थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर संदीप सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में गांव कोटली निवासी पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार सहित अपनी रिश्तेदारी में गया हुआ था । सांय के समय वापस घर आकर देखा तो घर का सामान बिखरा पड़ा था । घर में रखी अलमारी वगैरा चेक की तो उसमें से 10 तोले सोने के आभूषण किसी अज्ञात युवकों द्वारा चोरी करना पाया गया । डिंग थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित व्यक्ति की शिकायत के आधार पर वर्ष 2021 में चोरी का मामला दर्ज कर जाचं शुरू की गई थी । जांच के दौरान डिंग थाना पुलिस ने आरोपी को चोरी के मामलें में गिरफ्तार कर माननीय अदालत में पेश कर दिया था । उन्होंने बताया कि आरोपी व्यक्ति को माननीय अदालत से जमानत मिलने के बाद कोर्ट द्वारा बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही आया । माननीय अदालत के आदेशों की अवहेलना करने पर माननीय अदालत ने आरोपी जगदीश चंद्र उर्फ जग्गी को 4 अक्तूबर 2023 को पी.ओ. घोषित किया था । उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए एक आरोपी के खिलाफ थाना डिंग में आईपीसी की धारा 174ए के तहत मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई थी । थाना प्रभारी ने बताया कि डिंग थाना की एक पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी जगदीश चंद्र उर्फ जग्गी पुत्र मदन लाल निवासी गांव कोटली को गिरफ्तार कर लिया । उन्होंने बताया कि पकड़े गए आरोपी को अदालत में पेश किया गया है,जंहा से उसे न्यायिक हिरासत में सिरसा जेल भेजा गया है ।

# विकास रैली में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की बड़ी घोषणा, हांसी बनेगा प्रदेश का 23वां जिला

**समाज जागरण**



हांसी हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज हांसी में आयोजित विकास रैली को संबोधित करते हुए हांसी को प्रदेश का 23वां जिला बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर इसका आधिकारिक नोटिफिकेशन जारी कर दिया जाएगा, जिसके बाद रेवेन्यू के दृष्टिकोण से भी हांसी जिला बन जाएगा।

मुख्यमंत्री की इस ऐतिहासिक घोषणा पर रैली में मौजूद भारी जनसमूह ने जोरदार नारे लगाकर मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया। पूरे पंडाल में उत्साह और उल्लास का माहौल देखने को मिला।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी में 77 करोड़ 30 लाख रुपये की लागत से तैयार की जा रही तीन महत्वपूर्ण विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से क्षेत्र के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलेगी और आमजन को सीधा लाभ पहुंचेगा।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि हांसी वीरों की भूमि है, जिसे कभी हिंदुस्तान की दहलीज के रूप में जाना जाता था। यह वही पावन धरती है जिसने देश के लिए मर-मिटने वाले असंख्य देशभक्तों को जन्म दिया है। उन्होंने इस ऐतिहासिक और गौरवशाली भूमि को नमन करते हुए कहा कि सरकार हांसी के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है।

मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि जिला बनने के बाद हांसी में प्रशासनिक सुविधाएं और अधिक सुलभ होंगी तथा शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और रोजगार के क्षेत्र में तेजी से विकास होगा।

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में डायल 112 कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**समाज जागरण**




पंचकूला हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला स्थित हेल्पलाइन 'डायल 112' कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपातकालीन कॉल रिस्पॉन्स प्रणाली, त्वरित कार्रवाई की व्यवस्था और आम नागरिकों को दी जा रही सेवाओं की गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने कॉल रिस्पॉन्स सेंटर में आने वाली आपात कॉल्स के निस्तारण की प्रक्रिया को समझते हुए अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक कॉल पर समयबद्ध, संवेदनशील और प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जरूरतमंद व्यक्ति को तुरंत सहायता मिल सके। उन्होंने कहा कि आपात सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही जनता के विश्वास को कमजोर कर सकती है, इसलिए पूरी जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ कार्य किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा में डायल 112 सेवा आपात परिस्थितियों में पुलिस, एंबुलेंस और अन्य आवश्यक सेवाओं को एकीकृत रूप से उपलब्ध कराकर आमजन में सुरक्षा का भरोसा मजबूत कर रही है। यह प्रणाली संकट के समय नागरिकों के लिए एक मजबूत सहारा बनकर उभरी है।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि तकनीकी संसाधनों के साथ-साथ मानवीय संवेदना भी उतनी ही जरूरी है। सरकार का उद्देश्य है कि प्रदेश का प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित, संरक्षित और विश्वासपूर्ण वातावरण में महसूस करे।

मुख्यमंत्री के औचक निरीक्षण से अधिकारियों में सतर्कता बढ़ी है और सेवा व्यवस्था को और बेहतर बनाने की दिशा में आवश्यक सुधारों पर जोर दिया गया है।

# कैथल में सरकारी स्तर पर मनाई जाएगी गुरु ब्रह्मानंद जयंती, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी होंगे मुख्य अतिथि

**समाज जागरण**

कैथल गुरु ब्रह्मानंद जयंती इस वर्ष सरकारी स्तर पर कैथल में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी होंगे। आयोजन की तैयारियों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने कार्यक्रम को सुव्यवस्थित, गरिमामय और सफल बनाने पर जोर देते हुए कहा कि आयोजन में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयबद्ध रूप से पूर्ण की जाएं। उन्होंने सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, मंच व्यवस्था तथा आमजन की सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद सामाजिक समरसता, मानवता और सद्भाव के महान पथप्रदर्शक थे। उनके विचार और संदेश आज भी समाज को एकजुट रखने तथा नैतिक मूल्यों को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं।

उन्होंने कहा कि गुरु ब्रह्मानंद जयंती का सरकारी स्तर पर आयोजन उनके योगदान को सम्मान देने के साथ-साथ नई पीढ़ी तक उनके आदर्शों को पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेगा। जिला प्रशासन ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया।

# मनकौर 92 वर्ष की थी और अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गई है

**पूर्व सहायक जिला शिक्षा अधिकारी धूप सिंह आर्य, पूर्व प्राचार्य राजवीर सिंह श्योराण की माता मनकौर देवी का रविवार को निधन**

**समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 16 दिसंबर। पूर्व सहायक जिला शिक्षा अधिकारी धूप सिंह आर्य, पूर्व प्राचार्य राजवीर सिंह श्योराण की माता मनकौर देवी का रविवार को निधन हो गया। वे 92 वर्ष की थी और अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़कर गई है। मनकौर देवी पीएचसी बहल के पूर्व प्रभारी डा. अजय कुमार श्योराण की दादी मां भी थी। उनके निधन पर क्षेत्र भर के जनप्रतिनिधियों शिक्षा जगत की हस्तियां और समाजसेवियों ने शोक व्यक्त किया है। पूर्व विधायक चौधरी सोमवीर सिंह, प्रमुख समाजसेवी डा. एनपी गौड़, डा वीरेंद्र श्योराण, दीपक चौधरी सहित अनेक लोगों ने मंगलवार को उनके आवास पहुंच श्रद्धांजलि दी और शोकाकुल सांत्वना दी।

# गांव नूनसर के बागड़ी परिवार ने स्व.जगदीश मिस्त्री की पुण्यतिथि पर रक्तदान का आयोजन किया गया

**दैनिक समाज जागरण, जिला संवाददाता। ( महेन्द्र जावला बहल )**

बहल, 16 दिसंबर। खंड के गांव नूनसर के बागड़ी परिवार ने स्व.जगदीश



मिस्त्री की पुण्यतिथि पर रक्तदान का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में बतौर मुख्यातिथि बाल योगी

तपस्वी बाबा दिवाली नाथ महंत दादा गोसाई धाम बिधनोई ने शिविर में शिरकत करते हुए रक्तदाताओं को बैज लगाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर बाल योगी महंत बाबा दिवाली नाथ ने कहा कि रक्तदान सर्वश्रेष्ठ दान होता है। जो किसी के जीवन को बचाने के काम आता है। यदि समाज में सेवा करनी है तो रक्तदान से उत्तम कोई सेवा नहीं। इस अवसर पर सरपंच रामकिशन, ईश्वर सिंह, सतपाल सिंह, सोमवीर नंबरदार बैराण, राजकुमार बागड़ी, बलवान आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

# धूम धूम से मनाई गई 1008 श्री त्रिवेणी दास महाराज की 39वी बरसी

**समाज जागरण,**

कालांवाली 7 दिसंबर 2025 (सुरेश जोरासिया) श्री त्रिवेणी दास उदासीन आश्राम के परिसर में 1008 श्री त्रिवेणीदास महाराज की 39वीं बरसी रेलवे फाटक कालांवाली में श्रद्धा भावना के साथ मनाई गई। श्री रामायण जी का



अंखड पाठ प्रकाश कर भोग डाला गया एवं भंड़ारा लगाया गया। पुरोहित पवन शर्मा, आर्चाय पंकज शर्मा के द्वारा मंत्रोच्चारण कर हवन यज्ञ में आहुति डाली गई हवन यज्ञ में राजनितिक व समाजसेवी प्रतिनिधि शामिल हुऐं। आश्रम में साधु संतो के आगमन से सारा परिसर भक्तिमय हो गया शहारवासीयों ने संत महापुरूषों का आशिर्वाद लिया। इस मौके पर महारज वासुदेव महाराज कुलदीप सिंह गदराण एवं शहरवासी मोजूद रहे।

# 'विकसित भारत-सुरक्षा आयाम' राज्य स्तरीय सुरक्षा सम्मेलन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का संबोधन

**समाज जागरण,**

पंचकूला हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने आज पंचकूला में 'विकसित भारत-सुरक्षा आयाम' विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय सुरक्षा सम्मेलन की अध्यक्षता की। इस सम्मेलन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों, पुलिस महानिरीक्षकों, पुलिस आयुक्तों, पुलिस अधीक्षकों, भारत सरकार के




प्रतिनिधियों सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सहभागिता की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस का दायित्व केवल अपराध नियंत्रण तक सीमित नहीं है, बल्कि आम नागरिक के मन में सुरक्षा, भरोसे और न्याय का विश्वास पैदा करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यही विश्वास लोकतंत्र की सबसे बड़ी पूंजी है, जिस पर एक मजबूत और सशक्त राष्ट्र की नींव टिकी होती है।

सीएम ने कहा कि सरकार का स्पष्ट मानना है कि विकास की गति तभी निरंतर बनी रह सकती है, जब राज्य की कानून व्यवस्था मजबूत, पारदर्शी और निष्पक्ष हो। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को हरियाणा पुलिस का नेतृत्वकर्ता बताते हुए कहा कि वे केवल कानून के संरक्षक नहीं हैं, बल्कि राज्य में सुशासन और सामाजिक स्थिरता की मजबूत आधारशिला भी हैं।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने इस अवसर पर फील्ड में दिन-रात कर्तव्य निभा रहे हरियाणा पुलिस के प्रत्येक जवान और अधिकारी के साहस, समर्पण और अनुशासन की सराहना की। उन्होंने विश्वास जताया कि हरियाणा पुलिस अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए प्रदेश को सुरक्षित, शांतिपूर्ण और विकासोन्मुख बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती रहेगी।

# दिल्ली पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय साइबर गिरोह के 10 सदस्यों को किया गिरफ्तार

दिल्ली/शाहीन बाग दिल्ली पुलिस के शाहीन बाग थाने की टीम ने साइबर अपराधों में संलिप्त अंतरराष्ट्रीय गिरोह के 10 सदस्यों को गिरफ्तार किया है। यह गिरोह डिजिटल माध्यम से लोगों को ठगने का काम करता था। जांच में पता चला कि गिरोह के सदस्य कर्नाटक पुलिस के अधिकारी बन कर पीड़ितों से "डिजिटल अरेस्ट" के नाम पर लगभग ड्ढ1 लाख की ठगी कर चुके थे। पुलिस ने सात राज्यों में छापामारी कर सभी अपराधियों को पकड़ा और उनके पास से 10 मोबाइल फोन, 1 कार, 12 डेबिट/क्रेडिट कार्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्य बरामद किए। इन गिरफ्तारियों से 66 केसों में लगभग 50 करोड़ से अधिक की ठगी का पता चला है। दिल्ली पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई साइबर अपराध के खिलाफ एक बड़ी सफलता है और डिजिटल ठगी रोकने के लिए सतर्कता आवश्यक है।

# अवादा फाउंडेशन ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बरजू को फर्नीचर सेट्स दिया

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

वाराणसी ।। शिक्षा के क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए अवादा फाउंडेशन द्वारा राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय, बरजू में 240 विद्यार्थियों के बैठने हेतु फर्नीचर सेट्स प्रदान किए गए। इस सहयोग का उद्देश्य विद्यार्थियों को एक बेहतर, सुव्यवस्थित एवं सम्मानजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है, जिससे उनकी सीखने की क्षमता एवं अध्ययन में रुचि बढ़ सके।






आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में प्रधानाचार्या श्रीमती रवींद्र कौर एवं अवादा फाउंडेशन के प्लानिंग मैनेजर विवेक शर्मा द्वारा सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में अवादा फाउंडेशन की लैंड टीम से मयूर चांवरिया, श्याम पंचारिया, राम रतन सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नईम मिर्जा एवं विद्यालय के शिक्षकगणों की गरिमामयी उपस्थिति रही।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती रवींद्र कौर ने अवादा फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि फर्नीचर की उपलब्धता से विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान सुविधा मिलेगी, कक्षा-कक्षों का वातावरण और अधिक अनुशासित होगा तथा बच्चों में विद्यालय के प्रति सकारात्मक भाव विकसित होगा। अवादा फाउंडेशन की निदेशक श्रीमती ऋतू पटवारी ने अपने संदेश में कहा कि,शिक्षा केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि एक सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक वातावरण भी उतना ही आवश्यक है। बरजू विद्यालय में 240 विद्यार्थियों के लिए फर्नीचर सेट्स प्रदान करना इसी सोच का हिस्सा है, ताकि बच्चे सहजता और सम्मान के साथ अध्ययन कर सकें।अपनी बात आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा ह्लअवादा फाउंडेशन सरकारी विद्यालयों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के आधारभूत संसाधनों को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। हमारा लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा सुविधाओं के अभाव में अपनी शिक्षा से वंचित न रहे।ह्लश्रीमती ऋतू पटवारी ने विद्यालय प्रशासन, शिक्षकों एवं स्थानीय समुदाय के सहयोग की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि इस प्रकार के सामूहिक प्रयास विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखते हैं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनसमुदाय ने अवादा फाउंडेशन के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

# शासन से संतोषजनक वार्ता के बाद ग्राम सचिवों का चरणबद्ध सत्याग्रह आंदोलन स्थगित।

**- संसाधन उपलब्ध होने के बाद ही लगेगी ऑनलाइन उपस्थिति।**
**- सचिवों की शैक्षणिक योग्यता स्नातक एवं ग्रेड पे संशोधित करने पर विचार करेगी सरकार।**

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली के विरोध सहित विभिन्न विभागीय समस्याओं पर विगत एक पखवाड़े से चल रहा क्षेत्रीय ग्राम सचिवों का प्रदेश व्यापी सत्याग्रह आंदोलन निदेशक पंचायती राज उत्तर प्रदेश से संतोषजनक वार्ता के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संघ के शीर्ष पदाधिकारियों की संयुक्त बैठक में सहमति बनने पर अग्रिम कार्यवाही तक स्थगित कर दिया गया।

निदेशक पंचायती राज द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने के संदर्भ में प्रतिनिधि मंडल से वार्ता के दौरान बताया गया कि पंचायत सचिवालय निर्माण की मूल भावना के अनुरूप समस्त ग्राम स्तरीय विभागों के कर्मचारियों की एक साथ बैठकर कार्य करने एवं उपस्थित की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शासन की मंशा के अनुरूप ऑनलाइन उपस्थिति प्रणाली लागू करने की प्रक्रिया शासन स्तर पर प्रक्रियाधीन है जिससे ग्रामीण जनता को एक ही स्थान पर समस्त विभागों की सुविधाएं उपलब्ध हो सके। इस संदर्भ में शीघ्र ही ग्राम सचिवों की मांग पर उन्हें सरकारी एंड्राइड मोबाइल सेट, लैपटॉप, सीयूजी सिम तथा केंद्रीय वित्त के प्रशासनिक मद से डाटा भत्ता हेतु धनराशि की उपलब्धता सुनिश्चित करायी जाएगी। ग्राम सचिवों के लिए अप्रासंगिक हो चुके साइकिल भत्ते के स्थान पर शासन से मोटरसाइकिल भत्ता हेतु विभागीय प्रत्यावेदन भेजा जाएगा। डोंगल से भुगतान की जटिल प्रणाली को केंद्र एवं राज्य के दो दर्जन से अधिक अलग-अलग सॉफ्टवेयर को संकलित कर एकल विंडो प्रणाली हेतु तकनीक विकसित की जाएगी। फार्मर रजिस्ट्री, एग्री स्टेक सर्वे, फैमिली आईडी, हेल्थ कार्ड,गौशाला,पीएम सूर्यघर, पराली प्रबंधन, आवारा पशु पकड़ने आदि विभिन्न दूसरे विभागों के कार्यों को क्षेत्रीय ग्राम सचिव से नहीं कराने हेतु शासन एवं संबंधित विभाग को पत्र लिखा जाएगा। रिजवी समिति की अनुशंसा पर ग्राम सचिव की शैक्षणिक योग्यता संवर्धित करके स्नातक एवं वेतन मैट्रिक्स लेबल-05 करने हेतु पुनः वित्त एवं कार्मिक विभाग में प्रत्यावेदन प्रेषित किया जाएगा। मनरेगा में 22 अगस्त 2022 को जारी शासनादेश को ग्राम पंचायत स्तर पर क्रियान्वयन हेतु तथा शासकीय क्षति में डोंगल लगाने के लिए सक्षम अधिकारियों की भी सहभागिता सुनिश्चित कराने हेतु प्रभावशाली कार्यवाही करायी जाएगी। प्रदेश के समस्त जनपदों में मनरेगा की ऑडिट एक्ट के अनुरूप स्थानीय लेखा परीक्षक से न करा कर सामाजिक अंकेक्षण से कराने तथा परफॉर्मेंस ग्रांट की तरह चार्टर्ड अकाउंटेंट का विकल्प देने की मांग पर भी संतोष जनक वार्ता हुयी।

शासन से सकारात्मक, सार्थक एवं कर्मचारी हितैषी वार्ता के बाद ग्राम पंचायत अधिकारी एवं ग्राम विकास अधिकारी संवर्ग के शीर्ष नेतृत्व द्वारा बैठक के बाद संयुक्त सहमति से प्रदेश स्तर पर विगत एक पखवाड़े से चल रहे विभिन्न विभागीय समस्याओं पर ध्यानाकर्षण सहित संसाधन हेतु सत्याग्रह आंदोलन को अगले कार्यक्रम तक स्थगित करने की घोषणा किया।

केंद्रीय बैठक में डॉ0 प्रदीप सिंह प्रदेश अध्यक्ष उ0प्र0 ग्राम पंचायत अधिकारी संघ, सुबाष चंद्र पांडेय प्रदेश अध्यक्ष ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन उत्तर प्रदेश, नागेंद्र प्रताप कुशवाहा, रमेश उदैनिया, सूर्यभानु राय, जितेंद्र यादव, जितेंद्र गंगवार, अनिल कुमार यादव, दुर्गा प्रसाद राय, संतोष कुमार, ललित कुमार, मो. नसीम खान, राघवेंद्र सिंह आदि प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# स्पोर्टोथॉन 2025 में बच्चों ने दिखाई कौशल ,किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। क्षेत्र के सनबीम बाबतपुर ,बेरवा स्थित विद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता स्पोर्टोथॉन 2025 का आयोजन हर्षोल्लास एवं खेल भावना के साथ चेयरमैन शिवशक्ति सिंह के मार्गदर्शन में तथा प्रधानाचार्या श्रीमती गीता सिंह के कुशल नेतृत्व में सम्पन्न हुआ।



प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल स्पधाओं में बढ़-चढ़कर भाग लेकर अपनी प्रतिभा,कौशल कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। खेल रेफरी की निष्पक्ष निगरानी में सम्पन्न हुए।

विद्यालय के शिक्षकों द्वारा आयोजन की व्यवस्था अत्यंत सुव्यवस्थित एवं सराहनीय रही।

कार्यक्रम के अंत में विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार व प्रमाण -पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। स्पोर्टोथॉन 2025 ने विद्यार्थियों में अनुशासन,टीम भावना एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। जीत की खुशी में बच्चों ने खूब जमकर धमाल मचाई। अभिभावकों ने तालियों के साथ खिलाड़ी बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

# जरूरतमंद लोगों को बाटे कम्बल

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। लगातार बढ़ी रही ठंड को देखते हुए मंगलवार को मिशन



समाज सेवा को ओर से कम्बल वितरण का आयोजन लमही चांदपुर गांव में रह रहे झुग्गी बस्तियां के परिवाद बीच किया गया।इस मौके पर मिशन समाज सेवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डंपी तिवारी (बाबा) ने कहा उन्होंने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है।हम सभी को आगे आ कर जरूरमंद लोगों की सेवा करना चाहिए।साथ कम्बल वितरण का कार्यक्रम आगे भी लगातार जारी रहेगा क्यों कि हमरा उद्देश हैं कोई भी परिवार को ठंड के प्रकोप से परेशान नहीं होने पाए।वही कम्बल पाने वाले लोगों में चेहरे खुशी का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के लोगों ने डंपी तिवारी बाबा के इस नेक कार्य की खूब सराहना भी किया।

# बेनीफिसरी ऐसा प्रोडक्ट तैयार करें जो वैश्विक स्तर पर स्थापित हो सके

**समाज जागरण**

वाराणसी। प्रधानमंत्री खाद्यउन्नयन योजना के अंतर्गत तीन दिवसीय बेनिफि सरी ट्रेनिंग कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपनिदेशक उद्यान वाराणसी मण्डल ने किया साथ में मंडलीय अधिकारी प्रधानाचार्य पवन कुमार जिला प्रभारी खाद्यप्रसंस्करण रत्नेश चन्द्र अग्रवाल उपस्थित रहे।

सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत बुके द्वारा किया गया।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने उद्यमियों को कहा की अपने उद्यम को ईमानदारी से संचालन करे। इस प्रकार का प्रोडक्ट तैयार करे की वैश्विक स्तर पर स्थापित हो सके और ट्रेनिंग को गंभीरता से लेकर सीखने का कार्य करें।

कार्यक्रम में अविनाश अग्रवाल एलडीएम वाराणसी ने संबोधित करते हुए कहा की बैंक द्वारा दी जाने वाली सहायता में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया।

तकनीकी सत्र में प्रोफेसर धर्मेंद्र कुमार सिंह,प्रोफेसर मनीष कुमार सिंह एव चार्टेड एकाउंटेंट के0 पी0 बरनवाल ने संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन प्रभारी बीएचयू वाराणसी आर0 सी0 अग्रवाल ने किया।

# चुनार मे इक्कीस दिसंबर को ओपन जिला वालीबॉल चैंपियनशिप महिला वर्ग

**समाज जागरण**

मीरजापुर+ जिला वॉलीबॉल संघ एवं फोर्ट क्लब चुनार के संयुक्त तत्वाधान में चुनार किले में वॉलीबॉल कोर्ट पर एकदिवसीय ओपन जिला वालीबॉल चैंपियनशिप महिला वर्ग का आयोजन किया जा रहा है यह प्रतियोगिता निःशुल्क है यह बताना आवश्यक है कि 7 वह 8 दिसंबर को महाशक्ति इंटर कॉलेज बिहसड़ा में पुरुषों की ही प्रतियोगिता आयोजित की जा सकी। जिला ओलंपिक एवं वालीबाल संघ के महासचिव एस.पी. त्रिपाठी के अनुसार विजय वर्मा जी अध्यक्ष जिला सहकारी संघ मिजार्पुर, सोनभद्र को इस चैंपियनशिप का (अध्यक्ष संयोजक) बनाया गया है जबकि पूर्व राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी सुरेश कुमार वर्मा को (आयोजन सचिव) होंगे उक्त चैंपियनशिप में जनपद की टीम का चयन भी किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी प्रादेशिक चैंपियनशिप जौनपुर में भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप का उद्घाटन समारोह दिनांक 21 दिसंबर को प्रातः 10 बजे एवं समापन एवं पुरस्कार वितरण का कार्यक्रम स्वयं 4 बजे किया जाएगा सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को निशुल्क भोजन तथा विजेता उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया जाएगा। त्रिपाठी जी ने सभी कोच एवं टीम प्रबंधकों से आग्रह किया है कि प्रातः 9 बजे क्रीड़ा संकुल पर अवश्य उपस्थित अपनी टीमों के साथ करें जिससे मैच समय से आरंभ की जा सके

# हरहुआ क्षेत्र में विद्युत बिल राहत कैम्प का हुआ आयोजन।

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी हरहुआ क्षेत्र के अंतर्गत बिजली बिल राहत योजना का शिविर लगाकर उपभोक्ताओं को बड़ी राहत प्रदान किया जा रहा है।

विद्युत उपकेंद्र हरहुआ के अंतर्गत आने वाले ग्राम भौमि, पुआरीकला, छतरीपुर में विद्युत कैंप का आयोजन किया गया। विभिन्न स्थलों पर लोगों




द्वारा छूट लाभ लेने हेतु रजिस्ट्रेशन कराया गया जिसमें 105 उपभोक्ताओं का रजिस्ट्रेशन किया गया और योजना का लाभ प्रदान किया गया। चार लाख की राजस्व वसूली भी किया गया।

कैंप का आयोजन उपखंड अधिकारी अभिजीत कुमार शाह व अवर अभियंता दीपू कुमार के अनुसार दिसम्बर माह मे अधिक राहत मिलने के कारण बकाया जमा करने वालों की संख्या बढ़ी है। लाइन मैन से लेकर अन्य स्टाफ इस अभियान में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# सिन्टर्ड दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुम्बक के विनिर्माण को प्रोत्साहन

**समाज जागरण**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 26 नवंबर, 2025 को सिन्टर्ड दुर्लभ पृथ्वी स्थायी चुम्बक (आरईपीएम) के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए 7,280 करोड़ रुपये के वित्तीय परिव्यय के साथ एक योजना को मंजूरी दी । इसका उद्देश्य देश में 6,000 मीट्रिक टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की एकीकृत आरईपीएम विनिर्माण क्षमता स्थापित करना है।

इस योजना के तहत वैश्विक प्रतिस्पर्धी बोली के माध्यम से पाँच लाभार्थियों को चुना जाएगा। द्वि-लिफाफा प्रकिया अर्थात तकनीकी बोली और वित्तीय बोली के साथ पारदर्शी न्यूनतम लागत प्रणाली (एलसीएस) अपनाई जाएगी।

योजना अवधि के लिए 6,450 करोड़ रुपये का ब्रिक्री से जुड़ा प्रोत्साहन और 750 करोड़ रुपये की पूँजीगत सब्सिडी का आवंटन किया गया है।

इस योजना का उद्देश्य देश में आरईपीएम के घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है, जिससे इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, नवीकरणीय ऊर्जा, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए आयात पर निर्भता कम करने में योगदान मिलेगा। साथ ही रोजगार सृजन सुगम बनाने और घरेलू मूल्य श्रृंखलाओं को मजबूती प्रदान करने में भी मदद मिलेगी।

यह जानकारी भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री भूपतिराजू श्रीनिवास वर्मा ने आज लोकसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

# भाजपा काशी क्षेत्र कार्यालय के पूर्व प्रभारी जय प्रकाश सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**समाज जागरण**

वाराणसी भाजपा जिला कार्यालय रोहनिया वाराणसी में भाजपा काशी क्षेत्र कार्यालय के पूर्व प्रभारी जय प्रकाश सिंह के आकस्मिक निधन पर 'सदस्य विधान परिषद एवं भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा' ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया साथ में भाजपा जिला महामंत्री प्रवीण सिंह गौतम, संजय सोनकर, जिला उपाध्यक्ष दिनेश मौर्य, भाजपा काशी क्षेत्र कार्यालय प्रभारी राजेश श्रीवास्तव, काशी क्षेत्र कार्यालय मंत्री श्री प्रकाश शुक्ला,



ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि प्रवेश पटेल पिछड़ा मोर्चा के जिला अध्यक्ष विजय राज यादव, उदय सिंह, मिलन मौर्य, राजू प्रजापति,मुकेश राय, प्रवीण कुमार, अजय विश्वकर्मा, सी पी जैन आदि लोग उपस्थित रहे।

# अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने शास्त्रीय एवं लुप्तप्राय भाषाओं को प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से संरक्षित करने के उद्देश्य से भाषादान कार्यशाला का आयोजन किया

**समाज जागरण**

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय (एमओएमए) ने आज ह्यभाषा दानह्न पर एक ज्ञानवर्धक कार्यशाला का आयोजन किया। यह पहल भारत के राष्ट्रीय भाषा प्रौद्योगिकी मिशन भाषिणी के अंतर्गत एक नागरिक-संचालित प्रयास है, जिसका उद्देश्य डिजिटल माध्यमों के जरिए भारत की समृद्ध व विविध भाषाई विरासत का संरक्षण करना है।

इस कार्यशाला ने विशेषज्ञों, संस्थागत हितधारकों और विभिन्न समुदायिक प्रतिनिधियों को एक साझा मंच पर एकत्र किया, जिससे डिजिटल युग में लुप्तप्राय एवं शास्त्रीय भाषाओं के संरक्षण हेतु प्रभावी रणनीतियों की पहचान की जा सके। इस दौरान पाली, प्राकृत, अवेस्ता, पहलवी और गुरुमुखी लिपि पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें उच्च गुणवत्ता वाले एकभाषी डेटा संग्रह के विकास व समुदाय के नेतृत्व में डेटा योगदान को प्रोत्साहित करने की तात्कालिक आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के सचिव डॉ. चंद्र शेखर कुमार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रभावी उपयोग के माध्यम से शास्त्रीय एवं लुप्तप्राय भाषाओं के अधिगम, दस्तावेजीकरण और संरक्षण पर निरंतर बल दे रहे हैं। वे मंत्रालय में दक्षता, नवाचार और साक्ष्य-आधारित नीति निर्माण को सुदृढ़ करने के लिए एआई-आधारित उपकरणों को व्यापक रूप से अपनाने की लगातार वकालत करते हैं। डॉ. कुमार मंत्रालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच एआई से संबंधित जागरूकता और क्षमताओं के विकास को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित कर रहे हैं। वे सांस्कृतिक संरक्षण और समावेशी शासन के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देने हेतु इस प्रकार की क्षमता-निर्माण कार्यशालाओं के आयोजन को बढ़ावा देते हैं।

इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) द्वारा आरंभ किया गया एआई-संचालित प्लेटफॉर्म भाषिणी वास्तव में भारतीय भाषाओं के लिए उन्नत डिजिटल उपकरण उपलब्ध कराकर भाषा संबंधी बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से विकसित किया गया है। यह मंच वास्तविक समय में पाठ एवं वाणी अनुवाद की सुविधा प्रदान करता है और नागरिकों को उनकी अपनी भाषाओं में डिजिटल सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करता है। यह ओपन-सोर्स मॉडल, डेटासेट और एपीआई के माध्यम से डिजिटल समावेशन को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को ह्यभाषादानह्न पारिस्थितिकी तंत्र से अवगत कराया गया और कम संसाधन वाली तथा विभिन्न शास्त्रीय भाषाओं के लिए इसके महत्व का उल्लेख किया गया। साथ ही योगदानकताओं, संस्थानों और भाषा समुदायों की अहम भूमिका को उजागर किया गया। विस्तृत तकनीकी सत्रों में डेटा इनपुट और सत्यापन की प्रक्रियाओं से लेकर सुदृढ़ एआई भाषा मॉडल विकसित करने हेतु आवश्यक गोल्डन डेटासेट के निर्माण तक की संपूर्ण कार्यप्रणाली को विस्तार से प्रस्तुत किया गया। भाषिणी प्लेटफॉर्म पर बोलो इंडिया, सुनो इंडिया, लिखो इंडिया और ह्यदेखो इंडियाह्न मोड के लाइव प्रदर्शनों के माध्यम से यह प्रदर्शित किया गया कि नागरिक अपनी मातृभाषाओं एवं शास्त्रीय भाषाओं में भाषण, पाठ तथा छवि डेटा का प्रभावी ढंग से योगदान कैसे कर सकते हैं। सत्रों के दौरान प्लेटफॉर्म संचालन, तकनीकी तैयारी, संसाधन योजना, डेटासेट की आवश्यकताओं तथा भाषा डिजिटलीकरण कार्यक्रमों के सुचारू एवं प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने हेतु सर्वोत्तम कार्य प्रणालियों पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अधिकारियों ने जोर देते हुए कहा कि भाषा संरक्षण के प्रयासों में समुदायों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहित करना ही भावी पीढ़ियों के लिए भारत की भाषाई विरासत के संरक्षण, निरंतरता और प्रासंगिकता को सुनिश्चित करने की कुंजी है। इस कार्यशाला के माध्यम से सांस्कृतिक संरक्षण व समावेशी विकास के लिए प्रौद्योगिकी के उपयोग के प्रति मंत्रालय की दृढ़ प्रतिबद्धता प्रदर्शित हुई है। अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भाषिणी और भाषादान जैसे मंचों के साथ सहयोग के माध्यम से यह सुनिश्चित कर रहा है कि भारत के डिजिटल भविष्य में हर भाषा और प्रत्येक ध्वनि को उसका उचित स्थान प्राप्त हो।

# गड़बड़ा धाम में एकादशी तिथि पर उमड़ा भक्तों का शैलाब

## देवी जागरण के लिये फूल व झालरों से सजाया गया मंदिरों

**समाज जागरण**

मीरजापुर/ हलिया क्षेत्र के सुप्रसिद्ध गड़बड़ा धाम में एकादशी तिथि पर सोमवार को भक्तों का जनसैलाब उमड़ा रहा भोर से ही भक्त सेवटी नदी में स्नान कर कतार बद्ध हो गये हाथ में नारियल, चुनरी, फूल माला आदि का चढावा कपाट खुलते ही माता के चरणों में अर्पित किया। कुछ भक्त मंदिर परिसर में सत्यनारायण कथा श्रवण कर मनोकामनाएं पुर्ण किया। मंदिर प्रबंधक सुभाष चंद्र शुक्ल व ज्ञान चंद्र शुक्ल ने बताया कि भोर से ही तीस हजार भक्तों ने मां के चरणों में शीश नवाया देवी जागरण के लिये मंदिर को फूल पत्तियों व झालरों से सजाया गया है विध्यालय के भक्त धनन्जय मिश्रा के सौजन्य से शाम से देवी जागरण व भंडारा का आयोजन किया गया।इस दौरान सुरक्षा ब्यवस्था में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद रहे।

# कॉन्सेंट द्वारा आयोजित श्रम एवं रोजगार शिखर सम्मेलन-2025 में सोलह केंद्रीय ट्रेड यूनियन चार श्रम संहिताओं के समर्थन में एकजुट हुई

**समाज जागरण**

नई दिल्ली में आयोजित श्रम एवं रोजगार शिखर सम्मेलन-2025 में सोलह केंद्रीय ट्रेड यूनियनें चार श्रम संहिताओं के समर्थन में एकत्रित हुईं और सर्वसम्मति से देश भर के श्रमिकों के बीच श्रम संहिताओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके कार्यान्वयन से संबंधित गलत सूचनाओं का खंडन करने का संकल्प लिया। केंद्रीय ट्रेड यूनियन परिसंघ (कॉन्सेंट) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों ने यह सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला कि श्रम संहिताओं के इच्छित लाभ देश के सभी श्रमिकों तक पहुंचें।

इस शिखर सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय श्रम एवं रोजगार एवं युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने किया। 21 नवंबर को अधिसूचित चार श्रम संहिताओं पर चर्चा हुई, जिसमें देश भर से 200 से अधिक ट्रेड यूनियन नेताओं, ट्रेड यूनियनों से जुड़े श्रमिकों, नियोक्ता संगठनों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों और सामाजिक सुरक्षा संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर अपने संबोधन में डॉ. मनसुख मांडविया ने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में सरकार की पहलों में श्रमिकों का कल्याण हमेशा से ही प्रमुख केंद्र रहा है। उन्होंने श्रमिकों के हितों को प्राथमिकता देने के लिए श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाने की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की और संहिताओं के मसौदा तैयार करने में सरकार और ट्रेड यूनियनों के बीच हुए व्यापक संवाद की ओर ध्यान दिलाया, ताकि प्रावधानों को बनाते समय श्रमिकों की चिंताओं को ध्यान में रखा जा सके।



डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा, ह्लश्रम संहिता सभी श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी की गारंटी देती है, नियुक्ति पत्र को अनिवार्य बनाती है और 40 करोड़ से अधिक श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ प्रदान करती है। यह सभी महिलाओं के लिए समान अधिकार और समान अवसर सुनिश्चित करती है। संहिता यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी नियोक्ता या व्यक्ति कर्मचारियों के अधिकारों का हनन नहीं कर सकता। श्रम संहिताएं श्रमिकों के हितों को बनाए रखने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जो अनुकूल वातावरण बनाएंगी, उस पर प्रकाश डालते हुए, मंत्री ने ट्रेड यूनियनों को अपने सुझाव साझा करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया और उनसे श्रमिकों को इन संहिताओं की क्षमता के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया, जिससे उनके जीवन में बदलाव आ सकता है।

इस शिखर सम्मेलन में भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस), नेशनल फ्रंट ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियंस (एनएफआईटीयू), ट्रेड यूनियन कोऑर्डिनेटिंग कमेटी (टीयूसी), एचएमकेपी, बीआरएमजीएसयू, एनएलओ-आईएनटीयूसी, एफएफआर, एआईबीईयू, एनएफएफडब्ल्यूईएससीआई, एचएमकेयू, केएलयू और एफएसयूआई सहित कुल 16 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने भाग लिया। डॉ. मनसुख मांडविया ने ट्रेड यूनियनों से जुड़े श्रमिकों को उनके योगदान के सम्मान में "श्रम शक्ति सम्मान" से सम्मानित किया।

एनएफआईटीयू के अध्यक्ष और कॉन्सेंट के संयोजक डॉ. दीपक जायसवाल ने शिखर सम्मेलन में उद्घाटन भाषण दिया। बीएमएस के अध्यक्ष श्री हिरणमय पंड्या, बीएमएस के महासचिव श्री रविंद्र हेमते, स्कोप के महानिदेशक श्री अतुल सोबती, एलएनसीटी विश्वविद्यालय के कुलाधिपति श्री जैननारायण चौकसे, एसोचैम के प्रतिनिधि श्री मनोज शर्मा और टीयूसीसी के महासचिव श्री एसपी तिवारी सहित कई गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

# रहस्यमय ढंग से सब्जी विक्रेता गायब

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**

रामेश्वर वाराणसी।। जंसा थाना क्षेत्र के सिहोरवा गांव निवासी सब्जी विक्रेता राज सिंह पाल सोमवार देर रात कुरौना बाजार से अपने घर लौटते समय गायब हो गए। उनकी मोपेड बाइक सरौनी रेलवे अंडरपास के पास सड़क किनारे चालू हालत में खड़ी मिली।

राज सिंह पाल कुरौना बाजार में सब्जी बेचते हैं। सोमवार रात करीब 9:30 बजे वह अपनी टीवीएस मोपेड बाइक से घर के लिए निकले थे। जब देर रात तक वह घर नहीं पहुंचे, तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने तलाश शुरू की।

खोजबीन के दौरान, उन्हें घर से कुछ दूरी पर सरौनी रेलवे अंडरपास के पास राज की बाइक लावारिस हालत में मिली। राज सिंह पाल के भाई बबलू पाल ने जंसा थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि घटना के समय उनकी राज से मोबाइल पर बात हुई थी।

बबलू पाल ने अपने भाई के अपहरण और लूट की आशंका जताई है। उनका कहना है कि पहले भी कुछ लोगों ने इस तरह का प्रयास किया था। इस घटना से परिवार में हड़कंप मचा हुआ है।इस मामले में जंसा थानाध्यक्ष अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। घटना की जानकारी मिलने पर डीसीपी गोमती जोन आकाश पटेल और एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली है।

# मोरम माफिया के आगे सरकारी मशीनरी टेके घुटने

**संगोलीपुर मड़ैयन घाट पर खनन माफिया बेलगाम प्रशासन मौन एसटीएफ सहित जिला प्रशासन की तमाम कार्यवाहियां निष्फल ओवरलोड वाहन आला अधिकारियों के कार्यालयों के व थाना परिसरों के सामने से रात दिन गुजर रहे**




**समाज जागरण**

फतेहपुर किशनपुर थाना क्षेत्र के संगोलीपुर मड़ैयन मोरम घाट पर खनन माफियाओं की मनमानी चरम पर है। ओवरलोड,भारी वाहन, ट्रैक्टर पोर्टलैंड जैसी तमाम भारी मशीनों का अवैध प्रयोग, और किसानों की फसलों पर बेरहमी से ओवरलोड वाहन खुलेआम दौड़ रहे है। वही जिम्मेदार अधिकारी सड़कों से नदारद है। जब कि दूसरी तरफ खागा तहसील क्षेत्र में स्थित किशनपुर यमुना पुल इन दिनों ओवरलोडिंग की मार झेल रहा है। स्थानीय लोगों और राहगीरों का कहना है कि STF की कार्रवाई के बाद भी ओवरलोड ट्रकों का दबदबा कम नहीं हुआ है। लगातार भारी गाड़ियां गुजरने से पुल की सुरक्षा पर खतरा बढ़ रहा है और आसपास के इलाकों में जाम व अव्यवस्था की स्थिति बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है की घाट की शुरूआत में तमाम अधिकरीगण अवैध खनन ओवरलोडिंग रोकने का दिखावा कर थे। वही जेब गर्म करके कार्यालय में दुबक गए। जब कि आज घाट संचालक ओवरलोड मोरम वाहनों को खुले आम दिनदहाड़े दौड़ा रहे हैं जिससे रास्ते में पडने वाले छोटे बड़े कस्बो व तमाम ग्रामीण बस्तियों में दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है और हमेशा जान माल का संकट बना रहता है। जिससे लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। वही करोड़ की लागत से बनी सडके गड्ढा युक्त होती जा रही है।

वही दूसरी तरफ पोकलैन्ड जैसी भारी भरकम मशीनें मोरम घाट में संचालित हो रही है और नदी के प्राकृतिक प्रवाह को गंभीर रूप से नुकसान पहुँचा रही हैं। सबसे बड़ा विवाद किसानों की फसलों पर मचा उत्पात है। ग्रामीणों ने बताया कि खनन माफियाओं ने द्वारा संचालित ओवर लोड वाहनों के आवाजाही के लिए गेहूं, आलू और सरसों की खड़ी फसलों को रौंदकर रास्ता बना दिया, वह भी बिना किसी अनुमति, बिना किसी मुआवजे के। किसान बर्बाद हैं और माफिया मौज कर रहे हैं। जबकि प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जीरो ट्वल्स का दावा करके सख्त कार्रवाई करने का निर्देश प्रशासन को लगातार दे रहे हैं वहीं फतेहपुर प्रशासन आंख बंद करके मोरम माफियाओं के आगे घुटने टेक दिया है।

# महिला के घर दबंगो ने ताला तोड़कर किया कब्जा,थानेदार पर घूस लेकर धमकाने का आरोप

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**
**आशुतोष श्रीवास्तव**



फतेहपुर जिले में दबंगो का आतंक कम होने का नाम नही ले रहा है आये दिन खुलेआम दबंगो द्वारा मारपीट महिलाओं के साथ अभद्रता और खुलेआम गुंडई देखने को मिल रही है मानो दबंगो को कानून का कोई खौफ नहीं है और पुलिस उनकी पहुंच और पैसों के आगे नतमस्तक होगी जी हां ऐसा ही ताजा मामला फतेहपुर जिले के असोथर थाना क्षेत्र के सातों धरमपुर गांव के नटडेरा ने देखने को मिला जंहा गांव के ही रहने वाले दबंगो के साथ मिलकर पड़ोसियों ने गरीब महिला के घर मे कब्जा कर लिया। पीड़ित महिला की बड़ी बहन के विरोध करने पर लाठी डंडो से मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने आरोप लगाया की वह लोग एक रिस्तेदारी में गए थे तभी तभी पड़ोसियों ने दबंगो के साथ मिलकर उसके घर में कब्जा कर लिया। वह लोग जंगल में पन्नी डालकर पिछले 11 दिनों से रह रहे है। वहीं पीड़ित ने आज SP को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग किया है और बताया कि थाने में उंन्होने शिकायत किया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई थानेदार ने पैसे लेकर घर मे कब्जा करा दिया और अब कोई कार्यवाही नहीं कर रहा इस लिए आज SP साहब से न्याय मांगने आयी थी।

# सुहागनगरी में 751 सौभाग्यवती महिलाओं ने उठाये कलश

**श्रीमद्भागवत कथा व विराट संत सम्मेलन का हुआ भव्य शुभारम्भ**



**समाज जागरण- ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। अखिल भारतीय सोहम महामण्डल शाखा फिरोजाबाद का 46वां भव्य आयोजन मंगलवार सुबह 751 सौभाग्यवती महिलाओं के राधाकृष्ण मंदिर से कलश उठाने के साथ शुरू हो गया। इस दौरान स्वामी श्रद्धेय श्री स्वामी विवेकानन्द जी महाराज के कृपापात्र अध्यक्ष श्री स्वामी सत्यानंद महाराज जी के रथ पर उनकी आरती पीआर ज्वैलर्स से पंकज अग्रवाल व भगवानदास अग्रवाल, मुनेंद्र कुमार ने की। उनके साथ अन्य संतो के रथ भी आगे बढ़े। वहीं कलश यात्रा का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ भाजपा महानगर अध्यक्ष सतीश दिवाकर व पूर्व एमएलसी डा. दिलीप यादव ने किया। मार्ग में जगह जगह पुश्प वर्शा कर कलश यात्रा का गंज बाजार व अन्य मार्गो पर स्वागत किया गया। श्रीमद्भागव कथा से पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ स्वामी सत्यानंद महाराज जी संग दीप प्रज्जवलन मोनार्क होटल से हरवंश शर्मा, संजय मित्तल ईकरी द्वारा किया गया। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। व्यासपीठ पं. रामगोपाल शर्मा शास्त्री (वृंदावन) ने श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन दिये। इसके उपरांत दोपहर दो बजे से विराट संत सम्मेलन का शुभारंभ हुआ। जिसमें स्वामी विवेकानंद महाराज संग मंच पर महामंडलेश्वर स्वामी धर्मदेव जी महाराज पटौदी, महामंडलेश्वर स्वामी शुकदेवानंद जी महाराज ऋषिकेश, के अलावा अनेक धर्म सिद्ध क्षेत्र से स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज, स्वामी परमानंद जी महाराज, स्वामी रामशरण दास जी महाराज, स्वामी प्रीतम दास जी महाराज, स्वामी प्रणवान्नद जी महाराज स्वामी निगमानंद जी महाराज स्वामी शिवानंद जी महाराज स्वामी सच्चिदानंद जी महाराज स्वामी रामानंद जी महाराज स्वामी सदानंद जी महाराज स्वामी विवेकानंद जी महाराज तथा श्री सुबोध स्वरूप जी महाराज आदि की उपस्थिति रही। सभी ने अपने अपने प्रवचन दिये। मुख्य यजमान संजय पचौरी व श्रीमती रेखा पचौरी तथा यज्ञपति संजय शर्मा व श्रीमती पूनम शर्मा रहे। इस दौरान प्रमुख उद्यमी प्रदीप गुप्ता, संजय मित्तल ईकरी, हरवंश शर्मा मोनार्क होटल, जगदीश यादव, संजय शर्मा, विपिन शर्मा, संजय अग्रवाल डिश, गोपाल बिहारी अग्रवाल, चंद्रप्रकाश शर्मा, द्विजेंद्र मोहन शर्मा,
राकेश तिवारी, शिवनारायण यादव, महेश यादव, कनिक अग्रवाल, विकास लहरी, मातादीन यादव, अभिषेक मित्तल चंचल सहित आयोजन समिति के पदाधिकारियों की भी मौजूदगी रही।

# ओवरलोड डंपर ने अधिवक्ता की कार को मारी टक्कर, डीसीएम का टायर फटने से हादसा, कार क्षतिग्रस्त, चालक सुरक्षित

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के सुल्तानपुर घोष थाना क्षेत्र अंतर्गत दावतपुर मोड़ के पास एक सड़क हादसे में एक ओवरलोड डंपर ने अधिवक्ता की कार को टक्कर मार दी। यह घटना उस समय हुई जब डंपर एक डीसीएम को ओवरटेक कर रहा था और डीसीएम का अगला टायर फट गया। हादसे में कार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन कार चालक बाल-बाल बच गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हुसैनगंज से कौशांबी की ओर जा रही एक डीसीएम का दावतपुर मोड़ के पास अगला टायर अचानक फट गया। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर ने डीसीएम को ओवरटेक करने का प्रयास किया। अनियंत्रित होकर डंपर सामने से आ रही अधिवक्ता की कार से टकरा गया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार सड़क की पटरी पर जाने के बावजूद क्षतिग्रस्त हो गई।
जानकारी के अनुसार, अधिवक्ता जन्मेजय उर्फ राहुल यादव अपने गांव कसरेहटा से खागा तहसील कोर्ट जा रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। गनीमत रही कि इस पूरे हादसे में कोई भी गंभीर रूप से हताहत नहीं हुआ। स्थानीय लोगों ने बताया कि कार चालक किस्मत के धनी थे, जिसकी वजह से वे सुरक्षित बच गए। घटना की सूचना मिलते ही घोष पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने डंपर और डीसीएम दोनों वाहनों को हिरासत में ले लिया है और विधिक कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रभारी तेज बहादुर सिंह ने बताया कि डीसीएम का टायर फटने से वह अनियंत्रित हो गया, जिसने डंपर को टक्कर मारी। इसके बाद डंपर भी अनियंत्रित होकर कार से टकरा गया। उन्होंने पुष्टि की कि इस हादसे में कोई जनहानि नहीं हुई है।

# अज्ञात वाहन के टक्कर से बाइक सवार 10 फुट उछलकर गिरे एक युवक की दर्दनाक मौत दूसरा गंभीर रूप से घायल

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर जिले के ललौली थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बा जवाहर नगर के रहने वाले पप्पू पुत्र छेददू 29 वर्ष अपने दोस्त शान्ति नगर मोहल्ला के रहने वाले ननका पुत्र जंगलिया 35 वर्ष के साथ बीती रात करीब 11 बजे किसी काम से जा रहे थे तभी सिंधाव नहर पुलिया के पास अज्ञात वाहन चालक ने टक्कर मार दिया। हादसे के बाद चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग गया।बताया जा रहा है कि टक्कर इतनी तेज रही है कि बाइक से 10 फुट उछलकर दोनों युवक सड़क पर गिर गए।जिससे सिर के बल गिरने से पप्पू पुत्र छेददू की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई।दूसरा युवक ननका गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर पहुचे परिजन ने वाहन चालक पर कार्यवाही और मुआवजा की मांग किया।सूचना पर पहुची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।बताया जा रहा है कि मृतक और घायल दोनों मजदूरी का काम करते हैं। थाना प्रभारी शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और घायल युवक को इलाज के लिए परिजन जिला अस्पताल लेकर गए है।अज्ञात वाहन चालक की तलाश किया जा रहा।

# वाराणसी में राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में जनपद की 08 प्रतिभाएं करेंगी प्रतिभाग :- अश्वनी जैन

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद! उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, प्रयागराज के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग आगरा के तत्वाधान में संयुक्त शिक्षा निदेशक डॉ मुकेश चन्द्र अग्रवाल के निर्देशन में 53 वीं बाल विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी का मण्डल स्तरीय आयोजन एम डी जैन इंटर कॉलेज, आगरा में किया गया।
जनपद फिरोजाबाद के नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के स्टेम है। इस प्रदर्शनी में सभी सात उपविषयों पर आगरा, फिरोजाबाद, मथुरा एवं मैनपुरी के प्रतिभागियों ने विभिन्न मॉडल कार्बन कैचर, कोण मापक यन्त्र, स्मार्ट कार, प्रदूषण मॉडल,विज्ञान के चमत्कार आदि प्रदर्शित किए गए थे। मण्डल स्तर पर चयनित जनपद के 08 प्रतिभागी अपने संवर्ग एवं उपविषय



में क्रमशः श्री एम डी जैन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता अश्वनी कुमार जैन के साथ छात्र कृष्णा, राष्ट्रीय श्रमिक इंटर कॉलेज करबला फिरोजाबाद की छात्रा कु अनन्या, आर आर एम इंटर कॉलेज, बछगाँव के छात्र मोहम्मद कैश, तिलक विद्यालय इंटर कॉलेज, फिरोजाबाद के छात्र आयुष शर्मा, कृषक इंटर कॉलेज, पचोखरा के छात्र राजीव, आर के इंटर कॉलेज, कोटला की छात्रा कु रागिनी एवं जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, फिरोजाबाद की प्रशिक्षु कु यामिनी राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी में 16 दिसम्बर से 19 दिसम्बर 2025 तक पी एम श्री राजकीय क्वीनस इंटर कॉलेज, वाराणसी में प्रतिभाग करेंगे। जनपद के सभी प्रतिभागियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रदान करने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद धीरेन्द्र कुमार एवं समस्त प्रधानाचार्य ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

# चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत, दूसरा गंभीर, डॉक्टर ने किया रेफर

**समाज जागरण फतेहपुर ब्यूरो**
**आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के सिधांव गांव के समीप चार पहिया वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौके पर मौत हो गई तो वही दूसरा गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने।मृतक के शव को कब्जे में लेकर घायल को इलाज के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र पहुँचाया, जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उसको रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के बहुआ कस्बा निवासी छेदु का 25 वर्षीय पुत्र पप्पू व कस्बा निवासी स्वर्गीय जमील का 35 वर्षीय पुत्र रफीक दोनों एक ही बाइक पर सवार होकर घर से किसी काम के लिए थानां क्षेत्र के सिधांव गाँव गए थे। वहां से वापस लौटते समय सिधांव पुलिया के समीप अज्ञात चार पहिया वाहन बाइक को टक्कर मारते हुए निकल गया। जिससे बाइक पर सवार पप्पू की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई तो वहीं रफीक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को हुई तो मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर घायल रफीक को इलाज के लिए बहुआ सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद सरकारी एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचते ही ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है। घायल के साथ अस्पताल पहुंची उसकी माँ कमरून ने घटना की जानकारी दिया।

# पुलिस ने वाहन चोर पकड़ा, बाइक व असलाह बरामद

**समाज जागरण**

फि रोजाबाद। थाना दक्षिण पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक वहां चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से एक चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध असलहा बरामद किया है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक अभियुक्त को पेमेश्वर गेट से गिरफ्तार किया गया है । पुलिस ने उसका नाम राजा पुत्र



सोबरन सिह बताया है। वह भारत टाकीज के पीछे शान्ति नगर आसफाबाद थाना रसूलपुर का रहने वाला है। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त के पास से एक तंमचा 12 बोर व 01 एक जिन्दा कारतूस 12 बोर, एक चोरी की मोटर साइकिल बरामद की हैं।

# राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित होने पर भाजपायों ने मिष्ठान वितरित कर मनाई खुशी!

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी महानगर द्वारा महानगर जिला अध्यक्ष डॉ सतीँश दिवाकर के नेतृत्व में जैन मंदिर चौराहे पर राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन एवं उत्तर प्रदेश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के निर्वाचित होने पर आतिशबाजी मिष्ठान वितरण कर कार्यकताओं द्वारा खुशी एवं हर्ष व्यक्त किया गया
इस अवसर पर भाजपा महानगर जिला अध्यक्ष डॉ सतीश दिवाकर ने संबोधित करते हुए कहा कि हमारे नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता उत्तर प्रदेश के 2027 के चुनाव में पूरे जोश के साथ लगते हुए 2022 से भी बड़ी जीत पूरे उत्तर प्रदेश में दर्ज कराएगा इस अवसर पर नवनिर्वाचित राष्ट्रीय कार्य परिषद सदस्य पूर्व जिला अध्यक्ष नानक चंद अग्रवाल का भी कार्यकताओं व जिला अध्यक्ष द्वारा स्वाफा एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया गया स्वागत के समय कार्यकताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद नरेंद्र मोदी जिंदाबाद योगी जिंदाबाद जैसे गगन भेदी नारों के साथ पुरा चौराहा गुंजायमान हो गया कार्यक्रम संयो जक शैलेंद्र गुप्ता



शालू द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया इस अवसर पर महापौर कामिनी राठौर ,दीपक गुप्ता कालू,आकाश गुप्ता, महेंद्र बंसल, डॉक्टर लक्ष्मी नारायण यादव, राजेंद्र बौहरे,सुनील टंडन, विनोद पचौरी,कमल दिवाकर, सुनील शर्मा ,विष्णु सक्सेना, केशव फौजी, सतवीर गुर्जर, गौतम कुशवाहा , लायक सिंह, देश दीपक राजा, हार्दिक, शिवम दीक्षित,भारत सिंह वर्मा, अनार सिंह कुशवाहा ,आलोक कुमार, अनुपम शर्मा आकृति सहयोगी रामलडेती लकी,के के गांधी, नरेश शर्मा, नीटू पार्षद, सुनील मिश्रा,पार्षद युवा मोर्चा अध्यक्ष अंकित तिवारी, हिमांशु शर्मा, दिलीप मिश्रा, प्रमोद बघेल, सोबरन सिंह जाटव, यतेंद्र चक, पिंकी,अंबुज तिवारी, हरिओम वर्मा,प्रमोद राजोरिया आदि कार्यकर्ता बंधु उपस्थित थे!

# एस आई आर होने से फर्जी मतदान पर लगेगी रोक--- उदय प्रताप सिंह

**समाज जागरण - ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद! भारतीय जनता पार्टी जिला की अति आवश्यक बैठक मतदाता विशेष गहन पुनः परीक्षण (एसआईआर) की स्थान - चतुरा देवी मेमोरियल पब्लिक इंटर कालेज नगला खंगर में आयोजित की गई । बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह का कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत व अभिनन्दन किया गया। इस दौरान नितिन नवीन के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनने व उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के बनने पर हर्ष वक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने मतदाताओं का मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (SIR) के अंतर्गत सूची में नाम जोड़ने, संशोधन कराने और त्रुटि सुधार के लिए कार्य की समीक्षा की। मतदाता विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान एक ऐसा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिससे मतदाता सूची विश्वसनीय और पारदर्शी बनती है। इससे फर्जी मतदान पर रोक लगती है और लोकतंत्र की गुणवत्ता मजबूत होती है। साथ ही प्रत्येक पात्र नागरिक को अपने मताधिकार का सही अवसर मिलता है, जो स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की नींव है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों का विशेष गहन पुनः परीक्षण अभियान चल रहा है, पार्टी के बूथ समिति के कार्यकर्ता बीएलओ साथ मतदाताओं की बूथ-वार मतदाता गणना पत्र भरवाने में अपना सहयोग प्रदान करें ताकि जिले के सभी बूथ पर पात्र मतदाता इस अभियान से वंचित न रह जाये। सही और निष्पक्ष चुनाव हेतु सही मतदाता
सूची होना अति आवश्यक हैं इस दौरान प्रमुख रूप से राघवेंद्र सिंह पूर्व चैयरमेन, डॉ अमित गुप्ता जिला प्रवक्ता / मीडिया प्रभारी , मण्डल अध्यक्ष बीरु धाकरे,सर्वेश भदौरिया, बलवीर तोमर, श्यामौतार भदौरिया, सर्वेश तोमर, डॉ विश्वनाथ सिंह, उपेंद्र तोमर बबलू प्रधान, अखिलेश गौतम, उमेश बघेल, अरविंद सिकरवार, जीतू तोमर, आशीष पांडेय, उदयवीर गौर,ब्रजेश गौर, सुनील धाकरे,महेश तोमर, रामवतार गौर, अर्पित राठौर, लोवकुश कुशवाहा, सुधीर तोमर, सोनू धाकरे, संजय बैस, सुरेंद्र चौहान,आदि।

# इश्क बेशक किसी को किसी नेता से हो सकता है लेकिन योगी आदित्यनाथ अब मजबूत नेता के रूप मे नही हैं , विपक्ष से बीजेपी नही लड़ रही बल्कि जानकार जानते हैं कि बीजेपी खुद मे लड़ रही है।

**समाज जागरण- बृजेश चतुर्वेदी**

गोरखपुर का दांव भी राजनीतिक कुश्ती मे चित्त - पट्ट करने के लिए लगाया गया है। बाबा बुलडोजर के फेस पर लोगों को कितना भरोसा है अब साफ पता चलने लगेगा।
बीजेपी भविष्य के प्रधानमंत्री पद की लड़ाई लड़ रही है जिसमे अमित शाह और योगी आदित्यनाथ आमने - सामने हैं। इसलिए भी योगी आदित्यनाथ कम से कम तीसरी बार सीएम न बनें और योगी के बिना बीजेपी उत्तर प्रदेश मे तीसरी बार सरकार बनाए इसकी तैयारी शुरू हो चुकी है। फिलहाल योगी आदित्यनाथ सीएम की कुर्सी पर कब तक हैं ? यह कहा नही जा सकता या फिर अंत तक पारी को ले जाएंगे परंतु तीसरी बार तो नही क्योंकि अमित शाह एकाग्रता से राजनीति करते हुए उत्तर प्रदेश मे ही उनको घेर चुके हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि जिस प्रकार मध्यप्रदेश मे शिवराज सिंह चौहान के साथ हुआ है वैसा ही उत्तर प्रदेश मे योगी आदित्यनाथ के साथ होगा, उनको केन्द्र मे बुलाया जा सकता है। योगी आवश्यकता हैं क्योंकि भगवा वाले मुख्यमंत्री हैं इसलिए योगी का सम्मान केन्द्र तक बना रहेगा लेकिन यह सीएम योगी आदित्यनाथ की इच्छा पर निर्भर करेगा कि कहीं वो मठ मे बैठना पसंद न करें ? और मठ का चुनाव करना ही उनकी शक्ति है कि मैं अंततः मठ चला जाऊंगा। फिलहाल उत्तर प्रदेश मे बीजेपी की सीधी टक्कर सपा से है लेकिन यूपी की सियासत मे कब क्या कैसे होगा इसको गुजरात लॉबी मैनेज किए रह पाएगी ? यह कहा नही जा सकता। यहाँ की राजनीति को भाजपा ही दिलचस्प बनाए रखे है फिर भी सत्ता का ख्वाब देखने वाले विपक्ष को कुछ करना होगा वरना आएगी तो बीजेपी ही। यूपी के मतदाता का मूड पता चलते ही 27 की तस्वीर झलकने लगेगी, फिलहाल यूपी मे नौकरशाही पर शिकंजा कसना चाहिए और आम जन को राहत रूह महसूस होना चाहिए।

# कन्नौजः दो सहकारी समितियों पर पाया गया उर्वरक स्टॉक में भारी हेरफेर, होगी कार्रवाई

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। शासन द्वारा निर्गत निर्देशों के अनुपालन में रबी फसलों के दृष्टिगत उर्वरकों की निर्बाध उपलब्धता, निर्धारित मूल्य पर पी०ओ०एस० मशीन के माध्यम से पारदर्शी बिक्री सुनिश्चित कराने हेतु कृषि विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त टीमें गठित की गईं।
उप निदेशक कृषि को तहसील कन्नौज आवंटित करते हुए आज फुटकर उर्वरक विक्रेताओं, बफर गोदामों, सहकारी समितियों एवं निजी प्रतिष्ठानों पर एक साथ औचक निरीक्षण/छापेमारी करने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान निम्नलिखित समितियों का सत्यापन किया गया 1. साधन सहकारी समिति, बलईपुर, सरायमीरा, कन्नौज उप निदेशक कृषि संतोष कुमार द्वारा साधन सहकारी समिति बलईपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य), अपर जिला कृषि अधिकारी, अपर जिला सहकारी अधिकारी एवं समिति के सचिव उपस्थित रहे। पी०ओ०एस० मशीन से स्टॉक का मिलान करने पर एन०पी०के० 12:32:16 (इफको) 0.50 मी०टन, एन०पी०के० 19:19:19 (पीपीएल) 6.40 मी०टन, एन०पी०के० 20: 20:0 :13 (आरसीएफ) 16.45 मी०टन, एम०ओ०पी० (ओपीआईएल) 6. 35 मी०टन, यूरिया (आरसीएफ) 0.18 मी०टन तथा यूरिया (इफको) 8.055 मी०टन अंकित पाया गया, जबकि भौतिक सत्यापन में यूरिया (आरसीएफ) 0.20 मी०टन एवं यूरिया (इफको) मात्र 0.015 मी०टन ही उपलब्ध पाई गई तथा स्टॉक में यूरिया के 170 बैग कम पाए गए। पॉश मशीन में दर्ज स्टॉक एवं भौतिक स्टॉक में भारी अंतर पाए जाने पर समिति सचिव द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इससे उर्वरक की कालाबाजारी किए जाने की प्रबल आशंका प्रतीत हुई। प्रकरण में सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र निर्गत किया गया।
2. साधन सहकारी समिति, खैरनगर, उमर्दा, कन्नौज समिति के संबंध में कृषकों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई थी कि समिति में खाद सीधे न पहुंचाकर अन्यत्र भेजी जाती है। शिकायत के क्रम में उप निदेशक कृषि द्वारा सहकारी समिति खैरनगर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय मुख्य कार्यकारी अधिकारी (मत्स्य), अपर जिला कृषि अधिकारी, समिति अध्यक्ष एवं सचिव उपस्थित रहे। पी० ओ० एस०(पॉश)मशीन पर यूरिया (आरसीएफ) 0.045 मी०टन, यूरिया (एच सीआरएल) 1.26 मी०टन, यूरिया (मेट्रिक्स) 2.115 मी०टन एवं यूरिया (इफको) 27.63 मी०टन अंकित पाया गया, जबकि भौतिक सत्यापन में यूरिया (एच यू आर एल) 1.26 मी०टन एवं यूरिया (मैट्रिक्स) 2.115 मी०टन उपलब्ध नहीं पाई गई तथा स्टॉक में यूरिया के 62 बैग कम पाए गए। वितरण रजिस्टर के आधार पर जिन कृषकों से दूरभाष पर संपर्क किया गया, उन्होंने बताया कि उन्हें रजिस्टर में अंकित मात्रा से कम उर्वरक प्राप्त हुआ है। कृषक राकेश कुमार को 02 बोरी, रज्जन को 01 बोरी, देवेश को 02 बोरी, रामरूप को 02 बोरी एवं बालकृष्ण को 02 बोरी ही दी गई, जबकि वितरण रजिस्टर में 05 बोरी अंकित की गई हैं। इस संबंध में समिति सचिव एवं अध्यक्ष द्वारा कोई संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। निरीक्षण में अनियमितता एवं कालाबाजारी की पुष्टि होने पर सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक, सहकारिता को आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र निर्गत किया गया। उप निदेशक कृषि ने कहा है जनपद प्रशासन द्वारा उर्वरक वितरण में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आगे भी इस प्रकार की सघन जांच एवं निरीक्षण की कार्यवाही जारी रहेगी।

# कन्नौजः इस्लाम की शिक्षा देने वाले टीएसआई लाइन हाजिर

**हिन्दू छात्र-छात्राओं को कर रहे थे सम्बोधित, वीडियो वायरल होने के बाद एसपी ने की कार्रवाई**

**समाज जागरण बृजेश चतुर्वेदी**

कन्नौज। एक इंटर कॉलेज में इस्लाम की शिक्षा देने वाले टीएसआई पर एसपी ने कार्यवाही की है। उन पर धर्म विशेष का प्रचार करने का आरोप लगा था। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ। ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर आफाक खां द्वारा ठठिया कस्बे में हिन्दू छात्राओं को इस्लाम की शिक्षा देने का वीडियो वायरल हुआ था। जिसका संज्ञान लेते हुए एसपी बिनोद कुमार ने ट्रैफिक सीओ डॉ. प्रियंका वाजपेयी को एक दिन पहले ही जांच सौंपी थी। सोमवार देर शाम एसपी ने ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर आफाक खां को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।

**दो दिन पहले वायरल हुआ था वीडियो**

ट्रैफिक सब इंस्पेक्टर आफाक खां का दो दिन पहले एक वीडियो वायरल हुआ था। जिसमें वह ठठिया के एक इंटर कालेज में कार्यक्रम के दौरान हिन्दू छात्र-छात्राओं



को इस्लाम की शिक्षा देते हुए नजर आ रहे। उनका कहना था कि अरब में बेटियों को जन्म के समय ही मार दिया जाता था। जिंदा दफन कर दिया जाता था। फिर मोहम्मद साहब आए और उन्होंने इसका विरोध किया। लड़कियों की सुरक्षा के प्रयास किए। उन्होंने लड़कियों को प्रोटेक्शन दिया। आफाक खां का ये वीडियो सामने आने के बाद हिन्दू वादी लोगों ने सोशल मीडिया पर विरोध शुरू कर दिया। बजरंग दल के लोगों ने एसपी को पत्र सौंपकर कार्यवाही की मांग की। जिसके बाद एसपी ने उन्हें लाइन हाजिर कर दिया।

## रसमोहनी में फल फूल रहा ओपन क्लोज का कारोबार

**समाज जागरण विजय तिवारी**

शहडोल। जिले के जैतपुर थाना क्षेत्र के रसमोहनी में जमकर सट्टे का कारोबार फल फूल रहा है। सूत्र बताते हैं भोली भाली जनता को कल्लू नामक व्यक्ति लूट रहा है। मिली जानकारी के अनुसार जैतपुर थाना क्षेत्र के रसमोहनी बस स्टैंड सट्टटा कारोबार का गढ़ बना हुआ है और सटोरिया थाना प्रभारी को चकमा देकर अपने सट्टे का कारोबार संचालित कर रहा है। बताया जाता है कि इस धंधे में ग्रामीण क्षेत्र के युवा ,नाबालिक एवं महिलाएं भी फसती जा रही हैं और अपने दिन भर की मजदूरी सट्टा खेलने में लगा देते हैं जिस कारण प्रतिदिन उनके घरों में कलह की स्थिति उत्पन्न होते रहती है।

## जिला मेडिकल कॉलेज शहडोल में महिला मरीज से कथित दुर्व्यवहार

### डॉक्टर की अभद्र टिप्पणी से मचा हड़कंप

**समाज जागरण शहडोल।**

जिला मेडिकल कॉलेज शहडोल से एक गंभीर और संवेदनशील मामला सामने आया है, जहाँ इलाज के लिए पहुँची एक महिला मरीज के साथ डॉक्टर द्वारा कथित रूप से दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगा है। पीड़िता का कहना है कि डॉक्टर ने इलाज के दौरान न सिर्फ असंवेदनशील व्यवहार किया, बल्कि अभद्र टिप्पणी भी की, जिससे वह मानसिक रूप से आहत हो गई। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया। महिला के परिजनों और अन्य मरीजों ने इस व्यवहार पर कड़ी नाराजगी जाहिर की और संबंधित डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सूचना मिलते ही अस्पताल प्रशासन हरकत में आया और मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। सूत्रों के अनुसार, प्रबंधन द्वारा प्रारंभिक जांच के निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं पीड़िता ने पूरे मामले की शिकायत लिखित रूप में देने की बात कही है। इस घटना ने एक बार फिर सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों, विशेषकर महिलाओं के साथ सम्मानजनक व्यवहार और जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। फिलहाल अस्पताल प्रशासन मामले की जांच की बात कह रहा है, जबकि दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

## गौरेला पेंड्रा में युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

**समाज जागरण**

गौरेला ।भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के प्रथम जीपीएम जिले आगमन पर गौरेला पेंड्रा आदि स्थानों



में जिला युवा मोर्चा के कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में प्रमुख रूप से सौरभ अग्रवाल कालू शर्मा एवं शुभम ताम्रकार के नाम शामिल हैं। युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष का पूरे गर्म जोशी से स्वागत किया।

# **अनूपपुर में Group-D भर्ती के नाम पर संगठित भ्रष्टाचार का आरोप

### आउटसोर्स एजेंसी CEDMAP के माध्यम से बेरोजगारों से 50 हजार से 1 लाख तक की वसूली, पूरा सिस्टम सवालों के घेरे में**

**समाज जागरण**
**अनूपपुर (मध्यप्रदेश)**

जिले में Group-D पदों पर चल रही आउटसोर्स भर्ती अब एक संगठित भ्रष्टाचार नेटवर्क के रूप में सामने आ रही है। बेरोजगार युवाओं से नौकरी दिलाने के नाम पर 50,000 से लेकर 1,00,000 रुपये तक की अवैध वसूली किए जाने के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। यह भर्ती प्रक्रिया CEDMAP के माध्यम से आउटसोर्स की जा रही है, जिसमें कथित रूप से एजेंसी, स्वास्थ्य विभाग के बाबू और कुछ जिम्मेदार अधिकारियों तक की भूमिका पर सवाल उठ रहे हैं। सूत्रों के अनुसार यह पूरा खेल खुलेआम चल रहा है, लेकिन भय और दबाव के कारण कोई भी अभ्यर्थी सामने आने की हिम्मत नहीं कर पा रहा। पैसा दो, नाम जोड़ो - चयन सूची पहले, इंटरव्यू बाद में? अभ्यर्थियों का आरोप है कि चयन की प्रक्रिया योग्यता और पारदर्शिता के बजाय लेन-देन पर आधारित हो गई है। जिन अभ्यर्थियों ने मोटी रकम दी, उनके नाम चयन सूची में स्वतः शामिल कर लिए गए, जबकि योग्य और प्रशिक्षित बेरोजगार केवल इसलिए बाहर हो गए क्योंकि वे पैसे नहीं दे सके।

**कुछ युवाओं ने यह भी बताया कि–**

पहले सेटिंग कराई जाती है फिर चयन सूची में नाम आता है प्रक्रिया केवल औपचारिकता बनकर रह जाती है यह स्थिति सीधे-सीधे भर्ती नियमों और सरकारी मंशा पर प्रश्नचिन्ह लगाती है। 1 साल की संविदा, कभी भी हटाने का अधिकार–फिर भी लाखों की वसूली सबसे बड़ा और चौंकाने वाला पहलू यह है कि यह पूरी भर्ती केवल 1 वर्ष की निविदा/संविदा पर आधारित है। इसमें– कोई स्थायी नौकरी नहीं कोई भविष्य की सुरक्षा नहीं ठेकेदार को कभी भी हटाने का अधिकार इसके बावजूद बेरोजगारों से जीवन भर की कमाई के बराबर रकम मांगी जा रही है। यह स्पष्ट रूप से दशार्ता है कि बेरोजगारी की मजबूरी को लूट का माध्यम बना लिया गया है। न नकद का हिसाब, न रसीद–पूरी तरह अघोषित लेन-देन

**सूत्र बताते हैं कि अधिकतर मामलों में–**

पैसे नकद लिए गए कोई रसीद नहीं दी गई बातचीत मौखिक रखी गई मोबाइल पर बात करने से बचा गया इससे यह आशंका और गहरी हो जाती है कि पूरा लेन-देन जानबूझकर काले तरीके से किया गया, ताकि भविष्य में कोई सबूत न बचे।

**डर का माहौलः शिकायत करोगे तो कहीं नौकरी नहीं मिलेगी**

कई अभ्यर्थियों का कहना है कि अगर कोई आवाज उठाता है तो उसे– भविष्य में किसी भी आउटसोर्स भर्ती से बाहर रखने ऊपर तक पकड़ होने की धमकी

**मानसिक दबाव**

जैसी बातें कही जाती हैं। इसी कारण अधिकांश पीड़ित चुप हैं और सिस्टम निर्भीक होकर चलता जा रहा है। प्रशासन की भूमिका पर गंभीर सवाल अब सबसे अहम प्रश्न यह है कि– क्या जिला प्रशासन को इस पूरे मामले की जानकारी नहीं? अगर जानकारी है, तो अब तक कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या आउटसोर्स के नाम पर विभागीय जिम्मेदारियों से पल्ला झाड़ा जा रहा है? जब भर्ती सरकारी विभाग में हो रही है, तो नैतिक और प्रशासनिक जिम्मेदारी से प्रशासन कैसे बच सकता है? यदि आरोप सही हैं तो यह सिर्फ भ्रष्टाचार नहीं, सामाजिक अपराध है यह मामला केवल घूसखोरी तक सीमित नहीं है। यह– बेरोजगार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ सरकारी व्यवस्था पर विश्वास को तोड़ने वाला सामाजिक असंतोष को जन्म देने वाला अपराध है। मांगें तेज, सवाल सीधे अब बेरोजगार युवाओं और जागरूक नागरिकों की ओर से मांग उठ रही है कि–1. Group-D भर्ती की पूरी प्रक्रिया की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए 2. CEDMAP और संबंधित विभागीय अधिकारियों की भूमिका स्पष्ट की जाए 3. अवैध वसूली के आरोपों पर एफआईआर दर्ज हो 4. चयन सूची, मापदंड और भुगतान प्रक्रिया को सार्वजनिक किया जाए 5. पीड़ित अभ्यर्थियों को सुरक्षा और गोपनीयता दी जाए अब भी समय है यदि प्रशासन समय रहते इस मामले को गंभीरता से नहीं लेता, तो यह मामला आने वाले समय में बड़ा जन आंदोलन और विश्वसनीयता संकट का रूप ले सकता है। अनूपपुर के बेरोजगार युवा जवाब चाहते हैं– नौकरी या लूट? सेवा या सौदा?

## अधिकारियों के सिर पर मंडरा रहा डम्पिंगयार्ड का कचरा

### हर सांस तरस रही शुद्ध हवा के लिए

**समाज जागरण**

जिले में भले ही पराली जलाने पर रोक लगी हो, उसको जलाने के लिए किसान पर जुमार्ने की कार्यवाही किसी फांसी से कम नहीं है, मगर जिला मुख्यालय पर हर शाम एक मुसीबत लेकर आती है, धुएं से भले ही किसी को सांस लेने में दिक्कत हो जाये पर इस कचरे के धुंए से वातावरण को कोई नुकसान नहीं है...! तभी तो हर अधिकारी के सिर पर यह धुआं हर शाम नंगा नाच कर रहा है। दरअसल कलेक्टर बंगला के पीछे वन विकास निगम के जंगल में शहर भर का कचरा फेंका जाता है, जो हर शाम सुलगता है और शाम ढलने के साथ शुरू होता है जहरीले कचरे के धुंए का खेल, हवा के साथ बहने वाले इस धुंए के कारण सांस लेना दूभर हो रहा है, दमा और सांस लेने की तकलीफ वाले मरीज इससे बेहद परेशान हैं, कलेक्टर बंगला से लेकर एसपी और जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमरिया सहित तमाम अधिकारियों के बंगले व डाक्टर कालोनी निवासी एवं सुभाष गंज सहित आधे से अधिक शहर इस धुंए की चपेट में है। हालांकि यह बात अलग है कि किसान अपना खेत का कचरा या पराली जलाये तो पूरा प्रशासन इसके पीछे लग जाता है और कुछ दिन पहले कुछ एक किसानों पर इसको जलाने पर कार्यवाही भी हुई है, लेकिन शहर भर में इस जहरीले कचरे के धुंए से शायद किसी को कोई आपत्ती नही है, जिससे यह स्पष्ट है कि जिम्मेदारों को केवल पराली से गुरेज है, न कि कचरे के धुंए से। इस मामले को लेकर डाक्टरों और आम जन मानस ने अपनी अपनी एक राय बताई है।

फेफड़ों को सबसे अधिक नुकसान जहरीले कचरे से उठने वाले धुंए से सबसे अधिक नुकसान फेफड़ों को है, सांस लेने पर यह धुआं स्वांस नली से अंदर प्रवेश कर जाता है और यह धीरे धीरे एक बीमारी का रुप ले लेता है, इसका समुचित प्रबंधन होना चाहिए डा. व्ही एस चंदेल, सीएमएचओ उमरिया यह धुआं हर रोज शाम को होता है, धुएं के कारण बच्चों और बूढ़ों पर इसका असर अधिक होता है, अगर वातावरण को शुद्ध रखना है तो कचरे का प्रबंधन एक व्यवस्थित जगह पर होना चाहिए। डा. संदीप सिंह, आरएमओ जिला अस्पताल उमरिया यह सीजन वैसे भी सर्दी खांसी वाला है, हर रोज इसके मरीज जिला अस्पताल आते हैं, अगर यह कचरे का धुआं भी उसी हवा के साथ मिलकर हमारे शरीर पर जायेगा तो मरीज को सांस लेने में दिक्कत हो सकती है और उसका आक्सीजन लेवल कम हो सकता, ऐसी स्थिति में अटैक आने की भी संभावना अधिक हो जाती है,

जिस जगह पर मानव जीवन है उससे एक निर्धारित दूरी पर ऐसे कचरे का प्रबंधन करना चाहिए डा. के सी सोनी, सिविल सर्जन उमरिया बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के घने जंगल के कारण अपना उमरिया शुद्ध वातावरण के लिए जाना जाता है, लेकिन कुछ दिनों से यह कचरे का धुआं पूरा वातावरण प्रदूषित कर रहा है। शंभू नाथ सोनी, स्थानीय निवासी

## बकहो प्रीमियर लीग 2025-26 में जनप्रतिनिधियों का जोशीला उत्साहवर्धन, मौसमी केवट और वैभव विक्रम सिंह बने खिलाड़ियों की प्रेरणा

**समाज जागरण**

बकहो। बकहो प्रीमियर लीग 2025 -26 (सीजन-01) के अंतर्गत खेले गए मुकाबले ने खेल प्रेमियों को रोमांच से भर दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एसीसी अमलाई की टीम ने 15 ओवर में 7 विकेट पर 167 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए जीएनसीसी सोडा फैक्ट्री ने शानदार खेल दिखाते हुए 14 ओवर 4 गेंद में 168 रन 7 विकेट पर बनाकर मुकाबला अपने नाम किया। मैच के दौरान मैदान का माहौल उस समय और ऊजार्वान हो गया जब नगर परिषद बकहो की अध्यक्ष मौसमी केवट एवं उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह खिलाड़ियों के बीच पहुंचे। अध्यक्ष मौसमी केवट ने जहां खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन का महत्व समझाया, वहीं उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह ने युवाओं को लक्ष्य के प्रति समर्पण और निरंतर अभ्यास का संदेश दिया। उनके जोशीले शब्दों से खिलाड़ियों में आत्मविश्वास साफ झलकता दिखा। वैभव विक्रम सिंह ने कहा कि बकहो का युवा खेल प्रतिभा में किसी से कम नहीं है, जरूरत है तो सिर्फ मंच और प्रोत्साहन की। उनके इस उद्बोधन को खिलाड़ियों और दर्शकों ने तालियों के साथ सराहा। इस अवसर पर पार्षदगण, भाजपा जिला अध्यक्ष अमिता चपरा,

जैतपुर विधायक जयसिंह मरावी एवं बकहो भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पिंटू मिश्रा भी मौजूद रहे। सभी ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे सामाजिक एकता और युवाओं के विकास से जोड़ा। आयोजन समिति ने बताया कि नगर परिषद अध्यक्ष मौसमी केवट और उपाध्यक्ष वैभव विक्रम सिंह के सक्रिय सहयोग से यह प्रतियोगिता लगातार भव्य रूप ले रही है और क्षेत्रीय खेल प्रतिभाओं के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है।

## सनातन सेवा को नई दिशाः जे. पी. साहू बने विश्व सनातन कल्याण संघ के मध्यप्रदेश युवा अध्यक्ष

### प्रदेशभर में हर्ष, देश-विदेश से मिल रहीं बधाइयाँ

**समाज जागरण**

अनूपपुर विश्व में सनातन मूल्यों के पुनर्जागरण और उन्हें वैश्विक मंच पर स्थापित करने के उद्देश्य से कार्यरत विश्व सनातन कल्याण संघ ने संगठन विस्तार करते हुए समाजसेवी जे. पी. साहू को मध्य प्रदेश युवा प्रकोष्ठ का अध्यक्ष मनोनीत किया है। इस नियुक्ति से प्रदेशभर के सनातन कार्यकताओं में उत्साह और हर्ष का माहौल है। संघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय दादा अयोध्यावासी, राष्ट्रीय संघ संरक्षक राजू दास, राष्ट्रीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष बबीता शर्मा एवं राष्ट्रीय महासचिव सिद्धार्थ भट्टाचार्य ने जे. पी. साहू को यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा। साहू लंबे समय से सनातन विचारधारा के लिए समर्पित रहकर विभिन्न धार्मिक-आध्यात्मिक यात्राओं एवं अभियानों का नेतृत्व करते रहे हैं। जे. पी. साहू सनातन एकता यात्रा राम वन गमन पथ एवं पाँच पांडव स्थलों की यात्रा के संयोजक रह चुके हैं। वे माता शबरी श्रीराम रथ यात्रा 2023-24 के मध्यप्रदेश कार्यक्रम प्रभारी, तिरंगा यात्रा 2023-24 के यात्रा संयोजक तथा स्वामी जगन्नाथ कर्मा देवी हेलीकॉप्टर यात्रा के सह प्रभारी भी रहे हैं। उनके अनुभव और सक्रियता को देखते हुए संघ को विश्वास है कि सनातन कल्याण के कार्यों को नई गति मिलेगी। नियुक्ति पर जे. पी. साहू ने संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह दायित्व उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है, जिसे वे पूर्ण निष्ठा और समर्पण से निभाएंगे। उनकी नियुक्ति पर देश-प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से शुभकामनाओं का सिल सिला जारी है।

# रेत माफिया ने सोन - घड़ियाल क्षेत्र में कार्रवाई करने गए रेंजर पर किया हमला

### मारपीट करने वाले पांच आरोपितों पर नामजद रिपोर्ट, आरोपित फरार

**समाज जागरण**

शहडोल जिले में अवैध रेत का खनन कर परिवहन करने वाले माफिया के हौंसले लगातार बुलंद होते जा रहे है। यदि कोई उनके इस अवैध कारोबार को रोकने का प्रयास करता है, तो. वो जान लेने उतारू हो जाते हैं। बाणसागर क्षेत्र में लगातार माफिया सरकारी अमले को निशाना बना रहा है। इसके बावजूद रोक नहीं लग पा रही है। शुक्रवार को भी वन विभाग की टीम रेत का अवैध उत्खनन रोकने गई थी तो रेंजर पर माफिया ने हमला कर दिया। बेरहमी से रेंजर की पिटाई की गई है और देवलौंद थाने में पांच के विरुद्ध नामजद अपराध दर्ज है, लेकिन अभी तक आरोपित गिरफ्तार नहीं हुए है। इतना ही इस मामले को पुलिस दबाने में भी लगी रही। इसके पहले इसी क्षेत्र में एक पुलिस के उप निरीक्षक और एक - पटवारी की




हत्या भी हो चुकी है। इसके बावजूद देवलींद और ब्यौहारी क्षेत्र में अवैध रेत का कारोबार नहीं रुक रहा है। जानकारी के अनुसार देवलौंद थानी क्षेत्र के सोन घड़ियाल अभ्यारण्य में रेत का अवैध उत्खन की सूचना मिलने परं रेंजर मुकेश अलावा अपनी टीम के साथ बनास नदी सथनी घाट गए थे। पेट्रोलिंग के दौरान उन्होंने देखा कि नदी में अवैध खनन हो रहा है। इसके बाद . वह अपनी टीम के साथ आगे बढ़े तो इसी बीच खनन माफिया ने रेंजर मुकेश अलावा पर हमला बोल दिया। रेंजर को घेर कर एक दर्जन से अधिक लोगों ने जमकर मारा-पीटा और वहां से भाग गए। इसके बाद घटना की शिकायत देवलौद थाने में रेंजर मुकेश अलावा ने दर्ज करवाई। पुलिस ने रेंजर की शिकायत पर दीप सिंह बघेल, प्रमोद सिंह बघेल, प्रसू सिंह, विक्कू सिंह सहित एक अन्य पर शासकीय कार्य में बाधा एवं अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर लिया। इस बात की जब देवलौद थाने से पुष्टि की गई तो थाना प्रभारी ऐसी किसी भी घटना को नकार दिया, लेकिन एफआइआर की कापी सामने आने के बाद मामला उजागर हो गया। जिस रेंजर की पिटाई हुई है, वे सीधी जिले में पदस्थ है, लेकिन घटना स्थल शहडोल जिले का देवलौद थाना है, इसलिए यहां

**रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।**

उल्लेख है कि देवलोंद वही क्षेत्र है जहां पटवारी प्रसन्न सिंह की 2023 में माफियाओं ने ट्रैक्टर से कुचल कर हत्या की थी। इसके बाद 2024 में ब्यौहारी थाने में पदस्थ एएसआइ महेंद्र बागरी की हत्या की थी। दोनों सरकारी कर्मचारी रेत का अवैध खनन व परिवहन होने की सूचना पर कार्रवाई करने गए थे। अवैध खनन रोकने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर से कुचलकर दोनों हत्या कर दी थी। दोनों हत्या का मामला राजधानी तक पहुंचा था, इसके बाद जिला प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त रूप से मिलकर बड़ी कार्रवाई की थी। कुछ दिन तक माफिया सकते में थे, लेकिन अब फिर इनके हौसले बुलंद है। यह वजह है कि अब रेंजर पर हमला कर दिया। रेजर पर हमला हुआ है। अवैध खनन रोकने के दौरान घटना घटी है। पुलिसिया कार्रवाई से हम संतुष्ट नहीं है। रेंजर ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज करवाई है, लेकिन अभी तक पुलिस का ठीक से सहयोग नहीं मिल रहा है, जिससे माफिया बच रहे है। राजेश कन्नाटी, डीएफओ'सोन-घड़ियाल अभ्यारण्य। सोन-घड़ियाल वन परिक्षेत्र के रेंजर पर हमला हुआ है। इसका थाना क्षेत्र देवलौद है। पांच लोगों के विरुद्ध अपराधिक मामला दर्ज किया है। मामले की जांच चल रही है। आरोपितों के रिकार्ड खंगाले जा रहे है। अभी गिरफ्तारी नहीं हुई है, लेकिन जल्द ही होगी।

## RK कंपनी को मिला ठेका, मजदूरों के शोषण के आरोप

**समाज जागरण अनूपपुर।**

कोयला खदान से ओबी (ओवर बर्डन) यानी मिट्टी निकालने का कार्य RK कंपनी को सौंपा गया है। आरोप है कि कंपनी ने यह ठेका आगे पेटी सिस्टम के तहत राजू सिंह को दे दिया, जिसके बाद मजदूरों के शोषण का मामला सामने आ रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ओबी कार्य में लगे गरीब मजदूरों से HPC रेट (निर्धारित मजदूरी दर) के अनुसार भुगतान नहीं किया जा रहा है। मजदूरों का कहना है कि उनसे अधिक काम लिया जा रहा है, लेकिन पारिश्रमिक बेहद कम दिया जा रहा है। सबसे गंभीर बात यह है कि स्किल्ड और अनस्किल्ड मजदूरों के बीच कोई अंतर नहीं रखा जा रहा। दोनों वर्गों से समान कार्य कराया जा रहा है, लेकिन मजदूरी में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा। इससे मजदूरों में भारी नाराजगी है। मजदूरों का आरोप है कि शिकायत करने पर उन्हें काम से हटाने की धमकी दी जाती है। स्थानीय स्तर पर जिम्मेदार अधिकारियों की मौन स्वीकृति पर भी सवाल उठ रहे हैं। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस पूरे मामले में जांच कर फ्क कंपनी और पेटी ठेकेदार पर क्या कार्रवाई करता है, या फिर मजदूरों का शोषण यूं ही जारी रहेगा।

## दरबारे नियाज़िया में तीन दिवसीय उर्स मुबारक 17 दिसंबर से

### गंगा-जमुनी तहजीब से रौशन होगी दरगाह शरीफ

**समाज जागरण**

मध्यप्रदेश के उमरिया ज़िले के नौरोजाबाद रेलवे स्टेशन के समीप स्थित नियाजी नगर की पवित्र दरगाह हजरत मियां सरकार रह. का तीन दिवसीय सत्रहवां उर्स मुबारक 17 दिसंबर से अकीदत, एहतराम और रूहानियत के माहौल में आयोजित होगा।यह ऐतिहासिक दरगाह वर्षों से गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी भाईचारे और इंसानियत की मिसाल रही है।उर्स के मौके पर देश के कोने-कोने से हजारों जायरीन दरगाह शरीफ पर हाज़िरी देकर अमन, चैन और खुशहाली की दुआएँ मांगेंगे। खास बात यह है कि यहाँ हर मजहब के लोग हिन्दू, मुस्लिम, सिख,ईसाई बराबर की आस्था के साथ शामिल होते हैं।मान्यता है कि सच्चे दिल से मांगी गई मुरादें यहाँ जरूर कबूल होती हैं।उर्स की शुरूआत 17 दिसंबर को नमाज-ए-जुहर के बाद गुस्ल-ए-मजार, चादरपोशी और महफि ल-ए-समा से होगी।18 दिसंबर को कुरान-ख़्वानी, फातेहा, लंगर और रूहानी महफि लें होंगी। 19 दिसंबर को रंग व रुखसती के साथ उर्स का समापन होगा।दरगाह के खादिमुल-अल्हाज हजरत मुहसिन मोहिउद्दीन (छोटे सरकार) जी की सरपरस्ती में यह आयोजन मोहब्बत, एकता और भाईचारे का पैगाम देगा।

## यातायात थाना प्रभारी केवल ऑटो वाहनों से महावारी लेने में मशगूल, बिना किसी वैध परमिट क्षेत्रों में धमा चौकड़ी मचा रखी

### यातायात से लेकर आरटीओ केवल अपनी जेब भरने में शहर से लेकर बाईपास तक उगाही में व्यस्थ , रोड़ टैक्स जमा करने वाले बस मालिकों की हालत बद से बदतर

### रोड़ टैक्स जमा करने वाले बस मालिकों की हालत पच्ची, प्रभारी से केवल नोट गिनने में मसगुल

**समाज जागरण**

रीवा/। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक इन तीन पहिया वाहन ऑटो चालकों ने ऐसी धमा-चौकड़ी मचा रखी है। कि माने जो रोड टैक्स जमा करने वाले बस परिवहन मालिकों की हालत खराब हो गई है। जहां बस मालिक इन्हें हर महीने लाखों रुपए टैक्स जमा करना पड़ता है लेकिन धमा-चौकड़ी मचा रखी ऑटो वाहनों की वजह से ना ही वाहन मालिकों को सवारी मिल पाती और ना ही गाड़ी में तेल डलवाने के लिए पैसा बच पाता है। कई बस मालिक तो ऐसे हैं कि कभी-कभी उन्हें घर के पैसे से तेल लगाकर अपने वाहन को सड़क में चलाने के लिए मजबूर हो जाते है। लेकिन यातायात थाना प्रभारी और आरटीओ विभाग नोट गिनने में इतना मशगूल रहता है, की उन्हें गांधी जी के आगे कुछ नहीं दिखाई देता है। सूत्र बताते हैं कि जहां उन्हें हर महीने की 1 तारीख को रीवा जिले में चलने वाली जितनी ऑटो हैं उन सभी ऑटो वाहन मालिकों से यातायात प्रभारी द्वारा ₹1000 महनवारी जमा की जाती है जहां की आटो ड्राईवर ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया और वही सूत्रों के अनुसार पता चला है, की ऑटो ड्राइवरों ने जो बताया वो सही है। और वही आरटीओ विभाग को कभी बाईपास, तो कभी हाईवे के किनारे उगाही करते मिलेंगे अब जब ऐसे अधिकारी नोट गिनने में मसगुल तो शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों दौड़ रही ऑटो चालकों में कार्यवाही कौन करेगा, और ऐसे ही रहा तो एक दिन बस मालिक जो हर माह लाखों टैक्स जमा करते है, उन्हें अपने वाहन घर में खड़ा करने को मजबूर होना पड़ जाएगा। और इस महिनवारी के चक्कर में सड़क में टैक्स जमा करने वाले वाहन मालिकों ने कई बार आरटीओ से लेकर यातायात तक प्रभारी को चेताया लेकिन किसी भी अधिकारी के कानों में जू तक नहीं रेंगती है। और उसकी सबसे बड़ी वजह है, हर महीने नोटों की गाड़ी ऑफिस तक पहुंच जाती है और जब बैठें-बैठे मिले खाने को तो कौन जाए कमाने को यही हालत अब आरटियो से लेकर यातायात पुलिस की हो चुकी है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं ऐसा सड़क में दौड़ रही बिना परमिट, बिना किसी वैद्य लाइसेंस के 24 घंटे नशे की हालत में यह ऑटो ड्राइवर रहते हैं और जितनी जगह उससे कई गुना ज्यादा ऑटो में सवारी भरते हुए पूरे शहर से लेकर गांव तक झपट्टा मारते हुए दौड़ते रहते हैं। कई बार ग्रामीण क्षेत्र से निकलने वाली बस मालिकों ने सम्बंधीत अधिकारियों को आगाह भी किया की, नशे की हालत में यह ऑटो ड्राइवर मारपीट पर उतारू और वाहन मालिकों के बसों को नुकसान पहुंचाते हैं।

जिसकी कई बार संबंधित विभाग से शिकायत भी की गई लेकिन इन अफसर शाहों के कानों में नोट के आगे जूं तक नहीं रेंगती क्योंकि जब गांधीवादी नोट की गड्डी जेब में पहुंच जाए तो इन्हें ना शहर में ना ही ग्रामीण में धमा चौकड़ी मचा रखे ऑटो वाहनों को ना कभी आरटीओ न, ही यातायात से मतलब और उसका खामियांजा रोड टैक्स जमा करने वाली बस मालिकों को अपने घर से बची हुई पूंजी को रोड़ टैक्स और गाड़ी का मेंटीनेश करके करके चुकानी पड़ती है।

## पशुओं पर क्रूरता करने वालों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही

### 22 मवेशियों को मुक्त कर कांजी हाउस में सुरक्षित रखवाया गया

**समाज जागरण**

पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एस.डी.ओ.पी. कोतमा के मार्गदर्शन में थाना रामनगर पुलिस द्वारा पशुओं पर क्रूरता करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही की गई है। मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि मराहीं की ओर से एक ट्रक में मवेशियों का अवैध एवं क्रूरता पूर्वक परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर थाना रामनगर पुलिस द्वारा बरतराई स्टंट बैंक के सामने मेन रोड पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान ट्रक क्रमांक UP 96 T 5367 को रोका गया। ट्रक चालक पुलिस को देखकर ट्रक छोड़कर झाड़ियों की ओर भाग गया। ट्रक की तलाशी लेने पर पाया गया कि उसमें 14 नग भैंसा एवं 08 नग भैंसी, कुल 22 नग मवेशियों को बिना चारा-पानी के अत्यंत क्रूरता पूर्वक ठूंस-ठूंस कर परिवहन किया जा रहा था। मौके पर ट्रक क्रमांक UP 96 T 5367 (कीमत लगभग



15 लाख रुपये) एवं 22 नग मवेशी (कीमत लगभग 8 लाख रुपये) को जप्त किया गया। जप्तशुदा मवेशियों को सुरक्षित रूप से कांजी हाउस में रखवाया गया। इस संबंध में ट्रक मालिक, चालक एवं मवेशियों के मालिक के विरुद्ध अपराध क्रमांक 340/25 धारा 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम तथा धारा 6(क), 10 मध्यप्रदेश कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जप्तशुदा मवेशियों का चिकित्सकीय परीक्षण कराया जा रहा है। उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी रामनगर श्री सुमित कौशिक, प्र.आर. अमित पटेल, प्र.आर. राहुल प्रजापति, आर. अनुराग सिंह , अनुराग भार्गव एवं आर. चक्रधर तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।

## चचाई पुलिस द्वारा 34(2) आबकारी एक्ट के फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**समाज जागरण**

अमलाई। 01.10.2025 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक मोटरसाइकिल अमलाई तरफ से अनूपपुर तरफ अवैध शराब बिक्री हेतु परिवहन किया जा रहा है सूचना की तस्दीक हेतु पुलिस टीम गठित कर तत्काल बताएं स्थान बाबा कुटी के पास चचाई मेन रोड में पुलिस टीम के द्वारा घेराबंदी कर मोटरसाइकिल होंडा शाइन नंबर सीजी -10- -6802 को रोककर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम अनिल राठौर पिता देवलाल राठौर उम्र 30 साल निवासी सिवनी थाना जैतहरी का होना बताया मोटरसाइकिल में अवैध शराब परिवहन करना बताया मोटर साइकिल के दोनों तरफ कपड़े के थैले में दो-दो कार्टून एवं पीछे सीट में साड़ी से लपेटकर बोरी में में 12 बाटल रॉयल चैलेंजर व्हिस्की अंग्रेजी शराब कुल 9 लीटर कीमती 13200/- , बियर 48 सुपर पावर 10000 बियर केन प्रत्येक केन में 500 मि.ली. कुल 24 लीटर कीमती 5760/-, , 50 पाव ब्लू चिप टैंगो अंग्रेजी शराब कुल 9 लीटर कीमती ₹6000/- दो कार्टून में 50-50 पाव ब्लू चिप जिन सफेद 18 लीटर कीमती 12500/- कुल 60 लीटर कीमती37460/- एवं मोटर साइकिल होंडा शाइन सीजी-10- - 6802 कीमती 65000/- एवं एक मोबाइल फोन कीमती₹15000 कुल कीमती 1,17,460 रुपए मौके से आरोपी से जप्त कर अवैध मादक पदार्थ शराब परिवहन करने के संबंध में दस्तावेज चाहा गया जो नहीं होना बताया जो धनपुरी शराब दुकान के गद्दीदार द्वारा कमीशन में बिक्री करने हेतु देना बताया है उक्त आरोपी को धारा 34(2), 39 (ए), 42 आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर अभिरक्षा में लिया गया, और आरोपी उपरोक्त एवं धनपुरी दुकान गद्दीदार के विरुद्ध अपराध क्रमांक 261/25 धारा 34(2),39(ए) ,42 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ,,,, उक्त दिनांक को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया था तथा गद्दीदार/ मैनेजर फरार था जिसे दिनांक 14.12.2025 को धनपुरी नंबर 1 कंपोजिट शराब दुकान ठेकेदार दिग्विजय सिंह के गद्दीदार सत्येंद्रकांत तिवारी पिता लक्ष्मीकांत तिवारी उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 01धनपुरी को उक्त शराब दुकान से गद्दीदार को दस्तयाब पूछताछ किया गया जो दिनांक 1.10.2025 को कमीशन में आरोपी अनिल राठौर को करीबन 60 लीटर अवैध शराब बिक्री हेतु देना बताया था जिसे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चचाई सुंद्रेश सिंह ,उप निरीक्षक राघव बागरी , प्रधान आरक्षक विकास ,आरक्षक विवेक की महत्वपूर्ण भूमिका रही है

# कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सोन सुषमा अलंकृत उद्यान का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

### उद्यान के सुन्दरीकरण हेतु और बेहतर कार्य कराने के जिला उद्यान अधिकारी को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। जिलाधिकारी ने आज कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित सोन सुषमा अलंकृत उद्यान का आकस्मिक निरीक्षण किये। उद्यान परिसर में 09 जुलाई, 2025 को बृहद वृक्षारोपण का कार्य कराया गया था, जो अब पार्क की सुंदरता और मनोहारी दृश्य को देखते बनता है। उन्होंने उद्यान अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की 01 जनवरी, 2026 तक उद्यान में किये जा रहें सुन्दरीकरण के कार्य को पूरा किया जाये। उद्यान के पास खाली पड़ी भूमि को उपयोग में लाते हुए पार्क को और भी विस्तार किये जाने का प्रयास जारी है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा की पार्क को और बेहतर किया जाये, इसके लिए पार्क में फूल,पत्ती, शोभाकर और छायादार पौध का रोपण किया जाये, जिससे पार्क को और सुन्दर बनाया जा सके।

उन्होंने बताया की पार्क के मरम्मत व सुन्दरीकरण का कार्य उद्यान अधिकारी के देख रेख में किया जा रहा है, पार्क के सुंदरीकरण के लिए जो भी जरुरत की सामग्री की जरुरत है, को उपलब्ध कराते हुए कार्य को ससमय पूरा कराने के निर्देश दिए गए। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) वागिश कुमार शुक्ला, जिला उद्यान अधिकारी मेवाराम, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा, ई डिस्ट्रिक्ट मैनेजर दिव्यतोष मिश्रा सहित कार्मिकगण उपस्थित रहें।

# सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को होमगार्ड के समान मिले सुविधाएं

### समग्र मानवाधिकार एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। उत्तर प्रदेश सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की समस्याओं और उनकी मांगों को लेकर 'समग्र मानवाधिकार एसोसिएशन' ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक मांग पत्र भेजा है। एसोसिएशन के जिला महासचिव (सोनभद्र) अमान खान द्वारा भेजे गए इस पत्र में स्वयंसेवकों को होमगार्ड के समान सुविधाएं देने और उनके कल्याण के लिए नई नियमावली बनाने की पुरजोर वकालत की गई है। प्रमुख 5 सूत्रीय मांगें:पत्र के माध्यम से संगठन ने सरकार के सामने निम्नलिखित मांगें रखी हैं: 1.नियमित ड्यूटीः सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों को रिक्त पदों के विरुद्ध 12 महीने लगातार ड्यूटी दी जाए और ड्यूटी का स्थान बार-बार न बदला जाए। 2.ऑनलाइन भर्तीः भर्ती प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने के लिए होमगार्ड की




तर्ज पर ऑनलाइन आवेदन और चयन प्रक्रिया शुरू की जाए। 3. सदस्यता नवीनीकरणः वर्तमान में हर 3 साल में होने वाले सदस्यता नवीनीकरण की व्यवस्था को बदलकर होमगार्ड के समान 15 वर्ष किया जाए। 4.वर्दी कोडः स्वयं सेवकों के लिए एक निश्चित 'खाकी वर्दी कोड' लागू किया जाए, ताकि आपदा प्रबंधन और कानून व्यवस्था में सहयोग के दौरान उनकी पहचान स्पष्ट हो सके। 5.कल्याण कोष व सेवा नियम 2024: स्वयंसेवकों के लिए 'नया सेवा नियम 2024' बनाया जाए, जिससे ड्यूटी के दौरान दुर्घटना, घायल होने या मृत्यु की स्थिति में उन्हें तत्काल आर्थिक सहायता मिल सके।"सुरक्षा का अहम हिस्सा हैं स्वयंसेवक" जिला महासचिव अमान खान ने कहा कि सिविल डिफेंस के स्वयंसेवक आपदा, राहत कार्य और कानून व्यवस्था में पुलिस के कंधे से कंधा मिलाकर काम करते हैं। इसके बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाओं और सुरक्षा के लिए संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया है कि इन न्यायोचित मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार कर उचित कार्यवाही का आदेश दें।

# दोषी जगदीश प्रजापति को 10 वर्ष की कठोर कैद

### करीब साढ़े 7 वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किए जाने का मामला

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। करीब साढ़े 7 वर्ष पूर्व 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश/ विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट अमित वीर सिंह की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी जगदीश प्रजापति को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई। उसके ऊपर 50 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थदंड अदा न करने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। वहीं अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक म्योरपुर थाना क्षेत्र निवासी पीड़िता के पिता ने दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 7 जनवरी 2018 को 6 बजे शाम जगदीश प्रजापति पुत्र मोतीलाल प्रजापति निवासी किरबिल, थाना म्योरपुर, जिला सोनभद्र उसकी 16 वर्षीय नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर शादी करने का झांसा देकर दुष्कर्म किया। बेटी ने सारी बात बताई तो अपनी इज्जत के लिए बेटी के बालिग होने पर शादी करने के लिए कहा, लेकिन वह तैयार नहीं हुआ। आवश्यक कार्रवाई करें। इस तहरीर पर पुलिस ने 13 जनवरी 2018 को एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना शुरू कर दिया। पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने जगदीश प्रजापति के विरुद्ध दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट में कोर्ट में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, 6 गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी जगदीश प्रजापति (30) वर्ष को 10 वर्ष की कठोर कैद एवं 50 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित की जाएगी। वही अर्थदंड की धनराशि में से 40 हजार रुपए पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की ओर से सरकारी वकील दिनेश प्रसाद अग्रहरि, सत्यप्रकाश त्रिपाठी और नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# पुलिस लाइन में आयोजित तीन दिवसीय संपन्न कार्यक्रम में हार्टफुलनेस ध्यान तथा आंतरिक शुद्धिकरण

### 500 प्रशिक्षु आरक्षियों ने सिखा हार्टफुलनेस ध्यान का गुर

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र, अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय और क्षेत्राधिकारी लाइंस के दिशा निर्देशन में पुलिस लाइन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 500 प्रशिक्षु आरक्षी के लिए हार्टफुलनेस टीम द्वारा तीन दिनों का शिविर लगाया गया, जिसमें हार्टफुलनेस तनाव मुक्ति, ध्यान और आंतरिक शुद्धिकरण का तरीका सिखाया गया एवं उन्हें अनुभव कराया गया। हार्टफुलनेस ट्रेनर गोपाल द्वारा बताया गया कि ध्यान से ही हर क्षण पूरी तरह जागरूक रहना सीख जाते हैं और आंतरिक शुद्धिकरण के द्वारा हममे स्पष्टता आ जाती है और हम चीजों को उसके वास्तविक स्वरूप में देखना सीख जाते हैं। तीसरे दिन के सत्र में प्रशिक्षु आरक्षियों को आंतरिक स्व से जुड़ना सिखाया गया तथा अनुभव कराया गया जिससे हम हर समय ईश्वरी याद में रहते हुए भी भौतिक जीवन उत्कृष्टता के साथ जीना सीख जाते हैं। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम प्रभारी आरटीसी मनोज कुमार सिंह तथा सेवा निवृत पुलिस उपाधीक्षक शिव कुमार वर्मा की मौजूदगी में संपन्न हुआ। हार्टफुलनेस टीम में प्रशांत कुमार भारती एवं डॉक्टर वैभव फिजियोथैरेपिस्ट द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ एवं समापन किया गया।

# बिना एनओसी के 33 केवीए केबिल बिछाने का कार्य जारी, हाइवे सड़क और पटरी को नुकसान का आरोप

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र के अनपरा औड़ी से शक्तिनगर फोरलेन हाइवे के किनारे बासी सब स्टेशन से डिबूलगंज सब स्टेशन तक बिछाई जा रही 33 केवीए केबिल कार्य को पीडब्लूडी द्वारा बंद करने के आदेश के बावजूद भी सविदाकार दबँगई से कार्य करा रहा है जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय बन गया है। बता दे कि दीन दयाल विद्युतकरण योजना के तहत यूपीपीसीएल द्वारा ग्राम बांसी स्थित 132 केवी सब स्टेशन से लेकर डिबूलगंज स्थित सब स्टेशन तक लगभग तीन किमी तक अंडरग्राउंड केबुल बिछाने का कार्य किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पावर कारपेंशन के अधिकारियो और सविदाकार की मिलीभगत से औड़ी शक्तिनगर फोरलेन हाइवे के किनारे बिना एनओसी के नियम विरुद्ध कार्य कर रहे है। जिससे जहां हाइवे क्षतिग्रस्त हो रहा है तो वही पीडब्लूड़ी के एनओसी के बिना ही कार्य कराकर सड़क और सड़क की पटरी को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। मामला प्रकाश मे आते ही पीडब्लूडी के जेई प्रवीण कुमार मिश्रा ने सविदाकार को बिना एनओसी के कार्य करने से मना कर दिया फिर भी सविदाकार ने कार्य जारी रखा है जो क्षेत्र मे चर्चा का विषय बन गया है। लोगो का कहना है किलर रोड से विख्यात औड़ी शक्तिनगर फोरलेन की पटरी जहां पहले से नदारद है वही यूपीपीसीएल के अधिकारियो की अनियमितता और गठजोड़ से खुदाई की गई मिट्टी दबने से दुर्घटनाएं बढ़ेगी। बिना गड्ढे मे ईट और बालू डाले ही सविदाकार केबिल को डाल रहा है। जिससे केबिल क्षतिग्रस्त होने से जानलेवा भी साबित हो सकती है।

# रेणुकूट के रवि सिंह करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व, अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट के लिए रवाना नेपाल

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**

सोनभद्र। जनपद सोनभद्र के रेणुकूट निवासी रवि सिंह पुत्र महामाया प्रसाद सिंह हिण्डालको निवासी है, रवि हिण्डालको इंडस्ट्रीज लिमिटेड, रेणुकूट के ब्वायलर को-जनरेशन विभाग में कार्यरत रवि सिंह ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। वह 15वीं इंटरनेशनल ओपन फ्रेंडशिप ताईक्वानडो चैंपियनशिप



में भारत का प्रतिनिधित्व करने जा रहे हैं। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता 18 से 20 दिसंबर 2025 तक नेशनल स्पोर्ट्स काउंसिल कवरड हॉल, काठमांडू (नेपाल) में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ी भाग लेंगे, जहाँ रवि सिंह अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन करेंगे। रवि सिंह की इस उपलब्धि से न केवल हिंडालको परिवार, बल्कि पूरे रेणुकूट क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है। सहकर्मियों, खेल प्रेमियों और स्थानीय लोगों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएँ दी हैं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। रवि सिंह की मेहनत, अनुशासन और लगन युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। सभी को आशा है कि वह इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का नाम गौरवान्वित करेंगे।

# मनबढ़ युवक ने नगर पंचायत चौकीदार की लाठी से की पिटाई, वीडियो वायरल होने के बाद हरकत में आई पुलिस

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



अनपरा। स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत कार्यालय में तैनात एक चौकीदार पर हिस्ट्रीशीटर युवक द्वारा लाठी से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। घटना में चौकीदार के गंभीर रूप से घायल होने की बात सामने आ रही है। घायल द्वारा उपचार के बाद थाने में तहरीर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अनपरा बाजार स्थित पुराने नगर पंचायत कार्यालय में ड्यूटी पर तैनात चौकीदार अमित कुमार सिंह के पास एक युवक बाबा मणि, निवासी अनपरा गांव आया और चपरासी की नौकरी दिलाने की मांग करने लगा। चौकीदार द्वारा मना किए जाने पर युवक ने गाली-गलौज शुरू कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए लाठी से हमला कर दिया। पीड़ित के साथी ने बीच बचाव करने की कोशिश की, अचानक हुए इस हमले में चौकीदार घायल हो गया। हमले के बाद आरोपी मौका देख मौके से फरार हो गया। पीड़ित चौकीदार ने अनपरा थाने में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में अनपरा थाना प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है तथा आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

# पुलिस लाइन चुर्क में की गयी एसजेपीयू एवं एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक

### बालको के विरुद्ध हो रहे अपराध के रोकथाम के संबंध मे बनायी गई कार्ययोजना

**ब्यूरो समाज जागरण**




सोनभद्र। पुलिस महानिदेशक, महिला सम्मान प्रकोष्ठ उ0प्र0 (लखनऊ) के आदेश के क्रम में एवं पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन में आज दिनांक-16.12.2025 को रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क,जनपद सोनभद्र के सभागार कक्ष में अपर पुलिस अधीक्षक (आपरेशन) त्रिभुवन नाथ त्रिपाठी की अध्यक्षता में एसजेपीयू एवं एएचटीयू की मासिक समीक्षा एवं समन्वय बैठक आयोजित गई। उक्त बैठक में कानून का उल्लंघन करने वाले बच्चों के बारें में, जे0जे0एक्ट0, पॉक्सों एक्ट के मुकदमों में पीड़िता को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत करने व पॉस्को के मामलों में प्रारूप(क) व प्रारूप(ख) भरने तथा किशोर न्याय बोर्ड से निर्गत सम्मन तमिला, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी/विवेचक के समक्ष आ रही समस्याएं इत्यादि के संबंध में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। इस मौके पर अध्यक्ष/सदस्य बाल कल्याण समिति, जिला विद्यालय निरीक्षक , अभियोजन अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य , चाइल्ड हेल्पलाइन यूनिट, बाल गृह बालिका के प्रभारी, वन स्टॉप सेन्टर, बाल कल्याण पुलिस अधिकारी थाना R.P.F., थाना एएचटीयू, एसजेपीयू व सभी थानो के बाल कल्याण अधिकारी मौजूद रहे।

# मारकुंडी घाटी में उतरते समय पहाड़ी से टकरायी पारचून लोड अनियंत्रित ट्रक

**ब्यूरो समाज जागरण**

गुरमा/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र के गुरमा चौकी अन्तर्गत मारकुंडी पुरानी घाटी में मंगलवार की दोपहर 12 बजे के लगभग पारचून लोड ट्रक अनियंत्रित



होकर पहाड़ी से टकरा गयी जिसमें चालक सुमित38 वर्ष निवासी इटावा को हल्की चोटें आयी हैं। जिसे सुरक्षित बचा लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रक चालक सुमित परचून का सामान ट्रक पर लोड कर लुधियाना से उड़ीसा जा रहा था।इसी दौरान मारकुंडी घाटी उतरते समय घाटी के तीसरे मोड़ पर अनियंत्रित होकर पहाडी से जा टकराई जिसमें सवार चालक सुमित को पुलिस द्वारा सुरक्षित निकाल कर जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# वाराणसी-शक्तिनगर मार्ग पर भीषण सड़क हादसा, कार-पिकअप की जोरदार टक्कर, बैंक मैनेजर की मौत

**ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण**



सोनभद्र। रॉबर्ट्सगंज थाना क्षेत्र के हिंदुआरी के पास मंगलवार सुबह एक सड़क हादसे में ओरिएंटल इंश्योरेंस के शाखा प्रबंधक सत्य प्रकाश गुप्ता की मौके पर ही मौत हो गई। वाराणसी की ओर से आ रही उनकी कार सड़क किनारे खड़ी एक पिकअप वाहन से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद मौके पर बड़ी संख्या में लोग जमा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पिकअप वाहन सड़क किनारे खड़ा था और उसका चालक पास के ढाबे पर नाश्ता करने गया था। इसी दौरान तेज गति से आ रही कार सीधे पिकअप के पिछले हिस्से से जा भिड़ी। सूचना मिलते ही रॉबर्ट्सगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कार से बाहर निकलवाया। मृतक की पहचान वाराणसी निवासी सत्य प्रकाश गुप्ता के रूप में हुई, जो रॉबर्ट्सगंज स्थित बैंक शाखा में शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत थे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात बहाल किया गया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण तेज रफ्तार और लापरवाही बताया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और अन्य तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# चारपाई पर सो रहे बुजुर्ग व्यक्ति की चिंगारी से आग के चपेट में आने से हुई मौत

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/ सोनभद्र। चोपन थाना क्षेत्र अंतर्गत पनारी गांव के टोला चैना में बीती रात घर के बरामदा में चारपाई पर गहरी नींद में सो रहा एक बुजुर्ग व्यक्ति की ठंड से बचने के लिए जले अलाव की चिंगारी से चपेट मे आ गया, जिससे जलकर मौत हो गई जानकारी मुताबिक बीती रात को चोपन थाना अंतर्गत पनारी गांव के चैना टोला क्षेत्र में एक घर के बरामदे में चारपाई पर गहरी नींद में सो रहे चैना टोला पनारी गांव के निवासी बलिराम लगभग 70 वर्ष पुत्र बिरजू संदिग्धावस्था में आग से जलकर मौत हो गई। मृतक की पत्नी बबनी देवी और बेटा मुरारी ने बताया कि रात को खाना खाकर दस बजे घर के बरामदे में चारपाई पर सोने चले गए और चारपाई से कुछ दुरी पर आग जला हुआ था वह हर रोज जाकर पहले आग तापते थे फिर वह सो जाते थे फिर अज्ञात कारणों से कैसे उनके चारपाई में आग लग गई यह जानकारी नहीं हो पा रहा है और पिता जी का आधा से अधिक हिस्सा जल गया और चारपाई रजाई गद्दा भी जल कर राख हो गया हम जब देखें तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मामले की सूचना परिजनों द्वारा चोपन पुलिस व क्षेत्रीय लेखपाल को सूचना दे दिया गया है। सूचना पर पहुंचे चोपन थाना हल्का उप निरीक्षक रामफेर यादव ने बताया कि बलिराम बीती रात चारपाई के पास आग तापने के बाद सो गए। किसी कारणवश आग की चिंगारी से चारपाई में आग पकड़ लिया जिससे बलिराम की मृत्यु हो गई इस दौरान बचाने के प्रयास में पहुंची मृतक की पत्नी बबनी देवी भी मामूली रूप से झुलस गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लोढ़ी के लिए भेज दिया गया।

# अनपरा पुलिस ने कुल्हाड़ी से हमला करने वाला वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार, कब्जे से कुल्हाड़ी बरामद

**ब्यूरो समाज जागरण**



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी पिपरी अमित कुमार के कुशल नेतृत्व में थाना अनपरा पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है। थाना अनपरा पर पंजीकृत मु0अ0सं 0-186/2025, धारा 115 (2), 118(2), 352, 351(2) BNS से संबंधित वांछित अभियुक्त बब्बू सिंह पुत्र सोनू सिंह, निवासी लाल टावर, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 38 वर्ष को समय करीब 10:22 बजे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। घटना का संक्षिप्त विवरणः दिनांक 30. 11.2025 को समय करीब 08:00 बजे, अभियुक्त द्वारा चंदन शर्मा उर्फ विश्वकर्मा पुत्र धर्मदयाल विश्वकर्मा, निवासी ग्राम कहु आनाला, बीना मार्ग परासी, थाना अनपरा, जनपद सोनभद्र (उम्र लगभग 34 वर्ष) के सिर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था।

# ओबरा नगर के मुख्य चौराहे पर भीख मांगता बचपन: जिम्मेदार मौन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

ओबरा/ सोनभद्र। जनपद के औद्योगिक नगर ओबरा के मुख्य चौराहे पर स्थित हनुमान मंदिर के सामने रोजाना बड़ी संख्या में मासूमों का भीख मांगना अब एक आम दृश्य बन चुका है, जो सामाजिक व्यवस्था और प्रशासनिक दावों की पोल खोलने के लिए काफी है। आस्था के केंद्र इस मंदिर पर जहाँ भक्त शीश झुकाने आते हैं, वहीं बाहर बैठे 3 से 13 वर्ष के लगभग 20 से 25 बच्चे बुनियादी सुविधाओं से वंचित होकर भीख मांगकर जीवन यापन करने को मजबूर हैं। जांच-पड़ताल में सामने आया है कि ये नौनिहाल नगर के भलुआ टोला के निवासी हैं। इनका पारिवारिक और सामाजिक स्तर अत्यंत दयनीय है। इनमें से कई बच्चों के सिर से माता-पिता का साया उठ चुका है, तो कई के माता-पिता कबाड़ बीनकर किसी तरह गुजर-बसर करते हैं। गरीबी और अशिक्षा के कारण ये बच्चे बचपन से ही शिक्षा से दूर हो गए हैं और समाज में इनका अनादर हो रहा है। विशेषकर मंगलवार और शनिवार को जब मंदिर में भीड़ होती है, तो ये बच्चे प्रसाद और चंद सिक्कों की आस में कतारों में और आसपास मंडराते नजर आते हैं। बाकी दिनों में ये पूरे नगर में घूम-घूम कर भिक्षावृत्ति करते हैं। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि यह दृश्य नगर के सबसे प्रमुख चौराहे का है, जहाँ




से हर शाम जिले और शासन-प्रशासन के बड़े अधिकारियों का आवागमन होता है। बावजूद इसके, इन बच्चों की दुर्दशा और बदहाल स्थिति न तो शासन को दिखाई देती है और न ही प्रशासन को। सोनभद्र जैसा अति पिछड़ा और आदिवासी बाहुल्य जिला, जहाँ सरकार गरीबी उन्मूलन और बाल कल्याण के लिए विशेष दावे करती है, वहाँ मुख्य चौराहे पर यह स्थिति प्रशासनिक उत्तरदायित्व और सामा जिक न्याय मंत्रालय की नियमावली के खुले उल्लंघन का प्रमाण है। नगर का प्रबुद्ध वर्ग और आम जनमानस जब इन बच्चों को देखता है, तो मन में यही सवाल उठता है कि क्या इनके बेहतर भविष्य के लिए शासन-प्रशासन की कोई जिम्मेदारी नहीं है? यह दृश्य कतई शोभनीय नहीं है और समाज के लिए चिंता का विषय है। संविधान और कानून में बाल अधिकारों को लेकर तमाम व्यवस्थाएं होने के बाद भी ओबरा में बचपन का यूँ सड़क पर होना, सोई हुई प्रशासनिक व्यवस्था को जगाने और सवाल पूछने के लिए विवश करता है।

# चकला पंचायत में जीविका लाइब्रेरी की हुई शुरुआत

## छात्रों के लिए किताबें, स्वाध्याय कक्ष, डिजिटल कक्षा उपलब्ध

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



चकला पंचायत सरकार भवन में जीविका लाइब्रेरी की शुरूआत से, इस पंचायत के बच्चों को किताबें, अखबार, पत्रिकाएं, स्वाध्याय कक्ष, डिजिटल क्लास रूम की सुविधा मिल सकेंगी। जीविका डीपीएम अनुराधा चंद्रा ने जीविका लाइब्रेरी का शुभारंभ करते हुए ये बातें साझा कीं। उन्होंने बताया कि शिक्षा से हम अपने जीवन स्वप्न को पूरा कर सकते हैं। यह पुस्तकालय, इस पंचायत के छात्रों को, ज्ञानार्जन मार्ग में पथ प्रदर्शित करता रहेगा। किशनगंज सदर प्रखंड के चकला पंचायत सरकार भवन में जीविका लाइब्रेरी की शुरूआत से बच्चों को पढ़ने में सुविधा मिलेगी। इस अवसर पर सदर प्रखंड बीडीओ कर्मवीर कुमार ने छात्रों को स्वाध्याय के लिए पुस्तकालय आने की सलाह दी। उन्होंने नये डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर अपने पढ़ाई को उपयोगी बनाने की सलाह भी दी। पुस्तकालय के सामूहिक माहौल में पढ़ने के फायदे से बच्चों को अवगत कराया। छात्रों को पुस्तकों के साथ - साथ रूचि अनुसार साहित्य, विभिन्न प्रकार के मैगजीन, अखबारों को नियमित रूप से पढ़ने की सलाह दी. इस मौके पर जीविकाकर्मी विश्वनाथ, उदय सहित शगुन संकुल संघ की लीडर दीदी एवं कैडर उपस्थित थीं. शगुन जीविका संकुल संघ, चकला के द्वारा इस पुस्तकालय सह करियर विकास केंद्र का संचालन किया जाएगा. पुस्तकालय में छात्रों को टेस्ट बुक के साथ प्रतियोगिता परीक्षाओं की किताब भी पढ़ने के लिए उपलब्ध कराई गई हैं. साथ ही विभिन्न भाषाओं के अखबार , मैगजीन इत्यादि भी पुस्तकालय में बच्चों को पढ़ने को मिलेंगी. इस पुस्तकालय में डिजिटल कक्षा की व्यवस्था की गई है. जिसमें छात्र को इंटरनेट के माध्यम से ऑनलाईन कक्षा लेने की सुविधा मिलेगी. पुस्तकालय सह करियर विकास केंद्र के माध्यम से छात्रों को पुस्तकें पढ़ने की व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ - साथ उनके करियर चुनाव में मदद की जाएगी. छात्रों को उनकी रूचि , क्षमता अनुसार उनके करियर निर्माण के लिए उपयुक्त जानकारियाँ दी जाएँगी. ताकि वे पढ़ाई के साथ अपना भविष्य निर्माण भी कर सकें. पुस्तकालय में बच्चों को सुविधा प्रदान करने के लिए विद्या दीदी, रहेंगी. पुस्तकालय सह करियर विकास केंद्र की शुरूआत से आस झ पास के बच्चों में काफी उत्साह देखा गया. इस अवसर पर निबंध प्रतियोगिता एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। इस मौके पर चकला पंचायत के मुखिया तनवीर आलम , उप मुखिया सहित वार्ड सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पटना में एसवीयू ने भवन निर्माण बिभाग के निदेशक के ठिकानों पर किया छापेमारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ बिहार सरकार के भवन निर्माण विभाग में तैनात निदेशक गजाधर मंडल के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोपों पर विशेष निगरानी इकाई ने उनके विरुद्ध औपचारिक मामला दर्ज करते हुए छापेमारी की कार्रवाई शुरू की है। निगरानी इकाई के अनुसार, गजाधर मंडल ने अपनी सेवा अवधि के दौरान विभिन्न पदों पर रहते हुए वैध आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की है। यह संपत्ति उनके ज्ञात स्त्रोतों से मेल नहीं खाती, जिस कारण उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए हैं। विशेष निगरानी इकाई ने गजाधर मंडल के खिलाफ कांड संख्या 27/2025 दर्ज किया है। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के संशोधित प्रावधानों और भारतीय न्याय संहिता 2023 की संबंधित धाराओं के तहत दर्ज किया गया है। निगरानी विभाग का कहना है कि प्रारंभिक जांच में ही गजाधर मंडल की संपत्ति और आय के बीच बड़ा अंतर सामने आया था, जिसके बाद विस्तृत जांच और तलाशी की जरूरत महसूस की गई। विशेष न्यायाधीश, निगरानी द्वारा जारी तलाशी वारंट के आधार पर निगरानी की टीमों ने एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। पटना और भागलपुर में स्थित गजाधर मंडल के कार्यालय और आवासीय परिसरों को इस कार्रवाई में शामिल किया गया। पटना के राजवंशी नगर में स्थित भवन निर्माण विभाग के कार्यालय में भी टीम पहुंची, जहां उनके चेंबर की तलाशी ली गई। इस दौरान कई महत्वपूर्ण कागजात और दस्तावेज जब्त किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है।निगरानी इकाई के मुताबिक, गजाधर मंडल ने अपनी सेवा अवधि में लगभग 2 करोड़ 82 लाख 61 हजार रुपये की अवैध संपत्ति अर्जित की है। यह राशि उनकी ज्ञात और वैध आय से काफी अधिक बताई जा रही है। जांच एजेंसी का कहना है कि यह अंतर सामान्य नहीं है और इसके पीछे अवैध आय, निवेश और संपत्ति खरीद के ठोस संकेत मिले हैं। यह मामला भ्रष्टाचार निवारण के तहत दर्ज किया गया है।गजाधर मंडल वर्तमान में दरभंगा में भवन निर्माण विभाग के निदेशक पद पर तैनात हैं। इससे पहले वे विभिन्न स्थानों पर विभागीय जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। जानकारी के अनुसार, करीब छह महीने पहले ही उन्हें पटना के राजवंशी नगर स्थित गुणवत्ता अनुश्रवण कार्यालय के निदेशक पद पर नियुक्त किया गया था। छापेमारी के दौरान निगरानी की टीम ने दस्तावेजों के साथ-साथ बैंक खातों, निवेश से जुड़े कागजात और संपत्ति से संबंधित फाइलों की भी गहन जांच शुरू की है। अधिकारियों का कहना है कि जब्त दस्तावेजों का विस्तृत विश्लेषण किया जाएगा। इसके बाद यह स्पष्ट हो सकेगा कि संपत्ति कहां-कहां निवेश की गई है और किन स्त्रोतों से धन अर्जित किया गया।

# पटना पुलिस ने किया अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पदार्फाश करते हुए 4 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी किराए के मकान में रहकर लॉटरी और अन्य ऑनलाइन माध्यमों से देशभर के लोगों को ठगी का शिकार बना रहे थे। मामले की जानकारी नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी परिचय कुमार ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि रामकृष्ण नगर थाना अंतर्गत शिवनगर जक्खियारपुर इलाके में एक किराए के मकान से साइबर ठगी का संचालन किए जाने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापेमारी की गई, जहां से 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 13 मोबाइल फोन बरामद किए हैं, जिनका उपयोग साइबर ठगी के लिए किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार आरोपी ईमेल, व्हाट्सएप और टेक्स्ट मैसेज के माध्यम से लोगों से संपर्क कर लॉटरी और अन्य झांसे देकर यूपीआई और बैंक खातों में अवैध रूप से पैसा मंगवाते थे। प्रारंभिक जांच में लाखों रुपये के लेनदेन के साक्ष्य मिले हैं, हालांकि सटीक राशि की जांच की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियों में चिंटू कुमार, निवासी नालंदा जिला, रबिन, निवासी बेंगलुरु कर्नाटक, मधुसूदन रेड्डी, निवासी नारायणपेट जिला कर्नाटक और गोविंद राज शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में 3 कर्नाटक के और 1 बिहार का रहने वाला है। नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी ने बताया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड अभी फरार है, जिसने मकान किराए पर लिया था। उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। पुलिस को आशंका है कि यह गिरोह पैन इंडिया स्तर पर साइबर ठगी को अंजाम दे रहा था और बिहार के साथ-साथ अन्य राज्यों के लोगों को भी निशाना बना रहा था। पुलिस सभी आरोपियों को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी ताकि नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों, खातों और तकनीकी पहलुओं की जानकारी जुटाई जा सके। इस मामले में कर्नाटक पुलिस से भी सहयोग लिया जाएगा।

# आईआरडीएआई ने मोटर बीमा दावों के निपटान के लिए नियामक ढांचा मजबूत किया

बीमा क्षेत्र के नियामक, भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने पॉलिसीधारकों के हितों की रक्षा के लिए विभिन्न नियामक उपाय किए हैं, जिनके अंतर्गत बीमा कंपनियों को पारदर्शी, समयबद्ध और निष्पक्ष दावा निपटान प्रक्रियाएं अपनानी अनिवार्य हैं। ये विनियम मोटर बीमा दावों के निपटान के दौरान मनमानी या जबरदस्ती की प्रथाओं को रोकने के लिए प्राथमिक कानूनी साधन हैं।

आईआरडीएआई (बीमाकताओं के हितों, संचालन और संबद्ध मामलों की सुरक्षा) विनियम, 2024 में यह निर्धारित किया गया है कि बीमा कंपनियों के पास बोर्ड द्वारा अनुमोदित दावा निपटान नीतियां होनी चाहिए, बीमाधारक को सर्वेक्षकों/हानि मूल्यांकनकताओं की भूमिकाओं, कर्तव्यों और नियुक्ति विवरणों का खुलासा करना चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सभी दावा कटौती और निपटान पारदर्शी, उचित और दस्तावेजी स्पष्टीकरण द्वारा समर्थित हों।

आईआरडीएआई ने बताया है कि वित्त वर्ष 2023-24 में कुल शिकायतों में मोटर क्षेत्र की शिकायतों का प्रतिशत 26.18 प्रतिशत था, जो वित्त वर्ष 2024-25 में घटकर 24.8 प्रतिशत हो गया है।

इसके अलावा, वित्तीय वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 के दौरान मोटर बीमा श्रेणी के अंतर्गत बीमा लोकपाल को प्राप्त कुल 10,156 शिकायतों में से 9,943 का निपटारा (पुरस्कार दिया गया, वापस लिया गया और सुनवाई योग्य नहीं) किया गया और शेष प्रक्रियाधीन हैं।

पॉलिसीधारकों के हितों की सुरक्षा संबंधी मास्टर सर्कुलर, 2024 के प्रावधान के अनुसार, मोटर बीमा में 50,000 रुपये से कम के किसी भी नुकसान का पंजीकृत सर्वेक्षक द्वारा अनिवार्य रूप से सर्वेक्षण कराना आवश्यक नहीं है। बीमाकर्ता इसके लिए एआई-आधारित मूल्यांकन के साथ ऐप आधारित पद्धति का उपयोग कर रहे हैं। आईआरडीएआई (बीमा सर्वेक्षक और हानि मूल्यांकनकर्ता) विनियम, 2015 बीमाकताओं द्वारा सर्वेक्षकों के प्रदर्शन की निगरानी का प्रावधान करता है, जिसमें निर्धारित आचार संहिता का पालन भी शामिल है। बीमाकताओं को किसी भी रिपोर्ट किए गए विचलन की जांच करने, आवश्यक पूछताछ करने और स्थापित उल्लंघनों की रिपोर्ट प्राधिकरण को देने की आवश्यकता है। ऐसे मामलों की प्रक्रिया नियामक ढांचे के अनुसार की जाती है।

इसके अतिरिक्त, आईआरडीएआई विभिन्न आधारों पर सर्वेक्षक का लाइसेंस निलंबित कर सकता है, जैसे कि कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का संतोषजनक और पेशेवर तरीके से निर्वहन न करना, विनियमों में निर्दिष्ट आचार संहिता का उल्लंघन करना, पॉलिसीधारकों के हितों के प्रतिकूल कार्य करना आदि।

# पटना में छात्रा के साथ यौन शोषण कर शोशल मीडिया पर डाला अश्लील बीडीओ

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ राजधानी में एक नर्सिंग छात्रा के साथ धोखाधड़ी और यौन शोषण का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है और मामले की गहन जांच कर रही है।पीड़िता के अनुसार, यह सब तब शुरू हुआ जब एक दिन उसके मोबाइल पर एक अनजान युवक का फोन आया। युवक किसी और को कॉल करना चाहता था, लेकिन नंबर के एक-दो अंक गलत डायल हो जाने के कारण कॉल छात्रा के पास चला गया। शुरू में बातचीत सामान्य रही और ज्यादा देर तक बात नहीं हुई। लेकिन इसके बाद आरोपी बार-बार फोन करने लगा। धीरे-धीरे दोनों के बीच बातचीत बढ़ने लगी और छात्रा को उसकी बातें अच्छी लगने लगीं। लगातार बातचीत के चलते दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ती चली गईं। आरोपी ने अपना नाम सोनू बताया और खुद को अविवाहित बताया। बातचीत से शुरू हुआ यह रिश्ता जल्द ही मुलाकातों तक पहुंच गया। दोनों पहली बार करबिगहिया इलाके में मिले। इसके बाद वे कई बार एक होटल में भी गए, जहां उनके बीच शारीरिक संबंध बने। छात्रा को इस दौरान कभी यह अंदेशा नहीं हुआ कि युवक अपनी पहचान छिपा रहा है और उसकी जिंदगी में एक बड़ा झूठ शामिल है।करीब एक साल तक चले इस रिश्ते के दौरान छात्रा ने जब शादी की बात उठाई तो आरोपी टालमटोल करने लगा। इस व्यवहार से छात्रा को शक हुआ। उसने अपने स्तर से युवक के बारे में जानकारी जुटानी शुरू की। जांच में सामने आया कि जिस युवक को वह सोनू समझ रही थी, उसका असली नाम मोहम्मद रुस्तम है। वह पहले से शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है। यह सच्चाई सामने आने के बाद छात्रा पूरी तरह टूट गई और उसने आरोपी से दूरी बनानी शुरू कर दी। आरोपी ने अपनी बातों को सही साबित करने के लिए एक फर्जी आधार कार्ड भी दिया। लेकिन छात्रा को अब उस पर भरोसा नहीं रहा। उसने साफ कह दिया कि वह इस रिश्ते को आगे नहीं बढ़ाना चाहती। इसके बाद आरोपी ने उस पर शादी का दबाव बनाना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बताया कि रिश्ते के दौरान आरोपी ने चोरी-छिपे उसके आपत्तिजनक वीडियो बना लिए थे। जब छात्रा ने उससे दूरी बनानी शुरू की और बातचीत बंद कर दी, तो आरोपी ने बदले की भावना से उन वीडियो को सोशल मीडिया पर डाल दिया।जिससे परेशान होकर छात्रा 15 दिसंबर को जक्कनपुर थाना पहुंची और पूरी आपबीती पुलिस को बताई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को समझते हुए तुरंत कार्रवाई शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने पीड़िता से आरोपी का नंबर अनब्लॉक करने को कहा, ताकि उसे रंगे हाथ पकड़ा जा सके। पुलिस की सलाह पर छात्रा ने आरोपी से बातचीत शुरू की। आरोपी ने उसे मीठापुर बस स्टैंड के पास मिलने के लिए बुलाया। छात्रा वहां पहुंची और जैसे ही आरोपी मौके पर आया, पहले से घात लगाए पुलिसकर्मियों ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पता चला कि आरोपी कोलकाता में एक दुकान में काम करता था और उसकी शादी वर्ष 2012 में हुई थी। उसके तीन बच्चे हैं, जिनकी उम्र क्रमशः 9 साल, 6 साल और ढाई साल बताई गई है।एएसपी सदर अभिनव कुमार ने बताया कि आरोपी ने युवती को धोखे में रखकर उससे संबंध बनाए और बाद में ब्लैकमेल किया। यह एक गंभीर अपराध है। फिलहाल आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

# कोचिंग व ट्यूशन के नाम पर बच्चों की भविष्य से खिलवाड़

## विद्यालय के समय पर संचालित हो रही कोचिंग, मूकदर्शक बनी बिभाग

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ जिले के बिभिन्न इलाको में विद्यालय की अवधि में कोचिंग व ट्यूशन संचालित होने से बच्चों की भविष्य पर गहरा प्रभाव पड़ रही है। मात्र दो घण्टे के लिए बच्चों व छात्रों का छह घण्टे बर्वाद हो रहा है। वही इसपर रोकथाम करने के बजाए शिक्षा बिभाग मुकदर्शन बनी हुई है। जानकारी के अनुसार विद्यालय में शिक्षण कार्य की अवधि सुबह नौ बजे से शाम चार बजे तक निर्धारित है। लगभग सभी विद्यालयों में योग्य शिक्षक मौजूद है। लेकिन देखा जाए तो किसी भी विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति कम पाई जाती है। यहां तक कि कई विद्यालयों में सरकारी लाभ लेने के लिए छात्रों तथा उनके अविभावकों की ओर से शिक्षकों पर दबाव बनाई जाती है। दबाव के कारण शिक्षक मजबूर होकर हाजरी बना देते है। जिससे छात्रों के बीच अनुपस्थिति की भय नही रह जाती। बच्चों तथा छात्रों को विद्यालयों में अनुपस्थित रहने का मुख्य कारण विद्यालय के समय पर निजी कोचिंग व ट्यूशन संस्थाओं का संचालन है। जानकारी लेने पर शिक्षक कहते है कि छात्र विद्यालय नही आते तो किसे पढाऊँ। जबकि छात्र व अविभावक कहते है कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ाई लिखाई नही होती है। विचारणीय बात यह है कि आखिर शिक्षक विद्यालय आते किस लिए है? जब एक प्रशिक्षित तथा डिग्री प्राप्त दर्जनों शिक्षक विद्यालयों में छह घण्टे पढ़ाकर भी छात्रों को ज्ञान नही दे सकते तो निजी कोचिंग तथा ट्यूशन में अप्रशिक्षित शिक्षक मात्र एक दो घण्टे में कितना ज्ञान दे सकते है? इन बातों पर अविभावकों को विचार करने की जरूरत है। वही विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए सरकार की ओर से छात्रवृति, पोशाक से लेकर साइकिल के लिए भी राशि दी जा रही है। प्राथमिक विद्यालयों में मध्याह्न भोजन तक दी जा रही है। अब तो डिजिटल हाजिरी बनाने के लिए घोषणा हो चुकी है। वही अधिकांश विद्यालयों में अभी बच्चों की डिजिटल हाजिरी की शुरूआत नही हुई है। इतना के बावजूद भी यदि सुधार नही होती तो स्थानीय स्तर पर अधिकारियों को सख्या रवैया अपनाना चाहिए।

# दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल सिर्फ नाम का, इलाज के बजाय मरीजों को किया जा रहा रेफर

**श्रीभूमि संवाददाता दैनिक समाज जागरण**




श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा स्थित मॉडल अस्पताल को इलाके के लोगों के लिए बेहतर इलाज का भरोसेमंद केंद्र माना जाता था, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल उलट नजर आ रही है। लंबे समय से मिल रही शिकायतों के अनुसार यह अस्पताल अब केवल ह्लमॉडलह्व के नाम तक ही सीमित रह गया है। यहां आने वाले मरीजों को आवश्यक उपचार और सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं और अधिकांश मामलों में उन्हें सिर्फ रेफर कर दिया जा रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि मामूली बीमारी या सामान्य जांच के लिए भी मरीजों को श्रीभूमि सिविल अस्पताल या सिलचर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जाता है। इससे गंभीर रूप से बीमार मरीजों की जान जोखिम में पड़ रही है। लोगों का सवाल है कि केवल रेफर करने से क्या मरीजों का इलाज हो सकता है?

अस्पताल में चिकित्सा सुविधाओं की भारी कमी बताई जा रही है। मरीजों का आरोप है कि आवश्यक उपकरण, आपातकालीन सेवाएं और दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। महिलाओं के इलाज के लिए महिला रोग विशेषज्ञ (गाइनी) और सीजरियन ऑपरेशन की कोई सुविधा नहीं है, वहीं बच्चों के इलाज के लिए भी विशेषज्ञ डॉक्टरों का अभाव है। इसके अलावा रेबीज (Rabies) वैक्सीन तक उपलब्ध नहीं होने से लोगों में गहरी नाराजगी है।

इलाके के लोगों ने इस स्थिति को लेकर स्वास्थ्य मंत्री अशोक सिंगल एवं जिला कलेक्टर प्रदीप कुमार द्विवेदी का ध्यान आकर्षित किया है। उन्होंने अस्पताल में मेडिसिन स्पेशलिस्ट, महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर, बच्चों के डॉक्टर और आवश्यक दवाओं की तत्काल उपलब्धता की मांग की है। लोगों का कहना है कि जब तक योग्य डॉक्टर और जरूरी दवाएं नहीं होंगी, तब तक अस्पताल का उद्देश्य अधूरा ही रहेगा।

सूत्रों के अनुसार अस्पताल में डॉक्टरों और नर्सों के लिए आवासीय क्वार्टर की भी सुविधा नहीं है, जिससे कर्मचारियों को काम करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि जो डॉक्टर और नर्स वर्तमान में तैनात हैं, वे सीमित संसाधनों के बावजूद मरीजों की सेवा करने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन स्टाफ की कमी के कारण व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

अब देखना यह है कि सरकार और प्रशासन इस गंभीर जनहित के मुद्दे पर क्या कदम उठाते हैं और कब दुल्लभछड़ा मॉडल अस्पताल को वास्तव में "मॉडल" बनाया जाता है।

# सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा ने भारत में मधुमेह रेटिनोपैथी के लिए पहला एआई-संचालित सामुदायिक स्क्रीनिंग कार्यक्रम शुरू किया

सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा (एएफएमएस) ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (आरपीसी), नई दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचडब्ल्यू) की ई-हेल्थ एआई इकाई के सहयोग से 16 दिसंबर, 2025 को नई दिल्ली में भारत का पहला कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित सामुदायिक मधुमेह रेटिनोपैथी (डीआर) स्क्रीनिंग कार्यक्रम शुरू किया। यह पहल मधुमेह से संबंधित नेत्र रोग का शीघ्र पता लगाने और सही समय में राष्ट्रीय स्वास्थ्य सूचना ढांचा तैयार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

इस कार्यक्रम का उद्घाटन सेना अस्पताल (अनुसंधान एवं रेफरल), नई दिल्ली में सशस्त्र बल चिकित्सा सेवा की महानिदेशक सर्जन वाइस एडमिरल आरती सरीन और डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र की प्रमुख प्रोफेसर राधिका टंडन ने किया। यह सहयोग एएफएमएस की नैदानिक पहुंच, एम्स के अकादमिक नेतृत्व और एमओएचडब्ल्यू की डिजिटल नवाचार क्षमताओं को एक साथ लाता है ताकि एक प्रमुख सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती का समाधान किया जा सके।

मधुनेत्र एआई द्वारा संचालित यह कार्यक्रम, डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र विज्ञान केंद्र (आरपीसी) द्वारा विकसित एक वेब-आधारित कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरण है। यह प्लेटफॉर्म हैंडहेल्ड फंडस कैमरों से ली गई रेटिना छवियों की स्वचालित स्क्रीनिंग, ग्रेडिंग और ट्राइएजिंग की सुविधा प्रदान करता है, जिससे प्रशिक्षित चिकित्सा अधिकारी, नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्य सहायक सामुदायिक स्तर पर स्क्रीनिंग कर सकते हैं।

# पटना पुलिस ने किया हत्याकांड का पुलिस ने 6 दिनों में किया खुलासा

## छह आरोपी गिरफ्तार, 3 नाबालिग शामिल

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ में मखदूम साहब मजार के पास हुए युवक महताब आलम की हत्या के मामले का पुलिस ने महज 6 दिनों में सफल उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में पुलिस ने कुल 6 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें 3 नाबालिग किशोर भी शामिल है। जिसकी जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पटना पश्चिमी सिटी एसपी ममता कल्याणी ने दी है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने बताई की छह दिनों पूर्व फुलवारी शरीफ थाना क्षेत्र




के टमटम पड़ाव स्थित कब्रिस्तान के पास से एक युवक का शव बरामद किया गया था। मृतक की पहचान जहानाबाद जिले के निवासी मोहम्मद महताब आलम के रूप में हुई थी। महताब पहले पूरे परिवार के साथ फुलवारी शरीफ के कचहरी मोहल्ला में अपने ननिहाल में रहता था। जिसके परिजनों ने छह दिनों पूर्व प्राथमिकी दर्ज कराया था।इसके बाद नगर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी के निर्देश पर फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद गुलाम शाहबाज आलम के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन कर जांच शुरू की गई। अनुसंधान के क्रम में तकनीकी साक्ष्यों और लगातार छापेमारी के आधार पर सबसे पहले आयुष कुमार उर्फ कल्लू को गिरफ्तार किया गया। जिसके आधार पर दो अन्य अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जबकि तीन नाबालिग किशोरों को विधि विरुद्ध पाए जाने पर निरुद्ध कर बाल सुधार गृह भेजा गया। गिरफ्तार अपराधियों में आयुष कुमार उर्फ कल्लू, उम्र 22 वर्ष, पिता संजीव चौधरी, निवासी जोगिया टोला, थाना फुलवारी शरीफ,आलोक कुमार उर्फ गोलू, उम्र 18 वर्ष, पिता छोटू महतो उर्फ राजा महतो, निवासी आदर्शनगर रोड संख्या 2, थाना फुलवारी शरीफ, अक्षय कुमार उर्फ बॉस, पिता सुरेंद्र महतो, निवासी नोनियाटोला वार्ड संख्या 4, टमटम पड़ाव के पास, थाना फुलवारी शरीफ के अलावा निरुद्ध नाबालिग किशोर में सूरज कुमार, उम्र 15 वर्ष, पिता नगीना पासवान, निवासी राष्ट्रीयगंज रामजानकी मंदिर के पीछे, थाना फुलवारी शरीफ, अंकुश कुमार, उम्र 15 वर्ष, पिता दिनेश पासवान, निवासी सतगलिया संगत, थाना फुलवारी शरीफ,मोहम्मद शैफ उर्फ टाइगर, उम्र 14 वर्ष, पिता मोहम्मद शाहिद, निवासी संगी मस्जिद लाल मियां की दरगाह के पास, थाना फुलवारी शरीफ शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपियों की भूमिका हत्या की घटना में स्पष्ट रूप से सामने आई है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। जानकारी के अनुसार मोहम्मद महताब आलम जहानाबाद जिले का रहने वाला था और वह अपनी मां के साथ इलाज और मन्नत के उद्देश्य से फुलवारी शरीफ के टमटम पड़ाव स्थित मखदूम साहब की मजार पर आया था। बताया गया कि महताब आलम पहले कचहरी मोहल्ला क्षेत्र में अपनी ननिहाल के पास रहता था, लेकिन करीब 2 वर्ष पहले पूरे परिवार के साथ जहानाबाद जाकर बस गया था। मजार पर आने के बाद उसकी यहां के पुराने कुछ साथियों से मुलाकात हुई। इसी दौरान उसने अपनी मां से कहा कि आप घर चली जाइए, वह रात में कहीं रुक जाएगा और सुबह वापस आ जाएगा। अगले दिन सुबह मखदूम साहब मजार के पास पानी भरे एक गड्ढे से महताब आलम का शव बरामद किया गया। घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई थी, जिसके बाद पुलिस ने गंभीरता से जांच करते हुए पूरे हत्याकांड का खुलासा महज छः दिनों में कर दिया।

# चोरी के कोयले से लदे ट्रक जप्त, चालक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**



कुटुंबा (बिहार) औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में विशेष छापामारी अभियान के तहत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर -01 औरंगाबाद की अध्यक्षता में चोरी का कोयला लदे ट्रक को जप्त किया गया है एवं मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।कुटुंबा थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि ट्रक को जप्त कर थाना लाया गया है इस अभियान में ट्रक के चालक अशोक चौबे को गिरफ्तार कर न्यायीक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। ट्रक चालक अशोक चौबे पिता राजबली चौबे गांव रनी थाना दिनारा जिला रोहतास का निवासी है।

# केंद्रीय मंत्री श्री मनोहर लाल ने विकसित भारत के लिए आवास और शहरी विकास निगम (हुडको) के बुनियादी ढांचे के वित्त पोषण पर परामर्श समिति की बैठक की अध्यक्षता की

**समाज जागरण**

केंद्रीय विद्युत एवं आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल ने आवास एवं शहरी विकास निगम (हुडको) - विकसित भारत के लिए अवसंरचना वित्त पोषण विषय पर आवासन एवं शहरी विकास मंत्रालय (एमओएचए) की सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता की। यह बैठक 15 दिसंबर 2025 को आयोजित की गई थी।

इस बैठक में आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू; आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय के सचिव श्री श्रीनिवास कथिकला; मंत्रालय और हुडको के वरिष्ठ अधिकारी और राज्यसभा एवं लोकसभा दोनों के संसद सदस्य उपस्थित थे।

अपने आरंभिक भाषण में केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के समय पर क्रियान्वयन के लिए पूंजी आवश्यक है, विशेषकर भारत की तेजी से बढ़ती शहरी आबादी के संदर्भ में। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विकसित भारत की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए आवास और शहरी बुनियादी ढांचे के व्यापक विकास हेतु सतत और नवोन्मेषी वित्त पोषण तंत्र की आवश्यकता होगी। केंद्रीय मंत्री ने देश भर में शहरी विकास परियोजनाओं के लिए संसाधन जुटाने और दीर्घकालिक वित्त पोषण सुनिश्चित करने में हुडको जैसी संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

श्री मनोहर लाल ने कहा कि शहरों के विस्तार और शहरी मांगों में वृद्धि के साथ, लचीले, समावेशी और भविष्य के लिए तैयार बुनियादी ढांचे को समर्थन देने के लिए वित्त पोषण मॉडल में बदलाव होना आवश्यक है। उन्होंने शहरी परिवर्तन को गति देने के लिए संस्थागत क्षमताओं को मजबूत करने और पूंजी के विविध स्त्रोतों का लाभ उठाने का आह्वान किया।

आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री श्री तोखन साहू ने आवास एवं शहरी अवसंरचना क्षेत्र में हुडको की प्रगति और योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एचयूडीसीओ की भूमिकाओं और कार्यों के संबंध में वे सीएमडी और अन्य अधिकारियों के साथ निरंतर संपर्क में रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1970 में अपनी स्थापना के बाद से संगठन का निरंतर विकास हुआ है और 1990 के दशक के आरंभ में आर्थिक उदारीकरण की शुरूआत ने उदारीकृत अर्थव्यवस्था के तहत आवास एवं शहरी अवसंरचना क्षेत्रों में अनेक अवसर खोलकर एचयूडीसीओ को और भी मजबूत बनाया है।

श्री तोखन साहू ने आगे कहा कि वित्त पोषण के अलावा, एचयूडीसीओ ने शहरी क्षेत्र के लिए परियोजना परामर्श और क्षमता निर्माण पहलों में महत्वपूर्ण विशेषज्ञता विकसित की है। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद से, कंपनी ने शेयरधारकों को मजबूत प्रतिफल दिया है, जो बढ़ते बाजार पूंजीकरण और बढ़े हुए लाभांश भुगतान में परिलक्षित होता है। उन्होंने बताया कि एचयूडीसीओ बाजार पूंजीकरण के मामले में शेयर बाजार में सूचीबद्ध शीर्ष 200 कंपनियों में शुमार है।

# सरैया में धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन, किसानों को मिलेगा एमएसपी का लाभ

**पंकज कुमार पाठक, संवाददाता पदमा, समाज जागरण**





पदमा प्रखंड के सरैया पानी टंकी के समीप स्थित धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन बुधवार को जीप सदस्य बसंत नारायण मेहता,उप प्रमुख सत्येंद्र राणा,विधायक प्रतिनिधि नारायण यादव एवं स्थानीय मुखिया शांति देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। उद्घाटन के साथ ही क्षेत्र के किसानों के लिए धान विक्रय की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

इस अवसर पर सरैया पैक्स अध्यक्ष अनिल कुमार मेहता ने बताया कि वर्ष 2025-26 के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) बोनस सहित 24 रुपये 50 पैसे प्रति किलोग्राम निर्धारित किया गया है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे सरकार द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप अपना धान केंद्र पर लाकर विक्रय करें, ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके।

उद्घाटन समारोह में भाजपा नेता अजय मेहता, पूर्व सांसद प्रतिनिधि सुरेंद्र गुप्ता,रोमी पंचयात सचिव प्रीति कुमारी, पूर्व उपमुखिया सुरेश पांडेय, कामेश्वर मेहता, कैलास प्रसाद केशरी,सुनील मेहता, महेश मेहता, टिंकू शर्मा, राजू मेहता सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने धान अधिप्राप्ति केंद्र के संचालन से किसानों को होने वाले लाभ पर प्रसन्नता व्यक्त की।

ग्रामीणों का मानना है कि इस केंद्र के शुरू होने से किसानों को अब बिचौलियों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और उन्हें अपने उपज का उचित मूल्य समय पर प्राप्त होगा।

# जन्म-मृत्यु से संबंधित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**राहुल कुमार गुप्ता, संवाददाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**





विष्णुगढ़ ।प्रखंड कार्यालय विष्णुगढ़ में मंगलवार को उपायुक्त सह जिला रजिस्ट्रार(जन्म-मृत्यु) हजारीबाग के निदेर्शानुसार एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।प्रखंड विकास पदाधिकारी विष्णुगढ़ की उपस्थिति में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी हजारीबाग के द्वारा जन्म-मृत्यु निबंधन,समयबद्ध पंजीकरण,ऑनलाइन प्रविष्टि संबंधित नियमावली की जानकारी दी गई।प्रखंड विकास पदाधिकारी अखिलेश कुमार ने बताया जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र निबंधन पूर्व सही तरीके जांच करे ताकि किसी भी प्रकार का फजीर्वाड़ा न हो सके।आमजनों को समय पर सेवाएं उपलब कराने पर विशेष बल दिया गया है।मौके पर बीडीओ अखिलेश कुमार,जिला सांख्यिकी पदाधिकारी मुलिन मरांडी,बीपीआरओ सह पंचायत सचिव सुरेंद्र प्रसाद,प्रखंड सांख्यिकी पर्यवेक्षक उमेश कुमार दास, पंचायत सचिव देवनन्दन प्रसाद, रामानंद प्रसाद, चंदन कुमार गुप्ता, प्रियंका कुमारी,लक्ष्मी बाला पटेल, जगनारायण राम समेत आंगनवाड़ी सेविका एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे

# पगमिल रोड का जाम बना नासूर, नगर निगम पर पूर्व सांसद का तीखा प्रहार

## अवैध खस्सी-बकरा बाजार से ठप रहता है इंद्रपुरी चौक से स्टेट बैंक तक का मार्ग, समाधान नहीं हुआ तो होगा जनांदोलन

**दैनिक समाज जागरण हजारीबाग**



हजारीबाग नगर निगम क्षेत्र के पगमिल रोड पर इंद्रपुरी चौक से लेकर स्टेट बैंक पगमिल रोड शाखा तक लगने वाला भीषण सड़क जाम आम जनता के लिए गंभीर समस्या बन चुका है। आए दिन जाम की वजह से राहगीरों, दुकानदारों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। त्योहारों के मौसम—होली, दशहरा और बकरीद—में यह समस्या और विकराल रूप ले लेती है, जब कई-कई महीनों तक सड़क पर जाम की स्थिति बनी रहती है।

इस गंभीर स्थिति पर पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कहा कि जाम की मुख्य वजह नगर निगम की लापरवाही है। खस्सी-बकरा विक्रेताओं के लिए वैकल्पिक बाजार की व्यवस्था नहीं होने के कारण ओकनी मोड़ और पगमिल रोड पर अवैध रूप से बाजार लग जाता है, जिससे सड़क पूरी तरह बाधित हो जाती है।

पूर्व सांसद ने बताया कि इस समस्या को लेकर वे पूर्व उपायुक्त, पूर्व पुलिस अधीक्षक और पूर्व नगर आयुक्त को लिखित शिकायत दे चुके हैं। पूर्व नगर आयुक्त ने खस्सी-बकरा बाजार को लोहसिंघना मैदान के पास स्थानांतरित करने और ओकनी मोड़ पर बिक्री निषेध बोर्ड लगाने का आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

भुवनेश्वर प्रसाद मेहता ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभावी कदम नहीं उठाए गए और जनता को जाम की समस्या से राहत नहीं मिली, तो वे बड़े जनांदोलन का आह्वान करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऐसी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी।

# नावाडीह प्रखंड में ग्रासरूट स्पोर्ट्स टूनार्मेंट का हुवा सफल आयोजन

**भुनेश्वर कुमार महातो , संवाददाता – समाज जागरण**





बेरमो / ऊपरघाट : प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं दानी स्पोर्ट्स फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में संचालित ग्रासरूट स्पोर्ट्स कार्यक्रम के तहत बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र के नावाडीह प्रखंड स्थित कपूरी मैदान, कंजकीरो में एक स्पोर्ट्स टूनार्मेंट का सफल आयोजन किया गया। इस टूनार्मेंट में मध्य विद्यालय काछो, बुडगढ़ा,कपूरी एवं पिपराडीह के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। खेल प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में खेल भावना, अनुशासन एवं टीमवर्क का सराहनीय प्रदर्शन देखा गया। प्रतियोगिता के परिणाम स्वरूप बालक वर्ग में कपूरी उच्च विद्यालय एवं कंजकीरो की टीम विजेता रही, वहीं बालिका वर्ग में मध्य विद्यालय पिपराडीह भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विजेता घोषित हुई। वही कार्यक्रम के सफल संचालन में प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन के फिटनेस कोऑर्डिनेटर चंद्रशेखर एवं सरिता कुमारी की अहम भूमिका रही। साथ ही रेफरी के रूप में शक्ति तुरी, कर्ण, कृष्ण, खिरोधर महतो, तथा कमेंटेटर के रूप में सुरेश कुमार ने अपनी सेवाएँ दिया। इस अवसर पर शिक्षक मोहम्मद कमरुल अंसारी, राजू नायक, इंद्रजीत महतो, मुरली मनोहर, जितेंद्र,जय लक्ष्मी सहित बड़ी संख्या में शिक्षकगण एवं बच्चे उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य ग्रामीण स्तर पर खेल प्रतिभाओं को पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करना रहा।

# काकोपाथार सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विजय दिवस पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन

**समाज जागरण गोरख नाथ गुप्ता।**




भारत के 1971 के युद्ध में ऐतिहासिक विजय की स्मृति में मनाए जाने वाले विजय दिवस के अवसर पर, स्पीयर कॉर्प्स की रेड शील्ड डिवीजन द्वारा 16 दिसंबर 2025 को काकोपाथर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय के छात्रों में देशभक्ति, राष्ट्रीय गौरव तथा भारतीय सशस्त्र बलों के बलिदानों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना था। लगभग 45 बच्चों ने अत्यंत उत्साह के साथ इस प्रतियोगिता में भाग लिया और विजय दिवस की भावना से प्रेरित होकर अपने चित्रों के माध्यम से साहस, एकता, बलिदान और राष्ट्रीय विजय जैसे विषयों को सजीव रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में शिक्षकों एवं छात्रों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जो सुदृढ़ सिविलझमिलिट्री संबंधों को दशार्ती है। इस पहल ने युवा मनों को भारत की समृद्ध सैन्य विरासत एवं 1971 के युद्ध की गौरवशाली परंपरा से रचनात्मक रूप से जुड़ने का अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम का समापन प्रतिभागियों की सराहना के साथ हुआ, जिसमे प्रथम स्थान पर आए उधब खाँचा, द्वितीय स्थान पर अलखा कुमारी एवं तृतीय स्थान बेबी कुमारी को मिला। इस पहल के द्वारा छात्रों को रचनात्मक माध्यमों की मदद से राष्ट्रीय मूल्यों को निरंतर अभिव्यक्त करने के लिए प्रेरणा मिली। भारतीय सेना द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दिया गया।

# 100 करोड़ से बना सिलवार पॉलिटेक्निक कॉलेज किसी काम का नहीं - प्रभु दयाल कुशवाहा

**मिंटू कुमार संवाददाता दैनिक समाज जागरण**



हजारीबाग ।100 करोड़ की लागत से बना हजारीबाग जिले का बना पहला पॉलिटेक्निक कॉलेज आज खंडार में तब्दील होते जा रहा है। न यहां कोई पॉलिटेक्निक के छात्र की पढ़ाई शुरू हो पाई और न ही इसे संचालित करने के लिए सरकार ने गंभीर निर्णय लिया ।लगभग 13 वर्ष पहले बना कॉलेज की खिड़कियां-दरवाजे अब टूटने लगे हैं और करोड़ों की लागत से बना भवन जर्जर और खंडहर बनने को आतुर है । पॉलिटेक्निक कॉलेज की स्थापना 2012-13 में इसलिए किया गया था की न सिर्फ हजारीबाग जिले के छात्र इस पॉलिटेक्निक कॉलेज में पढ़ सकेंगे बल्कि आसपास जिलों के भी और पूरे झारखंड से छात्र यहां पॉलिटेक्निक की शिक्षा ले पाते । लेकिन इसके पहले ही इसे ग्रहण लग गया।

इस मसले को लेकर सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने आवाज उठाते हुए विधानसभा के बाहर धरना - प्रदर्शन किया। इनका कहना है कि अगर पॉलिटेक्निक कॉलेज चालू नहीं किया जा सकता है तो इसे लड़कियों के लिए कॉलेज बना दिया जाए ताकि आसपास की लड़कियां-महिलाएं शिक्षा ग्रहण कर सके और भवन भी बचा रहे।

सीपीआई नेता और इस क्षेत्र के पूर्व मुखिया महेंद्र राम प्रजापति ने इसे चालू करवाने के लिए संबंधित पदाधिकारी से संपर्क किया और आवेदन दिया परंतु कोई सुनवाई नहीं हो सकी ।

इधर जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के जिला अध्यक्ष प्रभु दयाल कुशवाहा ने कहा 100 करोड़ का बना पॉलिटेक्निक कॉलेज किसी काम का नहीं ।

इन्होंने कहा कि इस जमीन पर सिलवार खुर्द के किसान वर्षों से खेती करते आ रहे थे। इन स्थानीय किसानों से जमीन छीन ली गई और पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाया गया । इससे बेहतर था कि खेती करके कई किसान अपना भरण पोषण कर रहे थे । सरकार को गंभीर चिंतन की जरूरत है कि जल्द से जल्द इस भूमि और भवन का सदुपयोग हो । सरकार इस पर कोई मुकम्मल व्यवस्था करे और सरकार का करोड़ों का खर्च का समुचित का उपयोग हो ।2023-24 में इसे शुरू करने के लिए सूचना दी गई थी और वेबसाइट पर भी डाला गया था। परंतु समय आने पर ढांक के तीन पात हो गया।

# उपायुक्त के जनता दरबार में आमजनों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्याएं, दिए त्वरित समाधान के निर्देश

**मिंटू कुमार दैनिक समाचार जागरण हजारीबाग**



उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में आज 16 दिसंबर को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस जनता दरबार में बड़ी संख्या में ग्रामीण अपने आवेदन एवं शिकायतों के साथ उपस्थित हुए।

उपायुक्त ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित पदाधिकारियों को मामलों के त्वरित एवं संवेदनशील निपटारे का निर्देश दिया। जनता दरबार में मुख्य रूप से पेंशन स्वीकृति, राशन कार्ड त्रुटि सुधार, आवास, आपूर्ति,भूमि विवाद, ऑनलाइन रसीद निर्गतिकरण, पारिवारिक विवाद, विद्यालय में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने के संबंध में, रोजगार एवं विभिन्न योजनाओं से जुड़ी आवेदन सामने आईं।

उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी आवेदन निर्धारित समयसीमा में निष्पादित किए जाएं।

**आज आए प्रमुख मामले एवं दिए गए निर्देश**

केरेडारी प्रखंड की सुमा देवी ने अपनी निजी जमीन के बगल में सुबोध साव व अन्य द्वारा अवैध चिमनी भट्ठा लगाने तथा इसके कारण बगल की भूमि पर लगे फसल एवं पौधों को नुकसान पहुंचने के सम्बद्ध में शिकायत की,इस पर उपायुक्त ने जिला खनन पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया।

इचाक के सूरज कुमार दास द्वारा बंदोबस्ती जमीन पर मुंशी साव एवं पुतिन साव द्वारा जबरन जमीन से बेदखल करने के संबंध में आवेदन दिया,इस पर उपायुक्त ने सीओ इचाक से रिपोर्ट की मांग की तथा एसडीओ, सदर को मामले की जांच करने का निर्देश दिया।

नाजीर हुसैन द्वारा मौजा अतिया कटकमसांडी अंचल द्वारा जमीन का ऑनलाइन रसीद नहीं निर्गत करने के संबंध में आवेदन दिया,इस पर उपायुक्त में सीओ से अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

सदर के मंडई खुर्द के मनोज कुमार सोनी ने परिवारजनों द्वारा बिना घरेलू बटवारा किए जमीन बिक्री करने से रोकने हेतु जमीन बिक्री पर रोक लगाने के संबंध में गुहार लगाई,इस पर उपायुक्त में सब रजिस्ट्रार को नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

सदर मंडई कला निवासी सुषमा सिन्हा द्वारा मंडई कला स्थित पूर्वजों के नाम हासिल जमीन पर भू माफियाओं के गिरोह द्वारा गैर कानूनी तरीके से जमीन हथियाने एवं महिला से गंभीर रूप से मारपीट करने के संबंध में न्याय हेतु आवेदन दिया। इस पर उपायुक्त ने पुलिस अधीक्षक को मामले की जांच करने को लेकर आवेदन अग्रसारित किया।

इस अवसर पर उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह ने कहा कि– प्रशासन का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। सभी अधिकारी जनता की शिकायतों को प्राथमिकता पर लेकर निर्धारित समयसीमा में निष्पादित करें।

# नावाडीह प्रखण्ड के पीडीएस दुकानदारों को मिली 4जी ई-पॉस मशीन

**भुनेश्वर कुमार महातो संवाददाता समाज जागरण**



बेरमो / ऊपरघाट : बेरमो अनुमण्डल क्षेत्र के नावाडीह प्रखण्ड में मंगलवार को पीडीएस दुकानदारों के बीच बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने 4जी ई पॉस मशीन का वितरण किया। वही लगभग 70 पीडीएस दुकानदारों को नई 4जी ई पॉस मशीनें उपलब्ध कराई गई। बताया गया कि इससे पहले वर्ष 2016 में पीडीएस दुकानदारों को 2जी ई पॉस मशीन दी गई थी, जिसमें नेटवर्क की समस्या के कारण लाभुकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बीडीओ ने ई-पॉस मशीन का वितरण कर कहा कि नई 4जी तकनीक से अब लाभुकों को राशन लेने में अनावश्यक इंतजार नहीं करना पड़ेगा। 2जी मशीन के कारण अक्सर लेन-देन में परेशानी होती थी, लेकिन अब उपभोक्ताओं को समय पर और आसानी से राशन का लाभ मिल सकेगा। 4जी ई-पॉस मशीन से पीडीएस व्यवस्था और अधिक पारदर्शी व सुचारु होगी, जिससे दुकानदारों के साथ-साथ आम उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी। साथ ही 4जी ई-पॉस मशीन विनोद महतो को सौपकर बीडीओ प्रशांत कुमार हेम्ब्रम ने मशीन के बारे में जानकारी भी दिया । मौके पर प्रखण्ड के एजीएम अभिषेक कुमार, दीपक कुमार सहित पीडीएस दुकानदार बिनोद कुमार महतो, राजेंद्र प्रसाद महतो ,श्यामलाल महतो ,नंदकिशोर वर्मा ,दिलीप कुमार, रऊफ हुसैन, लता देवी ,गोवर्घन साव ,प्रेमचन्द महतो ,सरोज चौरसिया ,सतेन्द्र प्रसाद महतो, जालेश्वर महतो ,अशोक कुमार आदि मौजूद थे।

# मवेशी चोर गिरफ्तार, दो अब भी फरार

## रांची निवासी आफताब कुरैशी अपने दो साथियों के साथ करता था प्रखंड में मवेशी चोरी

**राहुल कुमार गुप्ता, संवाददाता विष्णुगढ़, दैनिक समाज जागरण।**

विष्णुगढ़ ।विष्णुगढ़ थाने की पुलिस ने मवेशी चोरी करने के आरोपी अफताब कुरैशी को गिरफ्तार किया है।आरोपी रांची,कांटा टोली, पुर्णिया रोड़ का रहने वाला है।वह (एक्सयूवी 500 से रांची से आकर विष्णुगढ़ में मवेशी चोरी कर भाग निकला था। एसयूवी गाड़ी (जेएच01बीएन 7798) एवं मवेशी



को बांध कर वाहन में डालने में प्रयुक्त रस्सी भी जब्त किया गया है।इसके तीन साथी फरार हैं।जिसकी तलाश विष्णुगढ़ थाने की पुलिस को है।

इस संबंध में विष्णुगढ़ थाने में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद ने जानकारी दी। बताया कि रांची के मवेशी चोरी करने के इस आरोपित अपने तीन चार साथियों के साथ विष्णुगढ़ क्षेत्र में मवेशी चोरी करने में सक्रिय था। गत 27 नवंबर की रात विष्णुगढ़ के करंज मोड़ में सड़क किनारे बैठी गाय को इस आरोपित ने अपने साथियों के साथ मौके से उठाकर एसयूवी गाड़ी में लाद कर भाग निकला था।इस संबंध में विष्णुगढ़ थाने में कांड संख्या 219/2025 के तहत मामला दर्ज किया गया था।जिस पर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर मवेशी चोरी की गिरफ्तारी को ले एक टीम का गठन किया गया था।जिसमें एसडीपीओ बैजनाथ प्रसाद,थाना प्रभारी सपन कुमार महथा,सब इंस्पेक्टर दीपक कुमार सिंह,आशीष कुमार सिंह, संत कुमार पाठक शामिल थे।करंज मोड़ में मवेशी चोरी कर भाग निकले आरोपित की पहचान कर गिरफ्तार करने की कोशिश में जुटी पुलिस टीम को नरकी में मवेशी चोरी करने को लेकर आरोपित के आने सूचना मिली।मौके पर पहुंची पुलिस टीम को नरकी पुल पर संदिग्ध अवस्था में आरोपित खड़े मिले।सामने पुलिस को देख दो लोग भाग निकले।एक आरोपित अफताब कुरैशी पकड़ा गया।पुछताछ करने पर उसने विष्णुगढ़ करंज मोड़ से मवेशी चोरी करने बात कबूला है। जिस पर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।बाकी उसके साथियों की तलाश की जा रही है।

# करंट लगने से पत्रकार का निधन, शोक की लहर

## पत्रकार अरुण सिंह का निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति

**समाज जागरण दीपक सरकार**

छतरपुरः पत्रकार अरुण कुमार सिंह की करंट लगने से निधन हो गया। उनके निधन से इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।



अरुण कुमार सिंह एक निर्भीक, सजग एवं जनसरोकार से जुड़े पत्रकार की पहचान रखते थे। उनका असमय जाना पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। निधन की सूचना मिलते ही लोग हतप्रभ रह गए। रांची प्रेस क्लब के पूर्व प्रवक्ता आरजे अरविंद उर्फ चुनमुन ने इसे पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने कहा कि उनके निधन से छतरपुर में एक रिक्तता पैदा हो गई। वे एक निर्भीक और सजग पत्रकार थे। सोशल मीडिया के माध्यम से भी शोक व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में पप्पू यादव, आशिफ इकबाल, नवीन कुमार सहाय, राजकिशोर लाल, उपेंद्र, संदीप सरकार, मंटू, अरविंद अग्रवाल, हिरदयानंद, मित्तल सिंह, नवाब खान, अमित कुमार गुप्ता, पंकज गुप्ता, सत्येंद्र जी, शेखर कुमार, राजेश्वर प्रसाद, नसरुल्ला, जितेंद्र कुमार, मनोज गुप्ता, राधे मिश्रा, धर्मेंद्र सिंह, सुनील कुमार, पंचम कुमार, अंजनी सिंह, रामजी प्रसाद, अखिलेश जी, आलम जी, अशोक राम, भोला व्यास, असगर हुसैन, अनिल पासवान, सुनील वर्मा, आकाश कुमार, बबलू गुप्ता, गुड्डू, पंकज पाठक, एम.एम. प्रसाद, सिंटू सिंह, अजय गुप्ता, विजय कुमार, भूषण सिंह एवं रविन्द्र जी सहित कई लोग शामिल हैं।

सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकसंतप्त परिजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

# ईसीएल राजमहल परियोजना मैं वर्षों से जमे हुए हैं अभियंता पी बरनवाल

**समाज जागरण**

गोड्डा ईसीएल राजमहल परियोजना में अभियंता पी बरनवाल विगत 26 वर्षों से जमे हुए हैं जो की इन दोनों चर्चा का विषय बना हुआ है ज्ञात रहे की ईसीएल राजमहल परियोजना में एक लंबे अरसे से जमे रहना कहीं ना कहीं भ्रष्टाचार को बढ़ावा है गौरतलब है की सूचना अधिकार से मिली जानकारी के अनुसार 2 अप्रैल 1999 को पी बरनवाल राजमहल परियोजना में योगदान किया है और अभी तक एक ही स्थान पर जमे हुए हैं वर्तमान में अभियंता पी बरनवाल एरिया सेफ्टी ऑफिसर के पद पर पदस्थापित है उल्लेखनीय है कि ऊंची पहुंच और रसूख के बल पर पी बरनवाल लगभग 26 वर्षों से जमे रहना जांच का विषय है स्थानीय लोगों एवं बुद्धिजीवियों ने अभियंता पी बरनवाल के अभिलंब स्थानांतरण की मांग की है

# जर्नलिस्ट एसोसिएशन फॉर असम ( जाफा ) द्वारा पत्रकारिता का क्षेत्र में इकोनामिक टाइम्स के पत्रकार विकास सिंह को सम्मानित किए जाने पर दुमदुमा क्षेत्र में खुशी का माहौल।

**समाज जागरण गोरख नाथ गुप्ता।**




जर्नलिस्ट एसोसिएशन फॉर असम (जाफा) ने मंगलवार को दिसपुर के लोक निर्माण विभाग के कन्वेंशन सेंटर में एक औपचारिक समारोह में जाफा अचीवर्स अवाड्र्स 2025 प्रदान किए, जिसमें पत्रकारिता और विभिन्न अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। इस पुरस्कार में दुमदुमा के विकास सिंह वह पत्रकारिता के क्षेत्र में पुरस्कार मिलने से अंचल में खुशी का माहौल है। गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में जानी-मानी हस्ती, पत्रकारिता के दिग्गज प्रफुल्ल गोविंदा बरुआ, सांस्कृतिक हस्ती जुबीन गर्ग, दीपक शर्मा और अन्य के निधन पर उनकी याद में एक मिनट का मौन रखा गया। पत्रकारिता सहित अन्य क्षेत्र में चुनिंदा लोगों को उत्कृष्ट योगदान के क्षेत्र में पत्रकार विकास सिंह को सम्मान मिलने पर अंचल के लोग काफी प्रफुल्लित है। दुमदुमा के पूर्वोत्तर हिंदुस्तानी सम्मेलन के अध्यक्ष विजय यादव समेत कई लोगों ने विकास सिंह को बधाई दी ।विकास सिंह एक सीनियर जर्नलिस्ट हैं और अभी द इकोनॉमिक टाइम्स अखबार में असिस्टेंट एडिटर के तौर पर काम कर रहे हैं। वह एक मल्टीमीडिया जर्नलिस्ट हैं और पिछले 23 सालों से नॉर्थ-ईस्ट इंडिया के आठ राज्यों से रिपोर्टिंग कर रहे हैं ।तिनसुकिया जिले के दुमदुमा में जन्मे और पले-बढ़े, उन्होंने डॉन बॉस्को स्कूल दुमदुमा में पढ़ाई की, बाद में उन्होंने गुवाहाटी के आर्य विद्यापीठ कॉलेज में हायर सेकेंडरी की पढ़ाई की। उसी संस्थान से उन्होंने पॉलिटिकल साइंस में ग्रेजुएशन किया। उन्होंने नई दिल्ली के भारतीय विद्या भवन से जर्नलिज्म में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा पूरा किया और बाद में गुवाहाटी के इंस्टीट्यूट ऑफ डिस्टेंस एंड ओपन लर्निंग (IDOL) से मास कम्युनिकेशन और जर्नलिज्म में पोस्ट ग्रेजुएशन किया। विकास सिंह अखिल असम छात्र संस्था (आसू) के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह के छोटे बेटे हैं ।उन्होंने असम ट्रिब्यून में फ्रीलांसर और सिटी कॉरेस्पोंडेंट के तौर पर काम किया, उन्होंने टाइम्स ऑफ इंडिया के साथ भी काम किया और स्पोर्ट्स स्टार, सहारा टाइम्स और स्टार न्यूज के लिए फ्रीलांसिंग की ।2005 से वह द इकोनॉमिक टाइम्स से जुड़े हुए हैं और उन्होंने इस क्षेत्र को आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक रूप से बदलते देखा है। उन्हें राजनीतिक रिपोर्टिंग में महारत हासिल है, इसके अलावा वह क्षेत्र के आर्थिक और विकास के मुद्दों को भी कवर करते हैं।

उन्होंने 2019 के बिहार लोकसभा चुनाव सहित कई चुनावों को बड़े पैमाने पर कवर किया है। उन्हें कॉन्फ्लिक्ट रिपोर्टिंग में विशेषज्ञता हासिल है और 3 मई, 2023 को मणिपुर में हुई जातीय हिंसा को उन्होंने ग्राउंड जीरो से बड़े पैमाने पर कवर किया था ।सिंह फर्स्ट-हैंड जानकारी पाने के लिए पूरे क्षेत्र में यात्रा करते हैं और उनकी रिपोर्ट्स को कई रिसर्च पेपर्स और विकिपीडिया रेफरेंस में कोट किया जाता है। कई बार उन्होंने असम इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, गुवाहाटी, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी गुवाहाटी में कई उभरते विषयों पर लेक्चर दिए हैं। हाल ही में उन्होंने शिलांग के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में एक पैनल डिस्कशन में हिस्सा लिया। वह कई बार दूरदर्शन और सामाजिक कार्यक्रम में आर्थिक और अन्य व्यापार और इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित बहसों में हिस्सा ले चुके हैं।

# वो 5 भारतीय फूड्स जिनकी विदेशों में भी है खूब डिमांड

**यहां आपको कई तरह के फूड मिलते हैं, जो अपने अनोखे स्वाद के लिए जाने जाते हैं. चलिए आज इस आर्टिकल में आपको भारत के ऐसे 5 फूड बताते हैं जिनकी डिमांड विदेशों में भी बढ़ रही है. भारत में आपको खाने के कई ऑप्शन मिल जाएंगे. भारत के हर कोने में आपके अलग-अलग स्वाद मिल जाएगा. गुजरात का ढोकला, हैदराबाद की बिरयानी से लेकर बिहार के लिट्टी-चोखे तकज्हर राज्य का अपना जायका है.**





भारत में खाने के भी खूब शौकीन है. यहां चटपटा, मसालेदार और लजीज खाना खूब पसंद किया जाता है. समोसे लेकर जलेबी और बिरयानी का स्वाद हर किसी जुबान पर चढ़ा रहता है. भारत के कुछ फूड तो ऐसे हैं जिन्होंने विदेशों में भी अपनी पहचान बना ली हैं. चलिए जानते हैं ऐसे ही 5 भारतीय फूड्स के बारे में जिनकी विदेशों में भी खूब डिमांड है.

### बटर चिकन की है खूब डिमांड

बटर चिकन भारत में खूब पसंद किया जाता है. लेकिन सिर्फ भारतीय ही नहीं बल्कि विदेशों में भी इसकी खूब डिमांड है. ये एक नॉर्थ इंडियन डिश है, जो क्रीमी और बटरी फ्लेवर की लिए जानी जाती है. इंग्लैंड और अमेरिका जैसे देशों में बटर चिकन काफी पसंद किया जाता है.

### बिरयानी के भी है लोग दिवाने

लंबे-लंबे और खुशबूदार चावलों से बनी बिरयानी का स्वाद हर किसी को दीवाना बना देता है. भारत में हैदराबादी और मुरादाबादी बिरयानी बड़े शौक से खाई जाती है. वहीं, गल्फ देशों और यूरोप में भी बिरयानी के काफी शौकीन लोग हैं.





### समोसा भी है लिस्ट में शामिल

समोसा भारतीय को फेवरेट स्ट्रीट फूड है. हर गली में आपको समोसा बिकता मिल जाएगा. शाम के नाश्ते में इसका स्वाद और बढ़ कर आता है. आलू, मटर और खड़े मसालों से भरा समोसा बेहद स्वादिष्ट लगता है. भारत के आलावा कनाडा, यूके और अमेरिका में भी समोसे की डिमांड अब बढ़ रही है.

### मसाला चाय के शौकीन

भारत में तो चाय के बिना दिन ही अधूरा लगता है. कुछ लोगों की सुबह की शुरुआत ही चाय के साथ होती है. भारत में आपको कई तरह की चाय मिल जाएगी, जिसमें सबसे पॉपुलर है मसाला चाय. लेकिन सिर्फ भारत ही नहीं बल्कि कई देशों में मसाला चाय को पसंद किया जा रहा है. इसे चाय लाटे के नाम से जाना जा रहा है.

### दाल और नान की भी बढ़ रही डिमांड

विदेशों में इंडियन रेस्टोरेंट्स में लोग दाल तड़का और गरमा-गरम नान को जरूर ऑर्डर करते हैं. ये कॉम्बो इंडियन कंफर्ट फूड की तरह ग्लोबल फेवरेट बन चुका है.

# नकली पनीर खाने से शरीर में क्या होता है? ऐसे करें पहचान

**पनीर को सिर्फ वेजिटेरियन ही नहीं बल्कि नॉन वेज खाने वाले भी खूब पसंद करते हैं. पनीर से बनी डिशेज भी काफी स्वादिष्ट लगती हैं. चाहे फिर पनीर भुर्जी हो , शाही पनीर है या फिर चिल्ली पनीर. स्वाद होने के साथ ही इसमें प्रोटीन की भी काफी अच्छी मात्रा पाई जाती है. मसल गेन करने वाले प्रोटीन इनटेक पूरा करने के लिए पनीर का सेवन करते हैं. प्रोटीन के अलावा पनीर कैल्शियम, गुड फैट और विटामिन का भी अच्छा सोर्स है. शादी-पार्टी से लेकर आम दिनों में भी पनीर का खूब खाया जाता है.**

लेकिन आज कल मार्केट में नकली पनीर भी आने लगा है. इस पनीर को बनाने में स्टार्च और कई तरह के केमिकल का इस्तेमाल किया जाता है. ऐसे में सवाल ये बनता है कि अगर नकली पनीर खा लिया जाए तो इससे शरीर पर क्या असर पड़ता है. चलिए इस आर्टिकल में एक्सपर्ट से जानते हैं नकली पनीर सेहत को क्या नुकसान पहुंचा है और हम कैसे असली नकली पनीर की पहचान कर सकते हैं.

### कैसे बनता है नकली पनीर?

नकली पनीर तैयार करने के लिए बेकिंग सोडा, पाम ऑयल, मैदा और डिटर्जेंट जैसी चीजों का इस्तेमाल किया जाता है. वहीं कुछ मिलावट खोर तो पनीर बनाने के लिए कोलतार डाई, यूरिया और सल्फ्यूरिक एसिड तक जैसे खतरनाक केमिकल का इस्तेमाल करते हैं, जो शरीर को नुकसान पहुंचा सकती हैं. इसको लेकर हमने सीनियर डाइटिशियन फरेहा शानेम से बातचीत की. उन्होंने नकली पनीर का सेवन करने के बाद होने वाले नुकसान के बारे में विस्तार से बताया है.

### नकली पनीर खाने से शरीर में क्या होता है?

दिल्ली के गंगाराम हॉस्पिटल की सीनियर डाइटिशियन फारेहा शानेम बताती हैं कि, नकली पनीर खाने से शरीर को क्या नुकसान पहुंचाता है डिपेंड करता है कि पनीर में किस चीज की मिलावट की गई है. अगर पनीर में हार्मफुल केमिकल मिलाए गए हैं तो सबसे पहले इसका असर हमारे डाइजेशन पर पड़ता है. इससे पेट खराब हो सकता है, डायरिया होना, उल्टी होना और ब्लोटिंग जैसी समस्याएं हो सकती हैं. इसके अलावा फूड प्वाइजनिंग होने का भी खतरा रहता है.





अगर पनीर में स्टार्च या डिटर्जेंट की मिलावट की गई है, तो स्किन एलर्जी जैसी समस्याएं हो सकती हैं. स्टार्च होने की वजह से वेट गेन, डायबिटीज और हार्ट हेल्थ को नुकसान पहुंच सकता है. वहीं, डिटर्जेंट का यूज हमारे ऑर्गन जैसे किडनी, लीवर को खराब कर सकता है. यूरिया या कार्सिक सोडा जैसे केमिकल वाला पनीर खा लेते हैं तो कैंसर तक होने का खतरा बढ़ जाता है.

हालांकि, अगर आपने नकली पनीर 1-2 ही खाया है तो ये शरीर को नुकसान नहीं पहुंचाएगा. लेकिन अगर लंबे समय तक पनीर का सेवन किया जाए तो शरीर को नुकसान पहुंच सकता है.

### कैसे करें नकली पनीर की पहचान?

नकली पनीर की पहचान करना भी आसान है. आप कुछ तरीकों से घर पर ही इसकी पहचान कर सकते हैं. चलिए बताते हैं नकली पनीर को पहचाने के तरीके-

**फ्लेम टेस्ट-** एक पनीर का टुकड़ा लें और उसे गैस की धीमी आंच पर रख दें. अगर पनीर जलते समय केरोसिन या प्लास्टिक जैसी गंध छोड़ रहा है तो ये नकली है. इस पनीर में डिटर्जेंट या साबुन की मिलावट की गई है.

**टेक्सचर टेस्ट-** अपने हाथ में पनीर का टुकड़ा लें और इसे हल्के से दबाएं. अगर पनी बहुत ज्यादा हार्ड या रबड़ जैसा फील हो रहा है तो ये नकली पनीर हो सकता है. क्योंकि असली पनीर सॉफ्ट होता है.

**चख कर देखें-** पनीर को टेस्ट करके भी आप असली और नकली की पहचान कर सकते हैं. खाने में अगर पनीर का स्वाद खट्टा, ज्यादा चबाने वाला या फिर साबुन जैसा लगे तो इसमें मिलावट हो सकती है.

**वाटर इमर्शन टेस्ट-** अगर पनीर में स्टार्च या सिंथेटिक की मिलावट की गई है तो इसकी पहचान आप वाटर इमर्शन टेस्ट करके कर सकते हैं. एक गिलास में गर्म पानी लें और उसमें पनीर का टुकड़ा डालें. अगर पनीर पानी में घुल जाता है या सफेद झाग निकलता है समझ जाएं की पनीर नकली है.